■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 338
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
13 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1962:** सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।
**1978:** देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त।
**1998:** विश्व भर की आलोचना और दबाव की परवाह न करते हुए भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए।
**2001:** भारतीय साहित्य जगत के सबसे बड़े नामों में से एक आर के नारायण का निधन।

**लोगों को हमेशा छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढना चाहिए।**

### पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को किया संबोधित

# मां-बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को हमने मिटा दिया : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार रात देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों व बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात से 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट



होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### 15 मई को बिहार आएंगे राहुल गांधी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 15 मई को बिहार पहुंच रहे हैं। बिहार में पटना और दरभंगा दोनों जगहों पर उनका अलग-अलग कार्यक्रम तय किया गया है। राहुल गांधी पटना में इबीसी समाज के विचारक ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' देखेंगे। पटना के कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी दरभंगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वो जनता से सीधे संवाद करेंगे। इस जनसभा के जरिए राहुल गांधी राज्य की आम जनता से सीधे संवाद करेंगे और कांग्रेस पार्टी की मुद्दों और विजन को साझा करेंगे।

### शहीद इम्तियाज के परिजनों से मिलेंगे सीएम नीतीश कुमार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मंगलवार को छपरा जायेंगे। वह वहां ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मो इम्तियाज के परिजनों से मिलेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार की तरफ से 21लाख रुपया परिजनों को देंगे। बता दें कि मो. इम्तियाज छपरा जिले के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। इम्तियाज जम्मू-कश्मीर के आर.एस. पुरा सेक्टर में तैनात थे। 10 मई को पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में दुश्मन की गोली उनको लग गई, जिसमें वे शहीद हो गए। इम्तियाज के शहीद होने की खबर जैसे ही नारायणपुर गांव पहुंची, गांव में मातम पसर गया।

### ऑटो के पलट जाने से महिला की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** चेनारी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर खुरमाबाद के पास एक अनियंत्रित ऑटो के पलटने से उसपर सवार एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के पियां गांव निवासी प्रयागराज की पत्नी आरती कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** बरहट थाना क्षेत्र के मलयपुर-लक्ष्मीपुर मुख्य सड़क पर बिशनपुर माणुसघट्टा पुल के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 18 साल के सौरभ कुमार और 15 साल के उनके चचेरे भाई आयुष उर्फ गोलू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बिजली तार की चपेट में आने से दो बारातियों की मौत

**बांका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जयपुर थाना अंतर्गत बारेकोल गांव के पास सोमवार सुबह हाइटेंशन तार की चपेट में आने से बस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनभर बाराती झुलस गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बारातियों से भरी बस शादी समारोह से लौट रही थी। बस की छत पर भी कुछ लोग बैठे थे। रास्ते में ये लोग बिजली के हाइटेंशन तार की चपेट में आ गए। इस हादसे में दो लोगों की झुलसकर मौत हो गई।

### बिहार में लू के हालात, कई जिलों में यलो अलर्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे में बढ़ते गर्मी को देखकर लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बढ़ते गर्मी की वजह गर्म पछुआ हवा का बहना है जिस वजह से दिन और रात गर्म रह रहा है। सामान्य से अधिक तापमान होने के कारण बिहार के कई जिलों में लू के हालात बने हुए हैं। इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले 24 घंटों के दौरान पटना सहित आठ जिलों भागलपुर, बांका, गोपालगंज, शेखपुरा, पूर्वी व पश्चिम चंपारण एवं छपरा जिले में लू को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने 8716 करोड़ की 6938 ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शुभारंभ

# ग्रामीण पथों की मरम्मति व रखरखाव जरूरी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत 8,716 करोड़ रुपये की लागत से 6,938 पथों (लंबाई 12,105 किलोमीटर) का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन से ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण को और गति मिलेगी। ग्रामीण पथों की मरम्मति एवं रखरखाव जरूरी है। जिन ग्रामीण पथों की मरम्मति की आवश्यकता है, उसे बरसात के पूर्व ठीक करायें। हमलोगों का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को हमेशा एक मजबूत, सुरक्षित और आरामदायक सड़क की सुविधा सतत् मिलती रहे। ग्रामीण पथों के निर्माण से न केवल गांवों और शहरों के बीच




की दूरी घट रही है बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना को नया आयाम और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार ग्रामीण पथों का चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ करायें। नये ग्रामीण पथों के निर्माण होने से राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से भविष्य में मात्र 4 घंटे में राजधानी पटना तक की सुगम और निर्बाध यात्रा पूरा करने के सरकार के लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग की उपलब्धियों पर एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख भगवत राम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कांके रोड में बनेगा झारखंड के मुख्यमंत्री का नया आवास, हेमंत ने रखी आधारशिला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड में नया मुख्यमंत्री आवास बनाया जाएगा। इसके लिए आज सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धर्मपत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नए मुख्यमंत्री आवास निर्माण की आधारशिला रखी।

## 10 लाख का इनामी खालिस्तानी आतंकवादी काश्मीर गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** मोतिहारी पुलिस और एनआइए की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 10 लाख के इनामी खालिस्तानी आतंकवादी काश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र से हुई है। काश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ बलबीर सिंह लुधियाना का मूल निवासी है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 121, 121-ए और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत मामला दर्ज है। आतंकी से एनआइए, आरएडब्ल्यू और आइबी की टीम पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक बलबीर सिंह के पास से 6 से ज्यादा बैंक अकाउंट एवं करोड़ों की फंडिंग के सबूत भी मिले हैं। अमेरिका में भी निवेश की बात सामने आ रही है।

### बेकाबू यात्री बस ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर

# दंपति समेत चार की मौत

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के काराकाट थाना अंतर्गत इटवां गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बड़हरी थाना क्षेत्र के लडुई निवासी रमेश साह 36 वर्ष, उनकी पत्नी तेतरी देवी उर्फ कंचन देवी 32 वर्ष, उनकी आठ वर्षीय पुत्री आराधना कुमारी और छह वर्षीय पुत्र आर्यन शामिल हैं। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सभी शवों के साथ सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार और थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने उन्हें समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी। ग्रामीणों के अनुसार रमेश साह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से अपने ससुराल करूप आ रहे थे। इस बीच डिहरी से बिक्रमगंज की ओर जा रही अनियंत्रित यात्री बस ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। इस घटना में पति, पत्नी और बच्ची आराधना की मौके पर मौत हो गई जबकि आर्यन की सांसें चल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल आर्यन को बेहतर इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित निजी क्लीनिक ले गई। पति-पत्नी और बच्ची को सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस बीच इलाज के दौरान आर्यन ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर आए और करूप बाजार पर चारों शवों को रख राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। कुछ पल बाद ही जामस्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम लगाने वाले लोगों का कहना था कि सड़क के एक लेन पर पूरी तरह भारी वाहनों का कब्जा रहता है। लोग शवों के साथ वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग पर डटे हुए थे। मौके पर स्थानीय पुलिस के अलावे नासरीगंज और कछवां थाने की पुलिस भी मौजूद है।

# भाजपा प्रदेश कमिटी का पुनर्गठन शीघ्र : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा प्रदेश कमिटी का पुनर्गठन 10 दिनों के भीतर किया जाएगा। इसमें नए चेहरों को जगह दी जाएगी। प्रदेश के सभी पदाधिकारी और प्रवक्ताओं का तबादला किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 10 दिनों के अंदर नई प्रदेश कमिटी का गठन कर दिया जाएगा। पुरानी कमिटी के सदस्य अभी भी सक्रिय हैं। पार्टी सभी कर्मयोगी नेताओं को अवसर देती है। कोई भी नेता अध्यक्ष से अलग नहीं है। सभी को पार्टी में काम करने का समान मौका मिलेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आगामी बिहार दौरे को लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी का टायर पंचर हो चुका है। अब उनकी जवानी भी ढलने लगी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के दिमाग में सिर्फ राम नाम जपना और पराया माल अपना है।




# धीमी गति से चल रही परियोजनाओं के कार्यान्वयन में लाएं तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकार ने भूमि अधिग्रहण के कारण धीमी गति से चल रही परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। राज्य के भू अर्जन निदेशक कमलेश कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को कहा है कि वे इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। विभाग में पिछले दिनों हुई समीक्षा बैठक का जिक्र करते हुए जिलों को कहा गया है कि मुआवजे के भुगतान में तेजी लाएं। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि केंद्र और राज्य सरकार की कई सड़क परियोजनाएं मुआवजा में देरी या इससे जुड़े विवाद के कारण अटकी हुई हैं। समीक्षा बैठक में बताया गया कि मुंगेर के खरिया गांव से गुजरने वाली सड़क के रास्ते में बाधित संरचना को हटा दिया गया है। लेकिन, मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। मोहम्मदनगर एवं रामनगर में भी भू अर्जन को लेकर कुछ समस्या है। एनएच 119 डी के लिए गया जिले के पांच गांवों में जमीन का



अधिग्रहण तो किया गया है, लेकिन उसका स्वामित्व अधियाची विभाग को नहीं सौंपा गया है। एनएच 327 डी के निर्माण में किशनगंज जिले के कुछ हिस्से में बाधा है। विवाद अधिग्रहीत जमीन पर मौजूद संरचनाओं को लेकर है। इसी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में सीतामढ़ी जिले के छह गांवों में परेशानी है। रैयत अधिक दर की मांग कर रहे हैं। एनएच 319 ए के निर्माण में कैमूर जिले की महज छह सौ मीटर बाधक है। इसके लिए वहां काम रूका हुआ है। इस जमीन का अधिग्रहण हुआ। अधियाची विभाग को इस पर दखल कब्जा नहीं दिया गया। एनएच 105 के रास्ते में भी भूमि अधिग्रहण की बाधा है। दरभंगा जिला में 31.32 करोड़ में से केवल 2.70 करोड़ का भुगतान किया गया। मुआवजे की राशि कम बता कर रैयत इसे ले नहीं रहे हैं। रैयत विरोध कर रहे हैं। इसे देखते हुए शिविर लगाकर मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया गया है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री को बौद्ध भंते द्वारा बुद्ध स्मृति पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा, बोधगया के बोधिवृक्ष, आनंद बोधि वृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापुरम से लाये गए बोधि वृक्ष की पूजा अर्चना करायी गई। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थि अवशेषों की पूजा अर्चना की, परिक्रमा की ओर ध्यान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की तथा राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन चैन की कामना की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विपश्यना केंद्र जाकर वहां की सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ध्यान भी किया। विपश्यना केंद्र के संचालकों ने विपश्यना केंद्र के निर्माण एवं वहां उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, सांसद संजय कुमार झा, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, पटना की महापौर सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिवदीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरबड़े, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष परासर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बौद्ध भंते एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित आवास पहुंचकर बौद्ध शिला तथा बोधिवृक्ष की पूजा अर्चना की तथा राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन चैन की कामना की।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया बिहार विस चुनाव उम्मीदवार चयन हेतु स्कैन कोड का पोस्टर

# पारदर्शी तरीके से प्रत्याशी चयन प्रक्रिया अपनाएगी कांग्रेस : राजेश राम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के लिए डिजिटल फॉर्म का स्कैन कोड पोस्टर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जारी किया।

पोस्टर जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिए क्राइटेरिया बनाया गया है और इस स्कैन कोड के माध्यम से डिजिटल फॉर्म भरने की व्यवस्था की गई है। सभी प्रत्याशियों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी किए गए विभिन्न कार्यक्रमों एवं जानकारियों को इस फॉर्म में दर्ज करना है। इस तरीके से आए आवेदन की स्क्रूटनी होगी और फिर इसके आधार पर प्रत्याशियों का चयन प्रक्रिया अपनाया जाएगा। साथ ही निम्नांकित प्रमुख बिंदुओं की आवश्यकता इस डिजिटल फॉर्म को भरने के लिए जरूरी है जिसमें सर्वप्रथम आपको कार्यों की साप्ताहिक अपडेटेड रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यालय व वार-रुम को नियमित रूप से भेजना होगा। साथ ही बूथ कमेटी की अपडेटेड लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय व वॉर रूम में जमा करना है और प्रत्येक पंचायत/वार्ड में 10 महिलाओं की शक्ति समिति की लिस्ट बनाकर भेजनी है। अंतिम अर्हता के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा जो भी प्रोग्राम दिया जाए समय पर पूर्ण कर रिपोर्ट भेजने के साथ फेसबुक पर 25 हजार, इन्स्टाग्राम पर 15 हजार फॉलोअर की संख्या सुनिश्चित करते हुए पंचायत-वार व्हॉट्सएप ग्रुप बनाना भी अनिवार्य है। इस प्रक्रिया से युवा से लेकर प्रत्येक संभावित प्रत्याशियों को अपने दम पर टिकट वितरण में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने में लाभ होगा। संवाददाता सम्मेलन में बिहार विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि पार्टी ने पारदर्शी तरीके से उम्मीदवार चयन और सबको बराबर हिस्सेदारी देने के लिए ऑनलाइन आवेदन की यह प्रक्रिया संचालित कर रही है। संवाददाता सम्मेलन एवं आवेदन स्कैन कोड का पोस्टर जारी करने के कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, विवेक भटनागर, ब्रजेश पांडेय, शकीउर रहमान, सौरभ सिंहा, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, निसार अहमद, साधना रजक सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड के अंतर्गत बासापिपरा पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन और 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की आधारशिला रखी। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार में बिहार में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले इस इलाके की स्थिति बेहद खराब थी। विद्यालय का भवन जर्जर होते थे। सड़कों पर पैदल चलने में परेशानी होती थी। बिजली का नामोनिशान नहीं था। स्वास्थ्य सेवा के लिए शहर जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में स्थिति बदल गई है। हर गांव में विद्यालय का भवन चमक रहा है। गांव में बिजली है। हर घर में पंखा और एसी है। सड़क बहुत अच्छा बन गया है। अब हर जगह अस्पताल की व्यवस्था हो रही है जहां चिकित्सक, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी और अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाई की व्यवस्था कर दी गई है जिससे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी स्वास्थ्य की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल रहा है।

# पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद मो. इम्तियाज को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान गोलीबारी में शहीद हुए बिहार के लाल मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचा। मो. इम्तियाज बीएसएफ के सब इंस्पेक्ट थे। वहीं पाकिस्तान के द्वारा एलओसी में लगातार किए गए गोलीबारी में शहीद हो गए। शहीद का पार्थिव शरीर को इंडिगो की विमान से पटना लाया गया जिसके बाद शहीद जवान के लिए पटना एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव के अलावे सत्ता पक्ष की ओर से मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री नितिन नवीन भी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। सभी ने शहीद को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वीर शहीद अमर रहे के नारे से पटना एयरपोर्ट गूंज उठा जिसके बाद शव को उनके पैतृक आवास पर ले जाया गया। वहीं शहीद के बेटे के बयान ने सभी को रुला दिया। शहीद के बेटे ने कहा कि वो चाहते हैं कि पाकिस्तान को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि फिर बॉर्डर पर किसी के पिता शहीद न हों। उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए ताकि अगली बार किसी बेटे के बाप के साथ ऐसा न हो। उन्होंने कहा कि जम्मू में सम्मान समारोह खत्म होने के बाद वे दिल्ली आए जिसके बाद आज वे पटना आए। शहीद के बेटे ने आंखों में आंसू लेकर कहा कि मुझे अपने पिता पर गर्व है। उनकी शहादत ने यह साबित किया है कि हमारी सीमाओं पर तैनात जवान अपनी जान की बाजी लगाकर देश की सुरक्षा करते हैं। शहीद इम्तियाज की बहादुरी और उनके बलिदान को देश हमेशा याद करेगा और उनका नाम हमेशा सम्मान के साथ लिया जाएगा। बता दें कि मोहम्मद इम्तियाज बिहार के छपरा जिले के नारायणपुर गांव के निवासी थे। 10 मई को पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर मातृभूमि की रक्षा की। वे अग्रिम चौकी पर तैनात थे और पूरी बहादुरी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हो गए। जैसे ही नारायणपुर गांव में इस हृदयविदारक समाचार ने दस्तक दी, पूरे गांव में मातम छा गया। हर आंख नम थी, लेकिन साथ ही इस बात का गर्व भी था कि उनके गांव के एक बेटे ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

# पाकिस्तान को अपनी औकात में रहना चाहिए : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा और पाकिस्तान को अपनी औकात में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है और देश की जनता को उस पर पूरा विश्वास है जो भी निर्णय सेना लेती है, हम सबको उस पर भरोसा होता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारी सेना ने हर बार अपने कर्तव्य को बखूबी निभाया है। वहीं बख्तियारपुर फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर किसी की जान बच सकती है तो हमें जरूर मदद करनी चाहिए। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें होती हैं, इसलिए मानवता के आधार पर आगे आकर मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें लगा कि अब समय हो गया है तो उन्होंने सही निर्णय लिया।

# विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका अहम : केंद्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा, पटना में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप निदेशक, जिला युवा पदाधिकारी एवं 'माय भारत' के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और समन्वय को लेकर अधिकारियों और स्वयंसेवकों के बीच संवाद स्थापित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय 'माय भारत वालंटियर कार्यक्रम' जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विशेष अतिथि नितेश कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने भी युवाओं को प्रेरित किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। श्रीमती खडसे ने कहा कि खेल भी विकसित भारत के निर्माण में एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने बताया कि बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवा 'माय भारत पोर्टल' से जुड़कर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मिशनों के दौरान सिविल सोसाइटी में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में पोर्टल से जुड़ें और विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बनें। बैठक में युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए और अधिकारियों से संवाद स्थापित कर दिशा-निर्देश प्राप्त किए। कार्यक्रम का आयोजन कांफ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा, पटना में किया गया।

# पद्मभूषण सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे कई स्मृति कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पुनर्निर्माण के नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता और पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि पर राजधानी पटना में कई स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उनके योगदान और स्मृति को समर्पित इन आयोजनों में राज्य के शीर्ष नेता और आमजन भाग लेंगे। पहला कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित स्मरणांजलि सभा है, जो 13 मई को दोपहर 12 बजे पटना के रवीन्द्र भवन में आयोजित होगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, शुभचिंतक और उनके सहयोगी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पुण्यतिथि के दिन का दूसरा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क का उद्घाटन। यह पार्क पटना के राजेंद्र नगर रोड नं 8 (रानी पार्क) में विकसित किया गया है। इसका उद्घाटन दोपहर 3:30 बजे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा द्वारा किया जायेगा । कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन की देखरेख में किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल सुशील कुमार मोदी के राजनीतिक योगदान को स्मरण किया जाएगा, बल्कि उनके सामाजिक सरोकारों और बिहार के विकास में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया जाएगा।

# गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए विशेष इ-श्रम पंजीकरण शिविर से आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म आधारित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक पूरे राज्य में विशेष ई-श्रम पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राज्य सरकार के श्रम संसाधन विभाग की देखरेख में प्रत्येक जिले के श्रम अधीक्षक कार्यालय में संचालित हो रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य जोमैटो, स्विगी, पिज्जा हट, डोमिनोज, ओला, उबर, रैपिडो, ब्लू डार्ट, डीटीडीसी, अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, बिगबास्केट आदि जैसे प्रतिष्ठानों में कार्यरत गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित करना है। पंजीकरण के उपरांत श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा। सरकार की ओर से बताया गया है कि 16 से 59 वर्ष आयु वर्ग के सभी गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिक इन शिविरों में भाग लेकर अपना निबंधन करा सकते हैं। पंजीकरण के समय श्रमिकों को आधार कार्ड (जो मोबाइल से लिंक हो), पैन कार्ड और आवश्यक अन्य दस्तावेज अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। श्रम संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपील की है कि सभी पात्र श्रमिक समय पर शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराएं और सरकार की इस महत्त्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त करें। साथ ही यह भी बताया गया है कि ई-श्रम मोबाइल एप के माध्यम से भी स्व-पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। यह पहल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखी जा रही है।

# प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मुजफ्फरपुर में : डॉ अनिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से. के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री वर्तमान टेकारी विधायक डॉ अनिल कुमार जी ने प्रेस कांफ्रेंस कर 14 मई 2025 को होने वाली प्रदेश कार्यकारणी की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी के मजबूती को मजबूत और धारदार बनाने के लिए प्रदेश कार्यकारणी की बैठक बुलाई गई है। हमारी पार्टी तीस जिलों में पंचायत स्तर तक की कमिटी बन कर तैयार हो चुकी है। इसको बूथ स्तर तक पूरी कमिटी बीस दिनों के अंदर कैसे तैयार हो इस पर भी गहराई से इस बैठक में विचार किया जाएगा। पंचायत अध्यक्ष तक हमारे पार्टी में सक्रिय सदस्य ही बनाए गए है। एडीए द्वारा चलाए गए सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन में हमारी पार्टी का अहम योगदान था। पुनः NDA द्वारा चलाए जाने वाले प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भी हमारी पार्टी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी। पार्टी द्वारा पूरे बिहार से पांच हजार सक्रिय सदस्य को चयन कर के उन्हें पटना के किसी बड़े हॉल में प्रशिक्षित किया जाएगा जिसे आगामी आने वाले विधान सभा चुनाव में उन्हें पार्टी अपनी पूरी ताकत दिखा सके। इससे पहले पार्टी द्वारा सभी सभी जिलों में प्रभारी के द्वारा प्रत्येक जिला में एक समीक्षा बैठक किया गया जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सहित हम स्वयं, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन और पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी भी शिरकत किए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था।

# बच्चों के सूफी संगीत और लाइव बैंड की प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल

### महान संगीतकार आर डी बर्मन को समर्पित रही 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा आयोजित दो दिवसीय तानसेन 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल-2025 का समापन स्थानीय मौलाना मजहरुल हक ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार व एमडी वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के बच्चों द्वारा लाइव बैंड से की गई जिसे देख दर्शकों की तालियां बजती रही। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं सूफी संगीत और डांस की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आगत अतिथियों ने तानसेन स्कूल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के बच्चों काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय फेस्ट में तानसेन नाइट ऑफ द ईयर - 2024-25 दिपांश्य मिश्रा (पाटलिपुत्र ब्रांच), अन्वी जायसवाल (कंकरबाग ब्रांच), रुद्राक्ष (गोला रोड ब्रांच), रनर अप तानसेनाईट ऑफ द ईयर - 2024-25 साम्भवी सिंह (पाटलिपुत्र ब्रांच), अर्णव बर्नवाल (कंकरबाग ब्रांच), प्रज्ञा (गोला रोड ब्रांच) ने खिताब जीता है जबकि हेरिटेज ऑफ तानसेन का ख़िताब अवनि (पाटलिपुत्र ब्रांच), आव्या (कंकरबाग ब्रांच) ने जीता। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बेस्ट भरतनाट्यम ऑफ द ईयर, बेस्ट गिटारिस्ट ऑफ द ईयर, बेस्ट कत्थक डांसर ऑफ द ईयर, पर्सनालिटी ऑफ द ईयर, बेस्ट फाइन आर्ट्स, बेस्ट सिंगर, बेस्ट वेस्टर्न डांसर का भी अवार्ड बच्चों को दिया गया है। कार्यक्रम में 500 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

# बोधगया में मनाई गई भगवान बुद्ध की 2569वीं जयंती

### राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल बोधगया में भगवान बुद्ध की 2569वीं बुद्ध जयंती मनाई गई, जहां कार्यक्रम में देश-विदेश के हजारों बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान 80 फीट स्थित विशाल बुद्ध मूर्ति से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें विश्व के कई देशों के हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा विभिन्न सड़क मार्ग से होकर विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर तक पहुंची जिसके बाद श्रद्धालुओं ने महाबोधि मंदिर के प्रांगण में पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे जहां बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध के दर्शन भी किये और बोधिवृक्ष की छांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सभी धर्मों का देश है। मैं स्वयं मुस्लिम समाज से जाता हूं लेकिन मंदिर, चर्च यहां तक की हर धरोहर के कार्यक्रम में शामिल होता हूं। धर्म कोई मायने नहीं रखता। भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त कर पूरी दुनिया को मध्यम मार्ग का रास्ता बताया था। यानी खुद को उन्होंने इतना शक्तिशाली कर लिया था कि आत्मा परमात्मा में तब्दील हो गई। प्रत्येक व्यक्ति को भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, तभी विश्व में शांति आ सकती है। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव महाश्वेता महारथी, सदस्य अरविंद कुमार सिंह, एसएसपी आनंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत भगवान हनुमान स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में हनुमान जी की गुणों से प्रेरणा लेने तथा रामभक्त हनुमान बनने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया। शिविर का उद्घाटन डॉ. धर्मेन्द्रप्रति त्रिपाठी संयुक्त निर्देशक, पेंशन विभाग उत्तरप्रदेश ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा हनुमान जी अमर हैं और कलियुग में भी धरती पर विचरण करते हैं। वे अपने भक्तों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। मुख्य अतिथि रागिनी बर्मा सह आचार्य गंगादेवी महिला महाविद्यालय ने संस्कृत भाषा पर महत्व देते हुए हनुमान जी के पराक्रम तथा प्रभु के प्रति प्रेम तथा त्याग के विषय में बताते हुए कही कि हमें भी अपने जीवन में हनुमान के तरह पराक्रम निष्ठावान तथा आत्मत्यागी होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उग्रनारायण झा, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ राजेश कुमार मिश्रा, मनीष कुमार, सुजाता घोष, ज्ञानी शारदे आदि ने हनुमान पर प्रकाश डाला एवं संस्कृत संभाषण शिविर पर आने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीषा कुमारी, अनामिका कुमारी, नीरा कुमारी, प्रभा कुमारी, मुकेश कुमार, गौतम विकाश, मनोहर शुक्ल, विमलेश कुमार, मुरलीधर शुक्ल आदि पंचास से अधिक संस्कृत प्रेमी जुड़े रहे। स्वागत भाषण तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आधुनिक भव संस्कृत भव अभियान ने किए।

# 'टीचर्स ऑफ बिहार' राज्य के नवाचारी शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उत्कृष्ट मंच

## एनसीइआरटी, एससीइआरटी एवं यूनिसेफ जैसी संस्था कर चुकी है मंच की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में विगत छः वर्षों से 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' कार्य कर रही है। इस मंच के द्वारा किए जा रहे बेहतरीन कार्यों को देखकर अब तक लाखों शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालय में किए जा रहे नवाचार, गतिविधि या अन्य शैक्षणिक क्रियाकलाप से संबंधित पोस्ट इस मंच के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं जिसे देखकर अन्य शिक्षक भी प्रेरित होते हैं एवं अपने-अपने विद्यालयों में लागू करते हैं। बता दें कि इस मंच की परिकल्पना ठीक छः वर्ष पूर्व 2019 में पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार ने कुछ अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर की थी। धीरे-धीरे इस मंच के बेहतरीन कार्यों को देखकर शिक्षक जुड़ते गए और आज यह मंच एक सफल कार्ययोजना के साथ बिहार ही नहीं देश के शिक्षा जगत में एक अलग ही पहचान स्थापित कर चुका है। टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा अभिनव मंच है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक बेहतरी के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगातार छः सालों से निःस्वार्थ भाव से काम कर रही है। इस मंच के साथ बिहार के एक से बढ़कर एक सरकारी विद्यालय के शिक्षक जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। टेक्निकल टीम लीडर इ. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बताया कि इस मंच द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों के लिए कई उपयोगी ई-पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती है जिसमें दैनिक ज्ञानकोश, चेतना, बालमंच, प्रज्ञानिका, बालमन, अभिमत, पद्यपंकज, गद्यगुंजन आदि प्रमुख हैं। हाल फिलहाल इस मंच द्वारा 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' लॉन्च किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी विद्यालयों का अपना वेबसाइट उपलब्ध कराना है। साथ ही एमडीएम कैलकुलेटर भी इस मंच के द्वारा बिहार के सभी विद्यालयों के लिए लॉन्च की गई है जिसके माध्यम से प्रधानाध्यापक को प्रतिदिन का लेखा-जोखा रखना आसान होगा। टीचर्स ऑफ बिहार के इन्हीं बेहतरीन कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद(एनसीईआरटी) ने तारीफ की है एवं ऐसे समूह देश के अन्य राज्यों में लागू करने की बात की है। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि टीचर्स ऑफ बिहार से मिलता जुलता कई मंच बिहार में काम कर रहा है लेकिन वैसे मंच शिक्षकों को सही मंच से जुड़ने के बजाय उन्हें कई तरह की बंदिशों में बांधकर गुमराह कर रहे हैं। शिक्षक स्वयं निर्णय लेते हुए ऐसे मंच का चयन करें जहां उनके कार्यों को पहचान मिलें तथा उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य किसी ऐसे मंच तक सिमट न रह जाए जहां कोई विकल्प न बचें। प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने राज्य के शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों के लिए, शिक्षकों द्वारा ही संचालित है। आईए,जुड़िए टीचर्स ऑफ बिहार के साथ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक बेहतरी के लिए किए जा रहे अपने कार्यों को दीजिए एक नई उड़ान।

# परिसीमन सुधार महारैली की तैयारी को लेकर रालोमो की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की रोहतास जिला इकाई द्वारा सोमवार को सासाराम के एक निजी होटल में प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित होने वाली 'संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार' महारैली की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कपिल कुमार ने की जबकि संचालन का दायित्व जिला प्रधान महासचिव प्रिंस कुमार ने निभाया। बैठक में रैली को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति और कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पार्टी के संसदीय बोर्ड अध्यक्ष आलोक सिंह, जिला कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र कुशवाहा, युवा प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राम परीक्षा सिंह, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र बैठा, बनारसी कुशवाहा, शंभू राम, व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवानंद राम, युवा प्रदेश महासचिव अनुज कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर पाल सहित जिले के सभी प्रखंडों व नगर अध्यक्षों ने भाग लिया। इसके अलावा अंजली कुशवाहा, देवंत सिंह, ठाकुर कुशवाहा, अनीता रजक, संजू कुशवाहा, विजय पटेल, रविंदर सिंह, चंद्रकांत कुशवाहा, वीर भगत कुशवाहा, डॉ प्रेम कुमार, विनय कुशवाहा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रालोमो की यह महारैली संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की पुनर्स्थापना तथा परिसीमन की विसंगतियों को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम होगी। युवा प्रदेश महासचिव सह जिला मीडिया प्रभारी विशाल सिंह ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और प्रत्येक प्रखंड स्तर पर तैयारी जोरों पर है।

## पत्नी की हत्या मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में चार दिनों पहले हुई महिला की हत्या मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर रविवार की देर रात आरोपित पति संतोष पाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि बीते दिनों शाहपुर गांव में एक महिला की लाठी, डंडा और ईंट से पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना को लेकर मृतका के भाई पिंटू पाल, निवासी जमानियां गायघाट उत्तर प्रदेश ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। उन्होंने बताया था कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो उनकी बहन मृत अवस्था में गजराड़ छावनी के पास पड़ी मिली थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात्रि पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर छापेमारी कर उसे उक्त गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# खड़ी ट्रैक्टर से टेंपो की टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर खुरमाबाद गांव के समीप सोमवार को एक खड़ी ट्रैक्टर में सासाराम की ओर से आ रही टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान विकास कुमार सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष, ग्राम-पिया, थाना-सोनहन, जिला-कैमूर निवासी के रूप में बताया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर चेनारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने विकास कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में मामा-भांजा घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के चेनारी कुदरा स्टेट हाइवे पर इंडिया गेट के समीप सोमवार को एक ट्रैक्टर और बाइक की भीषण टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हाट्टा निवासी रंजन कुमार यादव और उनके मामा जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है। दोनों व्यक्ति बाइक से यात्रा कर रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारतमाला परियोजना से संबंधित सुनवाई स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारतमाला परियोजना से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए 14 मई को कैमूर समाहरणालय में आयोजित होने वाली समीक्षा एवं भूअर्जन से संबंधित सुनवाई का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय, कैमूर द्वारा दी गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार आयुक्त सह मध्यस्थ (आर्बिट्रेटर), पटना प्रमंडल द्वारा निर्धारित यह सुनवाई अप्रत्याशित प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई है। नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी जिससे संबंधित पक्षों को यथासमय सूचित किया जाएगा। इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया जाता है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर पतंजलि आदर्श योग कक्षा डिहरी में यज्ञ-हवन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि आज बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर यज्ञ-हवन किया गया। यज्ञ-हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है। वायु मंडल में अनेकों प्रकार के रोग नाशक कीटाणुओं का नाश होता है। हर शुभ कार्य में यज्ञ -हवन किया जाता है। आज ही के दिन महात्मा बुद्ध ने 35 वर्ष की उम्र में पूर्णिमा के दिन 6 वर्ष तक गया (विहार) निरंजना नदी के तट पर पीपल के वृक्ष के नीचे तपस्या किया था। महात्मा बुद्ध जी ने अंतिम उपदेश कुशीनगर में अपने शिष्य सुभद्रा को दिया। बौद्ध धर्म की स्थापना गौतम बुद्ध ने की थी। प्रथम उपदेश सारनाथ में दिया जिसे धर्म चक्र प्रवर्तन कहा गया। उनकी मृत्यु की घटना को बौद्ध धर्म में महापरिनिर्वाण कहा गया। इस यज्ञ- हवन में कौशल कुमार सिंह, सरोज कुमार, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रभु नारायण शर्मा, ललन चौधरी, ददन राय, श्री भगवान प्रसाद, संजय कुमार, बबन सिंह, दिनेश कुमार, सत्येंद्र सिंह अजय कुमार, मुरारी, धनंजय, अनेकों भाइयों ने मिलकर यज्ञ- हवन किया।

## पत्रकार की भतीजी मधु परिणय-सूत्र में बंधीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन/धनबाद।** प्रख्यात पत्रकार राम जी रंजन की भतीजी मधु कुमारी का विवाह धनबाद निवासी अविनाश कुमार सुमन (सन्नी) के साथ हर्षोल्लास के बीच संपन्न हुआ। यह शुभ अवसर 10 मई 2025 को श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन, शास्त्री सदन, शास्त्री नगर (धनबाद) में आयोजित हुआ। वर पक्ष की ओर से अविनाश धनबाद के जोड़ा फाटक निवासी जितेंद्र कुमार के भतीजे हैं। विवाह समारोह में पत्रकारिता जगत, प्रशासनिक सेवा और समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य अतिथि शामिल हुए। जिले के कई पुलिस पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस मांगलिक अवसर पर दोनों परिवारों में उत्साह और आनंद का वातावरण रहा। स्नेहिल मुस्कानों और मंगल गीतों के बीच मधु और अविनाश के विवाह ने एक नई जीवन-यात्रा का शुभारंभ किया। नव दंपति को 'नवबिहार टाइम्स' परिवार की ओर से सुखद दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं।

# एआई तकनीक से आवाज की नकल कर मैकू राम को बदनाम करने की साजिश

## सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो पर जताई कड़ी आपत्ति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के प्रभारी प्रधानाचार्य मैकू राम एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। इस बार मामला और भी गंभीर है क्योंकि उन्हें बदनाम करने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का सहारा लिया गया है। सोशल मीडिया पर तेजी से एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें उनकी आवाज की नकल कर एक व्यक्ति को अपशब्द कहे जा रहे हैं।

इस ऑडियो को लेकर मैकू राम ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह आवाज उनकी नहीं है, बल्कि एआई तकनीक का प्रयोग कर उनकी छवि धूमिल करने की साजिश रची गई है। उन्होंने कहा यह पूरी तरह एडिटेड और मनगढ़ंत ऑडियो है जिससे मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से विद्यालय के मासिक शुल्क को लेकर एक यूट्यूबर द्वारा बार-बार गलत तथ्य प्रस्तुत किए जा रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट जानकारी देने के बावजूद वह यूट्यूबर लगातार विद्यालय और प्रधानाचार्य को लेकर भ्रामक व अपमानजनक बातें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा था। हाल ही में वायरल हुआ ऑडियो उसी साजिश की एक कड़ी मानी जा रही है। इस मामले को लेकर मैकू राम ने संबंधित यूट्यूबर के खिलाफ तिलौथू थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि बिहार के इस प्रतिष्ठित विद्यालय को नंबर वन संस्थान के रूप में स्थापित करने में उन्होंने वर्षों की मेहनत लगाई है और इसे बदनाम करने की कोशिश कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मैकू राम ने यह भी कहा कि समाज में कुछ असामाजिक तत्व हैं, जो सच्चाई और प्रगति को पचा नहीं पाते। वे झूठ और तकनीकी छल का सहारा लेकर ईमानदार लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों को कानून सिखाएगा कि झूठ की उम्र बहुत छोटी होती है।

**प्रशासन से अपील**

उन्होंने जिला प्रशासन व साइबर सेल से अपील की है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए और एआई जैसी तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। ताकि समाज में फैलाई जा रही झूठी सूचनाओं पर समय रहते लगाम लगाई जा सके।

# टीम डिहरीयंस ने की मण्डल रेल प्रबंधक से ट्रेनों के ठहराव व अन्य सुविधाओं की मांग




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** टीम डिहरीयंस के द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक के कार्यालय में डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव और अनेक सुविधाओं की मांग की गयी। टीम डिहरीयंस के सदस्य अमित कुमार और बिट्टू गुप्ता मण्डल रेल प्रबंधक, डीडीयू के कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे। मण्डल के अधिकारियों का सकारात्मक आश्वासन मिला। टीम डिहरीयंस के चन्दन कुमार ने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे के अधीन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं- गया जं रेलखंड के बीच 'ए' श्रेणी और एनएसजी-3 वर्ग का डिहरी ऑन-सोन सर्वाधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है तथा सबसे ज्यादा यात्रियों का आना-जाना होता है और मण्डल में डीडीयू और गया के बाद तीसरा सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन का दर्जा प्राप्त है। डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से शहर के लोगों के अलावा अन्य जिलों एवं झारखण्ड के लोग भी यात्रा करते हैं। डिहरी ऑन-सोन स्टेशन से रात्रि में भी 100-150 किलोमीटर दूरी तक यात्री आते जाते है अर्थात 24 घंटा जागने वाला रेलवे स्टेशन है डीडीयू - गया के मध्य में। ऐतिहासिक, व्यवसायिक व पर्यटन के लिहाज से डिहरी ऑन-सोन स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। इस स्टेशन से यात्री ऐतिहासिक रोहतास किला, महादेव खोह, चौरासन मंदिर, गणेश मंदिर, झारखंडी मंदिर, धूप घड़ी, जैन मंदिर, नौलखा मंदिर, तुतला भवानी धाम, कशीश वॉटरफाल, विश्व का चौथा सबसे बड़ा इंद्रपुरी डैम और भारतीय रेलवे का एकमात्र ट्रिपल ट्रैक सोन ब्रिज घूमने आते हैं। इसके साथ यह शाहाबाद प्रमण्डल व गढ़वा - पलामू क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य रूप से व्यापारिक केंद्र भी है। डिहरी ऑन-सोन अंग्रेजों के जमाने से औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता है। अभी भी डिहरी ऑन सोन में बियाडा के 2 इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैं एक एनिकट में और दूसरा सुअरा में है। बहुत जल्द डिहरी ऑन-सोन में रेलवे के द्वारा एक्सेल वैगन मरम्मत और कपलर का कारखाना भी लगने वाला है। डिहरी ऑन-सोन में जिला और प्रमंडलीय स्तरीय अनेक कार्यालय बहुत पहले से ही अवस्थित है। डिहरी ऑन-सोन के लोग पूरे भारत वर्ष में रहते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में डिहरी ऑन सोन स्टेशन से 490511589 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ और 5608877 यात्रियों का फुटफॉल था। निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव डिहरी ऑन-सोन में दिया जाता है तो रेलवे को प्रत्येक वर्ष 8-10 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होंगी। 11427/28 पुणे - जसीडीह एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 22499/500 वाराणसी -देवघर वन्दे भारत एक्सप्रेस, 12937/38 हावड़ा गांधीधाम एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 12357/58 कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (द्विसाप्ताहिक), 12349/50 गोड्डा नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 12323/24 हावड़ा-बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (द्विसाप्ताहिक), 20887/88 वाराणसी-रांची वन्दे भारत एक्सप्रेस, 12371/72 हावड़ा-जैसलमेर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)।

उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ यह डिहरी ऑन सोन - बरकाकाना रेलखंड का मुख्य केंद्र बिंदु भी है इस कारण डिहरी ऑन-सोन 25 लाख से ज्यादा की आबादी डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर आश्रित है और इतना महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद भी डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। पिछले कई वर्षों में डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर कोई विकास कार्य की गति बहुत धीमी है जिससे यात्रियों को काफी कष्ट झेलना पड़ता है।

## 18 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। एक ट्रैक्टर जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख दस हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## बाइक चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के पाली मुहल्ले से अज्ञात अपराधियों ने हरेंद्र सिंह की बाइक यूपी 32 ई एच 4657 चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हर्ष फायरिंग में दो घायल, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर में हर्ष फायरिंग में दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात बारह पत्थर मोहल्ले के शिव शक्ति मंदिर के पास मनीष कुमार के बहन की बारात आई थी जिसमें मनीष कुमार ने दरवाजा लगाते समय हर्ष फायरिंग की जिसमें दो लोगों को गोली लगी है। दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची तो जांच में जानकारी मिली कि मनीष कुमार, नोखा थाने के आजाद आलम, बारह पत्थर मोहल्ले के रोहित कुमार, राहुल कुमार एवं तीन चार अज्ञात व्यक्ति डीजे पर डांस कर रहे थे। तभी रोहित कुमार ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर फायरिंग किया इसके बाद उसके दोस्त मनीष कुमार, आजाद आलम तथा राहुल कुमार फायरिंग करने के लिए रोहित से पिस्तौल मांगने लगे। पिस्टल लेने हेतु छीना झपटी के क्रम में रोहित कुमार के हाथ में लिए पिस्टल से फायर हो गया जिसमें उसके पड़ोसी गोविंद सोनी का पुत्र धर्मराज सोनी (13) व पहलेजा निवासी जितेंद्र सोनी का पुत्र शुभम कुमार (15) घायल हो गया। दोनों का इलाज तार बंगला स्थित मां अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी को पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# महिला का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के गजराढ़ गांव से लगभग पांच सौ मीटर पूरब बधार में बीते 8 मई को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया था जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी संतोष पाल उर्फ नीबू की पत्नी सरोज देवी के रूप में हुई थी। मृतका का मैके उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले के जमानिया थाना क्षेत्र के गायघाट था जिसकी शादी चेनारी थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी संतोष पाल से हुई थी। मृतका के भाई पिंटू पाल ने अपनी बहन की हत्या को लेकर चेनारी थाना में अपने बहनोई संतोष पाल के ही विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसका कांड संख्या-190/25 है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शाहपुर में छापामारी कर प्राथमिकी अभियुक्त संतोष पाल को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संदर्भ में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 दिलीप कुमार ने एक प्रेसवार्ता कर बताया कि मृतका के पति संतोष पाल उर्फ नीबू ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा है कि लाठी से पीटकर वह अपनी पत्नी सरोज देवी की हत्या कर शव को गजराढ़ गांव से पूरब बधार में एक बाहे में छिपा दिया था। हत्या का कारण पति-पत्नी का आपसी विवाद बताया गया है।

# चालीस दिवसीय श्री हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ भंडारा के साथ संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर के रतु बिगहा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 40 दिनों से चल रहे 71 वां हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार को पूजा-अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण एवं भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया। सुबह हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना मुख्य पुजारी पुरुषोत्तम मिश्रा ने की। यज्ञ में शामिल लोगों ने हवन कुंड में आहुति डालकर देशवासियों के सुख, समृद्धि व शांति की कामना की। श्री त्रिदंडी देव सत्संग आश्रम के जगतगुरु स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने कहा कि विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाना वह भी 71 वर्षों से यह एक महान कार्य है। उन्होंने कहा कि हवन का विशेष महत्व है, हवन से निकलने वाली गंध वातावरण को शुद्ध करता है। जगतगुरु ने अपने प्रवचन में कहा कि किसी भी जगह के होने से मानव में आई विकृतियों अपने आप दूर हो जाती है। श्री हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से समाज में एकजुटता आती है। यज्ञ समिति ने संत महात्माओं विधान व्यास व समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार सिंह, केश्वर सिंह, संजय सिंह बाला, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, टुनटुन पाठक, शैलेंद्र प्रसाद, शांति देवी, माधुरी पाठक, दीपा पाठक, गोरखपुर के विनोद कुमार तिवारी, प्रो.अजीत सिंह, प्रो. रणधीर सिन्हा के अलावे भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तगण उपस्थित थे।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या, दोनों धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के केवढी के बधार में स्थित एक ईंट भट्ठा के समीप पिछले माह मिले एक अज्ञात शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी ने गला दबाकर हत्या की बात स्वीकार की है। घटना के सम्बंध में पुलिस ने बताया कि मृतक प्रकाश उरांव पिता मंगा उरांव झारखंड के गुमला जिला के पुसों थाना के बर्री नवाटोली गांव का निवासी था। वह अपने पत्नी व गांव के ही मौसिम अंसारी पिता नेसार अंसारी के साथ काम करने के लिए कुदरा व दुर्गावती थाना क्षेत्र के ईंट भट्ठा पर आया था। मृतक के पत्नी व मौसिम अंसारी के बीच प्रेम हो गया जिसका उसका पति विरोध करता था जिसके चलते दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को बधार में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ के बाद भभुआ जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि काफी दिनों के अनुसंधान के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमें दोनों ने हत्या की बात स्वीकार किया।


## शपथ पत्र

मैं आयुष कुमार उर्फ प्रवीण कुमार सागर पिता महेन्द्र राम (चौधरी) ग्राम-अब्दुलपुर पो. एवं थाना-रफीगंज, जिला-औरगाबाद (बिहार) ने शपथपूर्वक एवं निष्ठापूर्वक निम्न आशय का घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम गया में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी नं. 828430714 है जिसमें मेरा नाम आयुष कुमार अंकित है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा रफीगंज में मेरा खाता खुला हुआ है जिसका खाता संख्या 34551477325 है जिसमें मेरा नाम प्रवीण कुमार सागर है।
मैं आयुष कुमार एवं प्रवीण कुमार सागर दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। उपरोक्त दोनों नाम का मैं ही एक व्यक्ति हूं।
मेरा आधार नं. 5519 7580 2988 है एवं मेरा पैन नं. IONPK6706Q है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-5678-दिनांक-17/04/25 है।

**शपथकर्ता**
**आयुष कुमार**


# जनसंवाद की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** आगामी 15 मई को वजीरगंज के मुक्ता गार्डेन में कांग्रेस कमिटी की जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित है जिसमें मुख्य अतिथि के तौत पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा मौजूद रहेंगी। चुनावी जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी की विशेष बैठक वजीरगंज में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पंचायत व प्रखंड कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महिला सेल के जिला प्रभारी रेखा हिरण ने कहा कि गया जिला में वजीरगंज विधानसभा महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां के कार्यक्रमों का असर दूसरे विधानसभा पर पड़ेगा, इसलिये इसकी चुनावी तैयारी आप सबों के लिये भी महत्वपूर्ण है। आज देश का संविधान और अभिव्यक्ति की आजादी खतरे में है, इसलिये हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक को जिला युवा समन्वयक सीपी मीणा, महिला जिलाध्यक्ष डॉ0 पिंकी कुमारी एवं विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस युवा नेता डॉ0 शशि शेखर ने गांव व बूथ स्तर से समर्थकों को लेकर जनसंवाद में पहुंचकर अलका लांबा की बातों को सुनें तथा इसकी तैयारी में पंचायत स्तर के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं का सहयोग लें और अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता दर्ज करायें।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय थाना पुलिस बेलांव के द्वारा रविवार को की गई कार्रवाई में अवैध शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धराया धंधेबाज बेलाव थाना क्षेत्र के बेलाव गांव निवासी स्वर्गीय राजनाथ धोबी के पुत्र सिकंदर धोबी बताया जाता है। थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के पास से 2 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबज को मेडिकल जांच कराकर न्यायिक हिरासत भभुआ भेज दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं कारोबार पर लगाम लगाने के लिए थाना क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मंत्री श्रवण कुमार ने 10 विभिन्न विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बेन प्रखंड के ग्राम पंचायत राज मैजरा में 87 लाख 30 हजार रुपये की लागत से 10 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्राम देवरिया, मुजफ्फरपुर, दाउदपुर, धरहरा, इनायतपुर, कोलहुआ, दाहाघाट, नोनीडीह और दया बिगहा में पीसीसी ढलाई, मिट्टी भराई, ईट सोलिंग, नाली निर्माण और आरसीसी पुल निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि नीतीश सरकार पिछले 20 वर्षों में शिक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व प्रगति कर चुकी है। उन्होंने बताया कि 2005 में शिक्षा बजट 4366 करोड़ था, जो 2025 में बढ़कर 60,964 करोड़ रुपये हो गया, जबकि शिक्षकों की संख्या 2,25,000 से बढ़कर 6,49,131 हो गई। पुलिस बल भी 42,481 से बढ़कर 1,10,000 से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण, सड़क निर्माण और घर-घर बिजली जैसे संकल्प पूरे किए गए हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के ठाकुर स्थान गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव ससुराल के कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका अरुण कुमार की 21 वर्षीया पत्नी डॉली कुमारी थी। मृतका के ससुर संजय यादव ने बताया कि घर के सभी सदस्य खेत में काम करने के लिए गए थे। अरुण कुमार भी मवेशियों के लिए चारा लेने बाहर गया हुआ था। देर शाम जब वे सभी घर लौटे तो देखा कि बहू का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ है। परिजनों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी और मृतका के मायके वालों को भी खबर दी गई। सूचना मिलने पर राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## सैराज ने स्वर्ण पदक जीतते हुए तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** महाराष्ट्र के भारोत्तोलक सैराज राजेश परदेशी ने यहां राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सोमवार को 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतते हुए अपने ही नाम दर्ज तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ डाला। सैराज ने कुल 312 किग्रा (140 किग्रा स्नैच. 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाया। उन्होंने इससे पहले दोहा, कतर में दिसंबर 2024 में हुए एशियन चैंपियनशिप में 139 किग्रा (स्नैच), 171 किग्रा (क्लीन एंड जर्क) और 311 किग्रा (कुल वजन) के रिकॉर्ड बनाए थे। आंध्र प्रदेश के एम. तरुण ने कुल 287 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश के आयुष राणा ने 264 किग्रा के साथ कांस्य पदक हासिल किया। 2024 से पटियाला स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में कोच अल्केश बरुआ के मार्गदर्शन में 2024 से प्रशिक्षण ले रहे सैराज अपने विरोधियों से काफी आगे रहे। उन्होंने चेन्नई में पिछले साल इसी वजन वर्ग में जीता गया स्वर्ण पदक सफलतापूर्वक बचाया। इससे पहले 2023 में इंदौर में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उन्होंने 73 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। सैराज को 2021 में साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, औरंगाबाद में शामिल किया गया था, जहां उन्होंने कोच डी.डी. शर्मा से प्रशिक्षण लिया। सैराज ने कहा शुरुआत में मेरा लक्ष्य रिकॉर्ड तोड़ना नहीं था। मैं एक-एक लिफ्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था, लेकिन जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ी, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का निश्चय किया। मैं अपने परिवार, कोचों और सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरा सपना है कि मैं ओलंपिक में भारत के लिए पुरुष भारोत्तोलन में पहला पदक जीतूं। कर्णम मल्लेश्वरी और मीराबाई चानू ने तो यह कर दिखाया है, लेकिन भारतीय पुरुष अब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाए हैं मैं यह बदलना चाहता हूं। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के अगले महीने भार वर्गों में बदलाव की योजना के तहत, सैराज अब अधिक वजन वर्ग में जाने की योजना बना रहे हैं।

## भाजपा के पूर्व विधायक पर कार्यकर्ता ने ही किया मारपीट का मुकदमा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** हिसुआ के बीजेपी के पूर्व विधायक अनिल सिंह पर एक बीजेपी कार्यकर्ता ने लात घुसे से मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है । पीड़ित बीजेपी कार्यकर्ता सह सोशल मीडिया क्षेत्रीय प्रभारी अविनाश कुमार ने इस घटना की लिखित शिकायत नगर थाना की पुलिस से कर पुलिस प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाया था। नगर थाना की पुलिस को दिए गए लिखित शिकायत में बीजेपी कार्यकर्ता वारसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव के निवासी राजनीति सिंह का पुत्र अविनाश कुमार ने बताया है कि 8 मई को संध्या 5 बजे अपने साथी के साथ नवादा डाकबंगला में मंत्री जीवेश मिश्रा से मिलने गए थे, जहां हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह और उनके सहयोगी बगोदर हिसुआ के निवासी मुरारी सिंह और चितरंजन कुमार एवं पकड़िया गांव के संतोष कुमार गाली गलौज कर लात घुसे से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी गई । बीजेपी कार्यकर्ता अविनाश कुमार ने पुलिस को दिए गए लिखित शिकायत में यह भी बताया है कि भविष्य में हमारी जान माल का कोई नुकसान होता है तो इसके जिम्मेवार हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह एवं उनके सहयोगी मुरारी सिंह, चितरंजन कुमार और संतोष कुमार होंगे । फिलहाल इस घटना के बाद नगर थाना की पुलिस हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना के समय भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण कुमार बबलू के साथ ही कई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के व्यक्तित्व पर परिचर्चा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर भवन, नारदीगंज में सोमवार को भगवान बुद्ध की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की।सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा भगवान बुद्ध का सम्यक ज्ञान और महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ। इनका संदेश विश्व के कई देशों में जैसे लंका, नेपाल, तिब्बत, चीन कम्बोडिया समेत अन्य देशों में फैला हुआ है। इनके संदेश में प्रेम, करुणा, त्याग, सद्भावना, विन्रमता, समाजिक समानता और अनुभव जनित बौद्धिक अहिंसा भगवान बुद्ध के जीवन में उतारने लायक है। भारत सरकार ने बौद्ध दर्शन के विकास के लिए पाली परम्परा और शोध कार्य को बढ़ाने हेतु बौद्ध दर्शन और मठों को वितीय सहायता दे रही है। उन्होंने कहा नालन्दा जिले के नवबिहार नालन्दा में संस्था कार्यरत है, जहां पर विदेशों के लोग आकर सभी भाषाओं में शिक्षा ग्रहण करते हैं। भगवान बुद्ध के आदर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है। इस दौरान दशरथ प्रसाद, रामाधीन सिंह, रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, सियाशरण दास समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया। इधर, भगवान बुद्ध की जयंती नारदीगंज पंचायत के नारदीगंज बाजार स्थित सामुदायिक भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता नारदीगंज पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने की। उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## मंडप प्रतिष्ठित कर जैन धर्मावलंबियों ने की सिद्ध प्रभु की आराधना







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** संप्रति समंतभद्र श्रमण 108 मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से नवादा जिला मुख्यालय स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के श्री 1008 महा सिद्धिकारक सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन चरणबद्ध ढंग से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि सोमवार को प्रातः नवादा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में यंत्राभिषेक व जाप्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। पूरे विधि-विधान के साथ मंडप को प्रतिष्ठित किया गया एवं जिनाभिषेक व महा शांति धारा कर विश्व शांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगलकामना की गई। देव, शास्त्र, गुरू की भक्तिमय पूजा-अर्चना के पश्चात दिगम्बर जैन संत 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज के परम पावन प्रेरणा व सानिध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रथम पूजन की भक्ति संगीतमय आराधना की गई एवं सिद्ध प्रभु के चरणों में आठ अर्घ्य समर्पित किए गए। संगीतमय अष्ट सिद्ध प्रभु की विशेष आराधना के दौरान महामंडल विधान कार्यक्रम में उपस्थित जैन श्रद्धालु भक्तिरस का भरपूर आनंद लिया, जिसके आलोक में सर्व मंगलकारी मंत्रोचार एवं जिनेंद्र प्रभु व मुनिश्री के जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा।

विधानाचार्य मुकेश जैन शास्त्री के निर्देशन में आयोजित इस सर्वमंगलकारी श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में संतोष पांड्या, सुनीता बड़जात्या, लक्ष्मी जैन, चंदा बड़जात्या, मधु जैन, खुशबू जैन, सुनीता जैन, रीता सेठी, राजुल गंगवाल, संतोष छाबड़ा, सुमति गंगवाल, वीणा काला, रजनी काला, शीला जैन, नीतू काला, स्विटी गंगवाल, ममता काला, सपना गंगवाल, रजनी पांड्या, लक्की गंगवाल व विनीता बड़जात्या के साथ ही अभय बड़जात्या, उदय बड़जात्या, राजेश जैन, भीमराज गंगवाल, विनोद काला, अनिल गंगवाल, जय कुमार छाबड़ा, अशोक कुमार जैन, रौशन जैन व नितेश गंगवाल सहित दर्जनों विधानकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम में जैन समाज के दीपक जैन, मनोज जैन, महेश जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन व लक्की जैन सहित भारी संख्या में स्थानीय अन्य जैन श्रद्धालुओं ने सक्रिय तौर शिरकत किया।

### भक्ति की तपिश में तपने से होती है अनंत सौंदर्य की प्राप्तिः विशल्य सागर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रसिद्ध दिगंम्बर जैन संत 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज ने कहा है कि वर माला जहां जीवन में फ़ेरा डालने का काम करता है, वहीं सिद्ध प्रभु की माला जीवन का उद्धार करने में महती भूमिका अदा करती है। मुनिश्री आज नवादा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ये बात कही।

मुनिश्री ने कहा कि भक्ति सिद्धम रूपम यानि सुंदर बनने के लिए सौंदर्य प्रसाधन की नहीं, बल्कि अनंत सिद्ध प्रभु के भक्ति रस में डूबने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोयला कभी उजला नहीं होता। उसे उजला बनने के लिए तपना पड़ता है। उसी प्रकार स्वयं को भक्ति की तपिश में तपाने के पश्चात ही मानव अनंत सौंदर्य को प्राप्त करता है। उन्होंने स्वयं को रूप से नहीं, अपितू भक्ति भाव के स्वरूप से सुंदर बनाने की बात कही। मुनिश्री ने कहा कि भूमि में रोपित एक बीज फल बनता है, तो मुंह में रोपित बीज मल बनता है। यह मानव के चरित्र पर निर्भर करता है कि उसे बीज को फल का स्वरूप देना है अथवा मल का। उन्होंने कहा कि सिद्धचक्र विधान अनंत सिद्धों की आराधना का नाम है। उन्होंने अनंत सिद्धों की भक्ति गंगा में डुबकी लगा स्वयं की जीवन को कृतार्थ करने का आह्वान किया। सामाजिक एकता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि माला की एक भी मोती बिखर जाए, तो वह खंडित हो जाती है। ऐसी व्यवस्था हो कि सामाजिक माला की एक भी मोती बिखरने न पाए। उन्होंने उत्थान के लिए भेदभाव रहित सामाजिक समरसता की भावना को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात कर का स्थानीय जैन समाज से जुड़े लोगों का आह्वान किया।

## एक नजर

### मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा में ट्रैफिक पुलिस के जवान के साथ गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में नगर थाने में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में शहर के प्रजातंत्र चौक के समीप ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप है मामले में आरोपितों में से पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है गिरफ्तार आरोपितों में पकरीबरावा थाना क्षेत्र के खपुरा गांव के राहुल राज, रोहित राज और कौआकोल के गोला बडराजी गांव का चंदन कुमार शामिल है ।

### सम्पर्क साध पूर्व विधायक कौशल ने मांगा समर्थन

**कौआकोल।** पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में तूफानी दौरा लगातार जारी है। सोमवार को पूर्व विधायक कौशल यादव ने नावाडीह पंचायत के गोपालपुर, फरहेदा, नावाडीह आदि गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात किया एवं तमाम पुरानी गलतियों को माफ करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से पूर्णिमा यादव को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूर्व की भांति वे क्षेत्र में जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर सभी समाज को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,उप प्रमुख नवीन यादव, पाण्डेयगंगौट के मुखिया दीपक कुमार, पूर्व मुखिया उमेश यादव, जुली देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मायके से पत्नी गायब, पति लगा रहा फरियाद

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के अंबेर शेखाना मोहल्ला निवासी श्यामनंदन उर्फ विपिन कुमार ने अपनी पत्नी की बरामदगी के लिए न्यायालय में परिवाद दायर किया है। उन्होंने कोर्ट से गुहार लगाई है कि उनकी पत्नी पिछले ढाई महीने से मायके से गायब है और अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित श्यामनंदन ने बताया कि वह मुंबई में रोजी-रोटी के लिए काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी पिछले कई महीनों से मायके चंडी थाना क्षेत्र के शाहपुर बलवा गांव में रह रही थी। उन्होंने बताया कि करीब ढाई माह पहले उनकी पत्नी ने उनका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया और बातचीत पूरी तरह बंद कर दी। इसके बाद दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं हो सका। परेशान होकर श्यामनंदन जब अपने ससुराल पहुंचे, तो वहां उनकी पत्नी घर पर नहीं मिली। पूछताछ करने पर ससुराल वालों ने बताया कि वह कहीं काम करने गई है। पति ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन पत्नी का कोई अता-पता नहीं चला। मामले को गंभीर मानते हुए उन्होंने न्यायालय में परिवाद दायर किया है कि जल्द ही मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।

### पांच लाख के आभूषण चोरी

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा बाजार में अज्ञात चोरों ने एक ज्वेलरी दुकानदार की बाइक की डिक्की से करीब पांच लाख रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए। वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। नरसंडा बाजार में ज्योति अलंकार ज्वेलर्स दुकान चलाने वाले नंदलाल प्रसाद हर रोज की तरह दुकान बंद करने के बाद उसमें रखे कीमती आभूषणों को अपनी बाइक की डिक्की में रखकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान वे पास की एक दुकान में किसी जरूरी काम से कुछ देर के लिए रुके। इसी बीच पहले से घात लगाए अज्ञात चोरों ने डिक्की खोलकर उसमें रखे लगभग 20 ग्राम सोना, करीब 5 किलो चांदी और अन्य आभूषणों सहित लगभग छह लाख रुपये की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया।

## मां की गोद से छिटककर सड़क पर गिरा मासूम, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोमवार को सड़क हादसे में दो साल के मासूम की मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के भोभी गांव स्थित मुख्य सड़क का है। मृतक की पहचान पटना जिला के धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव निवासी मनीष कुमार के दो वर्षीय पुत्र दिलराज कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि मनीष कुमार अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए भोभी गांव गए थे। जहां से लड़का लड़की के विदा होने के उपरांत वह अपनी बाइक से पत्नी और 2 साल के बेटे के साथ घर जाने के लिए निकले। जैसे ही मुख्य सड़क पर पहुंचे, तभी पीछे से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके कारण बच्चा अपनी मां की गोद से छिटककर नीचे सड़क पर गिर गया। जिसको चार पहिया वाहन रौंदते हुए चला गया। गाड़ी में दूल्हा दुल्हन सवार थी। इस हादसे में मनीष कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा कार चालक को पकड़ लिया गया और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इस हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। नगरनौसा थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। गाड़ी को जप्त करते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

## विराज सागर जी महाराज के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम आयोजित





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शहर की जैन मंदिर में जैन समाज के महान संत श्री विराज सागर जी के परम प्रभावित मुनि श्री विशाल सागर जी का 38 वन जन्म दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे भारतवर्ष में मुनि जी के भक्तगण पधारे एवं मुनि जी का जन्मदिन मनाया गया । इस अवसर पर जैन मुनि विशाल सागर जी के गुरु विराज सागर जी एवं विशुद्ध सागर जी के चित्र का अनावरण किया गया तथा उनके चित्र के सामने दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में जैन समाज नवादा की महिलाओं के द्वारा आकर्षक दृश्य एवं मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत मुनि जी का पाठ प्रचलन किया गया तथा मुनि श्री को शास्त्र एव पीछी भेंट किया गया । कार्यक्रम के अंत में मुनि श्री ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के द्वारा बताए गए सिद्धांतों तथा त्याग एवं विश्व शांति के बारे में बताया । जैन समाज नवादा के द्वारा भारत पाक के बीच बढ़ते तनाव एवं युद्ध की विभीषिका के मैनेजर मुनि श्री विशाल सागर जी के सानिध्य एवं प्रधानाचार्य पंडित मुकेश जी शास्त्री जी के दिशा निर्देश में 12 मई से आठ दिवसीय महा सिद्धि कारक श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । इस यज्ञ का उद्देश्य एवं संपूर्ण भारत में आपसी भाईचारा एवं शांति की स्थापना हो इस अवसर पर आज के सुबह संपूर्ण जैन समाज के द्वारा एक घर यात्रा निकल गई , जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर पुणे जैन मंदिर नवादा में यह स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर पूरे जैन मंदिर परिसर के आकर्षक ढंग से सजाया गया था । संध्या को जैन मंदिर नवादा में 48 दीपक से मां आरती की गई एवं भक्तों द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

## महिला संवाद कार्यक्रम के 23वें दिन 4532 महिलाएं शामिल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं और खुलकर अपनी समस्याएं तथा सुझाव रख रही हैं। आज संवाद कार्यक्रम के 23वें दिन दोनों पालियों में कुल 4532 महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल 2025 से जिले में प्रतिदिन संचालित किया जा रहा है। जिले के 26 स्थानों पर प्रतिदिन दो पालियों में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं, जिसे 13 संवाद रथों के माध्यम से क्रियानवित किया जा रहा है। इन संवाद रथों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में दिखाई जा रही हैं। साथ ही ऑडियो-वीडियो के माध्यम से दी जा रही जानकारी को महिलाएं सरलता से समझ पा रही हैं, जिससे संवाद का प्रभाव और अधिक व्यापक हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को योजनाओं से संबंधित जानकारी वाले लीफलेट भी वितरित किए जा रहे हैं। इन लीफलेटों के माध्यम से महिलाएं सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से समझ रही हैं। मुख्यमंत्री का संदेश भी इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सुनाया जा रहा है।

अब तक जिले के 578 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित हो चुका है, जिसमें 1 लाख से अधिक महिलाओं ने भागीदारी निभाई है। संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त कुल 13,963 आकांक्षाओं को मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज किया गया है।

इन आकांक्षाओं में मुख्य रूप से बुनियादी सुविधाओं, सामुदायिक सेवाओं के विस्तार तथा उनमें सुधार की मांगें प्रमुख रही हैं। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलावों को साझा किया और बताया कि वे किस प्रकार इन योजनाओं के माध्यम से स्वयं तथा अपने परिवार को सशक्त बना रही हैं। इससे समाज के निचले पायदान पर खड़ी महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

## भाभी पर थी देवर की गंदी नज़र, विरोध करने पर की हत्या




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में एक महिला की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान बरबीघा थाना क्षेत्र के फैजाबाद गांव निवासी मनु गोस्वामी की 30 वर्षीय पुत्री गुंजा देवी के रूप में हुई है। वह हाल के दिनों में नवादा शहर के कलाली रोड स्थित एक किराए के मकान में रह रही थी, जहां सोमवार को उसका शव संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गुंजा की हत्या उसके देवर ने की है। उनका दावा है कि 9 मई को परिवार के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान देवर ने गुंजा के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। पिता के अनुसार, गुंजा देवी की शादी नेमदारगंज गांव निवासी राजू गोस्वामी के पुत्र दीपक गोस्वामी से करीब 13 साल पहले हुई थी। इस दौरान उनके दो संतानें हैं–एक पुत्र और एक पुत्री। आरोप है कि घटना के बाद ससुराल पक्ष ने बिना किसी को सूचना दिए चुपचाप अंतिम संस्कार कराने की कोशिश की, लेकिन मृतका के परिजनों के विरोध के कारण यह रोक दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बोधगया में सेवा शिविर का सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर परिषद सभापति ललिता देवी के नेतृत्व में एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुद्ध पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग–सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि–आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके काल में था। उन्होंने



कहा, आधुनिक भौतिकवादी जीवनशैली में भागदौड़ के बीच शांति और सुख केवल बुद्धत्व की ओर अग्रसर होने पर ही संभव है। आज के युग में जहां युद्ध और तनाव बढ़ते जा रहे हैं, वहां बुद्ध के संदेश अधिक आवश्यक हो गए हैं। मंत्री ने बुद्ध के बताए नैतिक जीवन और करुणा के सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने अष्टांगिक मार्ग के प्रत्येक अंग की विस्तारपूर्वक व्याख्या की और बताया कि किस प्रकार इन सिद्धांतों को अपनाकर जीवन में मानसिक शांति, सामाजिक सद्भाव और आत्मिक विकास संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि बुद्ध के विचार व्यापारी को धनवान, विद्यार्थी को ज्ञानवान, और सामान्य जन को संत या पहलवान बना सकते हैं। शिविर में प्रसाद वितरण और पेयजल व्यवस्था की गई थी जिससे बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को लाभ मिला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश शर्मा, प्रेम सागर, शंभू केशरी, देवानंद पासवान, मुन्नीलाल चंद्रवंशी, सुधांशु मिश्रा, चंदन कुमार, शिवा मांझी, संजीत सिन्हा, शशि, विनोद सिंह, वाहिद अली, राजकुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बुद्ध पूर्णिमा के इस शुभ अवसर पर आयोजित यह शिविर न सिर्फ सेवा का प्रतीक बना, बल्कि बुद्ध के विचारों के प्रचार-प्रसार का एक प्रभावी माध्यम भी रहा।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शाही ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने बोधगया मठ में आए कुलाधिपति एवं बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान पहलों और नवाचार से जुड़ी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी कुलाधिपति को दी। प्रो. शाही ने मगध विश्वविद्यालय और बोधगया मठ के बीच हुए अकादमिक सहयोग समझौते की जानकारी भी साझा की, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल मानी जा रही है। कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों



की सराहना की और कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहने चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि बोधगया की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ जोड़ा जाए, ताकि यह स्थल वैश्विक स्तर पर बौद्ध अध्ययन और संस्कृति का केंद्र बन सके। यह भेंट बुद्ध पूर्णिमा जैसे विशेष अवसर पर उच्च शिक्षा और आध्यात्मिक मूल्यों के समन्वय का प्रतीक बन गई। विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षाविदों ने इसे एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा है जिससे आने वाले दिनों में शैक्षणिक वातावरण और सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला संवाद आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं को आकांक्षाओं को साझा करने का प्रभावी मंच बन गया है। कार्यक्रम में महिलाएं अपनी स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान की बात कर रही हैं। 18 अप्रैल से महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रतिदिन सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में वीडियो महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की जा रही है जिससे ग्रामीण महिलाएं जागरूक और उत्साहित हो रही हैं। साथ ही वे अपने अनुभवों को भी खुलकर व्यक्त कर रही हैं। इन कार्यक्रमों में दहेज प्रथा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ दिलाई जा रही है, साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण और घरेलू हिंसा के उन्मूलन के प्रति संकल्प लिया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है जहां वे अपनी आकांक्षाओं को खुलकर साझा कर रही हैं। वे स्थानीय समस्याओं–नाली एवं जल निकासी की व्यवस्था, नल-जल और सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक भवन एवं पुस्तकालय की स्थापना, विद्यालयों की उपलब्धता एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी, रोजगार के स्थानीय अवसर, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन में वृद्धि आदि पर चर्चा कर रही हैं। इस पहल से महिलाओं को अपनी आवाज बुलंद करने का अवसर मिल रहा है जिससे वे सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

# बोधगया में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री प्रेम कुमार और जिवेश मिश्र ने की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार तथा नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश मिश्र ने सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में सबसे पहले बोधगया मठ में तीनों नेताओं ने विधिपूर्वक पूजा की। इसके पश्चात वे महाबोधि मंदिर पहुंचे जहां भगवान बुद्ध के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और ध्यान-साधना में भाग



लिया। इस दौरान बौद्ध भिक्षुओं ने मंत्रोच्चार कर शांति और करुणा का संदेश दिया। मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से जो जीवन-दर्शन दिया, वह आज की दुनिया में और भी प्रासंगिक हो गया है। युद्ध की आशंकाओं से भरे इस समय में बुद्ध की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उनका मार्ग -सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि-मानवता के लिए शांति और मोक्ष का रास्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि बुद्ध के बिना आत्मिक शांति और समग्र जीवन संतुलन की कल्पना अधूरी है। हमें उनके विचारों को जीवन में उतारना ही होगा। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री जिवेश मिश्र का डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। जिले के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, प्रेम सागर, शंभू केशरी, देवानंद पासवान, मुन्नीलाल चंद्रवंशी, सुधांशु मिश्रा, चंदन कुमार, शिवा मांझी, संजीत सिन्हा, शशि जी, विनोद सिंह, वाहिद अली, राजकुमार जी सहित अनेक कार्यकर्ता और बुद्ध अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और सामूहिक ध्यान के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने आत्मिक संतुलन और वैश्विक शांति की कामना की।

# तीन दिनों तक गया में मिलेगी मुफ्त बस सेवा, दो दिनों तक भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** महाबोधि मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित 2569वें बुद्ध जयंती समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। बीटीएमसी ने 12 मई वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाबोधि महाविहार में एक दिवसीय समारोह की तैयारी पूरी कर ली है। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) द्वारा 12 मई को आयोजित 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह के हिस्से के रूप में तीन दिवसीय निःशुल्क बस सेवा, निःशुल्क चिकित्सा शिविर और नाश्ते की सुविधा के साथ ठंडे पेयजल का उद्घाटन रविवार सुबह किया गया। उद्घाटन मुख्य भिक्षु चालिंदा, भिक्षु दीनानंद, भिक्षु डॉ. मनोज, बीटीएमसी सचिव डॉ. महाश्वेता मराठी, सदस्य डॉ. अरविंद सिंह और किरण लामा व इस वर्ष के बुद्ध पूर्णिमा समारोह की प्रायोजक उपासिका थोस्पोर्न वाचिरागनफेन और थाईलैंड से आए उनके श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुआ। ये सेवाएं 12 मई को होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए देश भर से आने वाले बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की सहायता और समर्थन के लिए आयोजित की गई हैं। तीनों दिनों के लिए पूरे दिन गया रेलवे स्टेशन और बोधगया के बीच निःशुल्क बस सेवा संचालित होगी। शोभयात्रा में शामिल होंगे आम श्रद्धालु बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) द्वारा सुबह 7:00 बजे 80 फुट की विशाल बुद्ध प्रतिमा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभयात्रा में बौद्ध भिक्षु, लामा, भिक्षुणियां, स्कूली बच्चे और आम श्रद्धालु शामिल होंगे जो पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे एकत्र होने के लिए महाबोधि मंदिर जाएंगे। यहां दीप प्रज्ज्वलन के बाद सूत्तपाठ होगा। सालाना पत्रिका बोधि का लोकार्पण होगा। मुख्य अतिथि का संबोधन भी होगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्से से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है। 700 भिक्षुओं का होगा संघदान मुख्य समारोह के बाद कालचक्र मैदान में 700 भिक्षुओं के लिए संघ दान का आयोजन हुआ। शाम 4:00 बजे, महाबोधि मंदिर के बौद्ध भिक्षु, बीटीएमसी सचिव और सदस्यों के साथ, सुजाता मंदिर में प्रार्थना और खीर का भोग लगाएंगे जो सुजाता द्वारा बुद्ध को अर्पित किए गए प्रसाद की याद में होगा।

# बिपार्ड, गया में थांग ता खेल का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के 5 जिलों में 4 मई से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गया जिले में बिपार्ड एवं आईआईएम, बोधगया में गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बिपार्ड, गया में थांग ता खेल का आगाज हुआ। इस खेल में 25 राज्यों से आए 120 खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया जिसमें 60 बालक एवं 60 बालिकाओं द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया जाएगा। आपको बता दें कि यह खेल एक प्राचीन मणिपुरी मार्शल आर्ट है। थांग ता को हुएन लालोंग के नाम से भी जाना जाता था, जिसका अर्थ है तलवार और भाले की कला। यह कला मणिपुर के युद्ध के माहौल से विकसित हुई। इसने भारत और चीन के बीच मध्यकालीन समय के भू-राजनीतिक माहौल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जब कई स्वतंत्र राज्य एक-दूसरे के साथ युद्ध में थे। औपनिवेशिक राज (1891-1947) की अवधि के दौरान प्रतिबंधित होने के बाद, थांग ता एक अभिव्यंजक कला रूप बन गया जिसने व्यक्तिगत शिक्षकों या गुरुओं के गुप्त गृह विद्यालयों में अपने लड़ाकू चरित्र को बनाए रखा। यह 1949 में मणिपुर के भारतीय संघ के साथ एकीकरण की अवधि के दौरान जीवित रहा जहां इस कला को विदेशों में त्योहारों और प्रदर्शन मंचों पर दिखाया गया था। थांग ता का अभ्यास तीन अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। पहला तरीका पूरी तरह से अनुष्ठानिक प्रकृति का है, जो 'तांत्रिक' प्रथाओं से संबंधित है। दूसरे तरीके में तलवार और भाले के नृत्य से जुड़ा एक शानदार प्रदर्शन

# जीबीएम कॉलेज में गौतम बुद्ध के मानवतावादी सिद्धांतों पर प्रकाश डालकर की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में बुद्ध जयंती के सुअवसर पर गौतम बुद्ध के जीवन तथा दर्शन पर प्रकाश डालते हुए पूजा-अर्चना की गयी। महाविद्यालय की जन संपर्क अधिकारी-सह-अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्यारे मांझी की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में अवस्थित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। नया चीवर पहनाया गया। पंचशील के सिद्धांतों पर सविस्तार चर्चा हुई। बुद्धं शरणं गच्छामि।धम्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि की पावन धुन से पूरा कॉलेज प्रांगण गूंज उठा। समस्त महाविद्यालय परिवार को बुद्ध जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने महात्मा बुद्ध द्वारा बताये गये लोकोपयोगी मध्यम मार्ग के सिद्धांत पर अपने विचार रखे। कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। इसी दिन देवी सुजाता द्वारा प्रदान की गयी खीर ग्रहण करने के उपरांत बुद्धत्व व संबोधि की प्राप्ति हुई थी एवं इसी दिन उन्हें उनकी इच्छा के अनुरूप महापरिनिर्वाण की भी प्राप्ति हुई थी। इसीलिए यह दिन महात्मा बुद्ध के भक्तों और अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. रश्मि ने महात्मा बुद्ध को महामानव बताते हुए कहा कि संसार पर मंडराती हुई युद्ध जैसी गंभीर परिस्थितियों पर लगाम लगाने के लिए हर व्यक्ति को गौतम बुद्ध से प्रेरणा लेते हुए आत्मचिंतन, आत्म-मूल्यांकन तथा आत्म- परिमार्जन की अत्यंत आवश्यकता है। महात्मा बुद्ध के मानवतावादी सिद्धांत आतंकवाद को भी जड़ से उखाड़ फेंकने में सक्षम हैं, लेकिन उन सिद्धांतों को जानने, समझने तथा उनका अनुकरण करने की नितांत आवश्यकता है। आज संसार में शांति की परम आवश्यकता है। बुद्ध के सिद्धांत इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। डॉ प्यारे मांझी ने गौतम बुद्ध के आत्म दीपो भवः के सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध जातिप्रथा तथा भेदभाव के विरोधी थे। वे जीवहत्या तथा बलिप्रथा का भी विरोध किया था। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर रौशन कुमार और अभिषेक कुमार ने भी महात्मा बुद्ध के जीवन चरित पर अपने विचार रखे। कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने समस्त महाविद्यालय परिवार को बुद्ध जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# 29 छात्रों का अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में 4.56 लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** अकादमिक उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के रिकॉर्ड 29 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से प्रतिष्ठित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। सीयूएसबी के जन संपर्क अधिकारी सह प्लेसमेंट समन्वयक मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया और अंतिम दौर के साक्षात्कार में कुल 87 छात्र शामिल हुए जिनमें से 29 पीजी फाइनल वर्ष के छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के माध्यम से एक ही संस्थान में जॉब मिलना विश्वविद्यालय का अब तक का रिकॉर्ड है, यही नहीं सीयूएसबी के छात्रों ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के लिए इतनी बड़ी संख्या में क्वालीफाई करके देश के कई उच्च शिक्षण संस्थानों को भी पीछे छोड़ दिया है। पीआरओ ने बताया कि सफल छात्रों को सहायक अनुसंधान सहयोगी के पद के लिए नौकरी 4.56 लाख रुपये प्रति वर्ष के शुरुआती पैकेज पर दी जा रही है, साथ ही चिकित्सा सहायता, स्थानांतरण व्यय, बीमा मुक्त ऋण, समूह अवधि जीवन बीमा आदि जैसे अन्य अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे हैं। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. आतिश पराशर, प्लेसमेंट सेल के अन्य सदस्यों और संबंधित विभागों के संकाय सदस्यों ने अंतिम रूप से चयनित छात्रों को बधाई दी। कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने कहा कि यह पूरे विश्वविद्यालय जगत के लिए खुशी की बात है और इससे निश्चित रूप से अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सीयूएसबी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन मोहम्मद मुजफ्फर, पीपल फंक्शन, एचआर टीम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पर्यवेक्षण में उनके सहयोगियों कैलाश कांडपाल, राकेश तिवारी, राजीव दास, परेश पंड्या, राजेश शर्मा, प्रियंक श्रीवास्तव और येरम महेश के साथ आयोजित किया गया। पोलिटिकल साइंस विभाग से सबसे अधिक सात छात्रों को नौकरी की पेशकश की गई है जिसमें अतुल पाठक, गोपाल कुमार, चेतना वेणु, सौम्या तोमर, दांडू रूपा, विशाल आनंद और सूरज कुमार शर्मा शामिल हैं।एम.एस.सी. मैथमेटिक्स कार्यक्रम के चार छात्रों क्रमशः अंकिता कुमारी, फहमी अंसारी, पल्लवी सिंह और रंजन कुमार को नौकरी का अवसर मिला है। एमए हिंदी के छात्र आशीष कुमार, विशाल कुमार और ब्यूटी कुमारी के साथ एमए इंग्लिश के छात्र क्रमशः शाजा शहाब, धनश्री एस और मुस्कान गुप्ता जॉब के अवसर को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। शोध सहयोगी के रूप में नौकरी पाने वाले अन्य छात्रों में हलीमा सादिया (साइकोलॉजी), अरित्रा कुंडू (बायोटेक्नोलॉजी), अभिषेक (इकोनॉमिक्स), अनंत्य आनंद (इकोनॉमिक्स), बुद्धदेव पॉल (जियोग्राफी), युवराज सिन्हा (जियोग्राफी), अभिलाषा पांडा (जियोलॉजी), शताक्षी (हिस्ट्री), इमरान नजीर (हिस्ट्री), अभय कुमार (सोशल वर्क), आलिया आरफीन (सोशल वर्क) और पूजा चौधरी (सोशियोलॉजी) शामिल हैं। सफल विद्यार्थियों ने उनकी डिग्री मिलने से पहले ही उनके रोजगार के अवसर लाने के लिए प्लेसमेंट सेल के प्रति आभार व्यक्त किया। पीआरओ ने कहा कि पिछले वर्षों में भी सीयूएसबी के कई छात्रों को फाउंडेशन में प्लेसमेंट मिला है और वे प्रमुख पदों पर कार्यरत हैं।

# गुरूआ विधान सभा क्षेत्र पर हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर ने की दावेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर की एक बैठक सोमवार को परैया खुर्द पंचायत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गुरारू प्रखंड के कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष कुलेंद्र मांझी ने किया। बैठक में पंचायत से आए हुए सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय के नेतृत्व में हिंदुस्तान में अवाम मोर्चा सेक्युलर का सदस्य ग्रहण किया। गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के सदस्यता अभियान चलाने की जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय खुद संभाल रखे हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता अभियान तेज गति से चलाई जा रही है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर मांझी ने नेतृत्व से गुरुआ विधानसभा क्षेत्र पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर का प्रत्याशी उतारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के वोटर हैं। यह सीट एनडीए के लिए उपयुक्त है जिसमें सबसे अधिक दावा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर का बनता है। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने कहा कि सीट बंटवारे की जवाब शीर्ष नेतृत्व पर है। आपकी मांग जायज है, परंतु यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेना है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि पार्टी को बूथ स्तर तक एक माह के भीतर ले जाए। एक माह के भीतर बूथ कमेटी का निर्माण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष को इसकी सूची शॉप दी जाए। हम लोगों का काम है मेहनत करना उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिस उत्साह से आप लोग मेहनत कर रहे हैं आपके मांगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष तक अवश्य पहुंचाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संतोष शर्मा, शंकर मांझी, रामविलास मांझी, चंद्रशेन कुमार चम्पू, टूनू मांझी, प्रेम कुमार आदि ने संबोधित किया।

# सीएचसी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के सीएचसी में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस सोमवार को मनाया गया जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटा, कैंडल जलाया और पुष्प अर्पित किया। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को मनाया जाता है जो आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करना और उनके योगदान को उजागर करना है। नर्सों की कमी को दूर करने और उनके पेशे को बढ़ावा देने के लिए, नर्सों के अधिकारों और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए, नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। भारत सरकार ने नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता देने के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरुआत की है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 12 मई को दिया जाता है। उक्त कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी डॉ. नदीम अख्तर, डॉ.यशवंत कुमार, हेल्थ मैनेजर मो.वसीम उद्दीन, सीएचओ प्रियंका कुमारी, एएनएम अनिता कुमारी, काजल कुमारी, रंजू कुमारी, मधु कुमारी, प्रज्ञा, प्रतिमा,अनिशा, मंजू, नीलकमल, बेबी, जीएनएम खुशबू कुमारी आदि मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पं.गौरांगी गौरी का आगमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के पहरा पंचायत अंतर्गत गनौरी टीला गांव में 21 से 31 मई तक विशाल रूद्र महायज्ञ का आयोजन राज मंगल सिंह एवं रंजीत सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस यज्ञ में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पंडित गौरांगी गौरी का आगमन होने जा रहा है। इस संबंध में आयोजक दोनों भाई राजमंगल सिंह एवं रंजीत सिंह ने बताया कि यज्ञ के माध्यम से भगवान शिव एवं अन्य देवी-देवताओं के मूर्तियों का गांव में निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। मूर्तियां चेन्नई से मंगवाई गई हैं। समस्त कर्मकाण्ड कार्यक्रम वाराणसी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा याज्ञिक पं.भूषण तिवारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस यज्ञ समारोह में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका सह भजन साम्राज्ञी पंडित गौरांगी गौरी द्वारा ग्यारह दिवसीय रामकथा का व्याख्यान किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से लाखों की संख्या में आने का आग्रह किया है। यज्ञ की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो चुकी है। ज्ञात हो कि यह गांव गुरारू, परैया और गुरूआ थाना क्षेत्र के बीचो-बीच मोरहर नदी पर स्थित है और कुछ वर्ष पूर्व अतिपिछड़ा क्षेत्र के नाम से पहचाना जाता था। दोनों भाइयों द्वारा कराए जा रहे इस आयोजन से पूरे गया जिला में प्रशंसा के पात्र बने हुए हैं।

# बुद्ध प्रतिमा पर कैंडल जलाकर श्रद्धापूर्वक नमन किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भगवान बुद्ध की 2569 वीं जयंती के अवसर सोमवार को पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बुद्ध प्रतिमा पर कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन, उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि आज के समय में जब मानवता अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है, बुद्ध के सिद्धांत और शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अहिंसा, करुणा, सत्य और सहिष्णुता जैसे मूल्य केवल धार्मिक या आध्यात्मिक सिद्धांत नहीं हैं, बल्कि एक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की नींव हैं। बुद्ध ने हमें यह सिखाया कि आंतरिक शांति ही बाहरी शांति का मूल है और जब तक व्यक्ति स्वयं के भीतर जागरूक नहीं होगा, तब तक समाज में सच्चा परिवर्तन संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का उद्देश्य भी उसी दिशा में कार्य करना है जिसमें हर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो और समाज में समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का भाव स्थापित हो। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए कहा एवं युवाओं से आह्वान किया कि वे बुद्ध के जीवन से प्रेरणा लें और अपने जीवन में नैतिकता, संयम व सेवा को अपनाएं। हम बुद्ध के विचारों को व्यवहार में उतारें। नमन करने वालों में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्त, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, बबलू गुप्ता, मंटू कुमार आदि थे।

संपादकीय

## पाकिस्तान को मिला उसी की भाषा में जवाब

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के एक साथ नौ ठिकानों पर लक्षित हमले बोल दिए. मिसाइलों से छोड़े गए शक्तिशाली बमों ने भवनों समेत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. इन ठिकानों में बाघ, कोटली, भीमबेर, चक अमरू, मुजफ्फराबाद, गुलपुर, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर शामिल हैं.

इन हमलों में कितने आतंकी मारे गए, यह संख्या निश्चित नहीं है, लेकिन 100 से ऊपर अवश्य हैं. सेना ने विलक्षण प्रयोग करते हुए इस हमले की जानकारी मीडिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' में शामिल भारतीय सेना की लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के माध्यम से दी. सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा दी गई इस जानकारी से तय हुआ कि भारत में हर वर्ग और धर्म से जुड़ी नारी का सम्मान बराबरी से किया जाता है. इस प्रेसवार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी शामिल थे. उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 में मुंबई हमले के बाद सबसे बड़ा था. यह हमला लश्कर-ए-तैयबा ने कराया था, जिसका संचालन पाकिस्तान से होता है. पहलगाम हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी. यह लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है. सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविर को तबाह किया है, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था. मुरीदके में मरकज तैयबा को ध्वस्त किया गया है. यही लश्कर का मुख्यालय माना जाता है. यहीं पर मुंबई हमले के प्रमुख आतंकी अजमल कसाब ने प्रशिक्षण लिया था. इस जवाबी कार्रवाई के बाद भारत की कूटनीति अत्यंत सफल दिखाई दी है. भारत का अमेरिका, रूस, जापान ने खुलकर साथ दिया. तीनों सेनाओं ने इस जवाबी कार्रवाई को संयुक्त रूप से सफलता के सोपान पर पहुंचाया. मोदी ने वैश्विक आतंकवाद से लड़ने के लिए बीते 11 साल से जो मुहिम चलाई हुई है, वह एक रंग में रंगी दिखाई दे रही है. इसीलिए मोदी के नेतृत्व में भारत कूटनीतिक मोर्चे पर बहुत मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है. लिहाजा, भारत को अब बिना देर किए पाक अधिकृत कश्मीर जो वास्तव में भारत का हिस्सा है, वहां हस्तक्षेप करने की जरूरत है. बलूची, सिंधी, पश्तून, गिलगित-बाल्टिस्तान की जनता और पीओके में जो नागरिक स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत है.

चूंकि पीओके भारत का हिस्सा है, इसलिए जैश से जो इलाके मुक्त हुए हैं, वहां सुरक्षाबलों के ठिकाने भी बनाए जा सकते हैं. पाक को आतंकी देश घोषित करने की मुहिम चलाई जानी चाहिए. इस समय भारत को पाक द्वारा परमाणु हमले का भय दिखाया जा रहा है. हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ ने कहा था कि पाक किसी अतिवादी हमले पर विचार न करे. यदि पाकिस्तान एक परमाणु बम चलाएगा तो भारत 20 परमाणु बमों से जवाब देगा.

# आमजन के प्रति सदैव समर्पित रहे जननेता सुशील कुमार मोदी

**शैलेन्द्र कुमार ओझा और सुमन कुमार झा**

मौत अपनी लड़ाई हार जाती है जब उसका सामना एक बहादुर आदमी से होता है! यह उस शख्सियत के साथ सच है जो एक साल पहले दुनिया छोड़ गए,लेकिन अभी भी हमारे साथ हैं, नश्वरता से अप्रभावित। आपकी विरासत और आपके कार्यों का प्रभाव आपकी मृत्यु के बाद भी जारी है, जिससे आपकी शारीरिक मृत्यु आपके कार्यों और भावना से कम महत्वपूर्ण हो जाती है।

एक साल बीत चुका है जब हमारे मार्गदर्शक सुशील कुमार मोदी जिन्हें प्यार से सूमो कहा जाता था, हमें अनाथ छोड़कर स्वर्ग चले गए।

लेकिन आप अभी भी हमारे साथ हैं क्योंकि आपकी कार्यकुशलता, शानदार समय-प्रबंधन, उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और आपका अनुशासन हमारा मार्गदर्शन करते रहते हैं भले ही आप हमारे साथ नहीं हैं।

हमें आपकी शानदार शिक्षण शैली अभी भी याद है जब आप किसी मार्टिनेट से कम नहीं थे, लेकिन आप तुरंत एक ऐसे अभिभावक बन गए जो दयालु शब्दों के साथ प्रकट हुए। ताज़ा संवेदना के साथ, हम कहेंगे कि जब भी हम आपके कार्य/व्यवहार से परेशान होंगे, आपको तुरंत हमारे आघात का एहसास होगा और फिर कुछ ही समय में आप हमारे आहत मन पर सुखदायक मरहम लगा देंगे, जिससे आपके प्रति किसी भी प्रकार की शिकायत की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

आप बिहार के नेताओं जैसे स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर, कैलाशपति मिश्रा के पदचिन्हों पर चलने वाले नेता के शिष्य थे, लेकिन समाजवाद के मूल सिद्धांत, जनता के सुधार के लिए आपकी चिंता अत्यधिक सराहनीय है। आप ( नीतीश कुमार जी के साथ) उनके (जय प्रकाश नारायण के) समाजवाद का दिखावा किए बिना जनता के लिए, बिहार के लोगों के लिए जिए और मरे, आज के राजनेताओं के लिए एक फैशन बन गया है।

आपने बिहार में विपक्षी नेता के रूप में सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाकर अन्य राजनेताओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमने दो दशकों से अधिक समय तक आपका सानिध्य मिला और आपको भारी राजनीतिक दबावों और आलोचनाओं के बावजूद भी काम करते देखा। विपक्ष के नेता के रूप में काम करते हुए भी आप अपने रास्ते से कभी नहीं डिगे और आपके लगातार रचनात्मक कार्यों ने आखिरकार बिहार में बदलाव ला दिया जब आप लंबे समय तक लगातार उदासीनता और उपेक्षा का सामना करने वाले बिहार में बदलाव की पटकथा लिखने के लिए सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे।

सरकार में रहते हुए भी आपने कभी आराम नहीं किया और दिन-रात अपने विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाया और इस बात से कोई भी असहमत नहीं होगा कि आज का बिहार आपके विज़न का बिहार है जिसे आपने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ इतनी चतुराई से पूरा किया। चुनावों से पहले आपकी रणनीति ने हमेशा एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम किया, जिससे शायद ही कभी पार्टी या लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी हो। आपकी राजनीति में जनता, विशेषकर गरीब जनता सदैव शीर्ष पर रही।

जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) जैसी कर व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के आपके काम को हमेशा याद रखा जाएगा। आप भारत में जीएसटी की शुरूआत के लिए आम सहमति बनाने में सहायक थे और जीएसटी के कार्यान्वयन के बाद, आपने जीएसटी परिषद के भीतर विभिन्न समूहों के संयोजक और सदस्य के रूप में कार्य किया।

हम जीएसटी परिषद की प्रत्येक बैठक में भाग लेने में आपकी तत्परता को याद करते हैं और आज आपके अमूल्य सुझाव भारत में कर सुधारों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बन गए हैं।



आपके काम पर कभी किसी ने उंगली नहीं उठाई और यह एक सबक है, जिसे खासकर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को एक मजबूत और भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए आत्मसात करना चाहिए।

सबसे बड़ा गुण आपके निंदा न करने के स्वभाव में है। आपके साथ लंबे समय तक जुड़े रहने के दौरान हमने आपको कभी किसी के लिए गलत शब्द कहते नहीं सुना। आपने किसी से कोई शत्रुता नहीं रखी। आपके लिए राजनीति पवित्र थी. वास्तव में, आपने युवाओं को राजनीति में शामिल होने के लिए एक प्रेरक के रूप में काम किया, न कि विश्वासघात करने के लिए।

आपके अचानक चले जाने से बिहार की राजनीति में एक खालीपन आ गया है और हमें संदेह है कि निकट भविष्य में यह भर पाएगा या नहीं। आप एक गहन पर्यवेक्षक थे जिन्होंने कभी भी कोई भी काम बीच में नहीं छोड़ा। नई चीज़ों की गहराई में जाकर उन्हें सीखने की आपकी जिज्ञासा शिक्षार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी अनुकरणीय रहेगी।

हमें यह कहना चाहिए कि आपने एक दृष्टिकोण निर्धारित किया है जिसके आधार पर हम वह हासिल करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं जो हमने अभी तक हासिल नहीं किया है। वास्तव में, आपने विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उन लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए कार्य योजनाएँ विकसित कर रहे हैं जिनकी आपने कभी कल्पना की थी। आपने एक रोडमैप छोड़ा है हम उस पर चलकर दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करेंगे।

बीमार और पीड़ित समुदाय के प्रति आपकी करुणा तब झलकी जब आपने बिहार में दधीचि देह दान समिति अभियान को आगे बढाया । आज यहां यह मुहिम जोर पकड़ चुकी है और कई लोग मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। आपका अभियान असंख्य बीमार और पीड़ित लोगों को नया जीवन देता रहेगा। दधीचि देह दान समिति के द्वारा कोरोना के काल में अनाथ बच्चों को लोगों के सहयोग से मदद एक सराहनीय प्रयास था। जब आप कोरोना से पीड़ित लोगों को सुबह-शाम फ़ोन करके खबर लेते थे और फिर बाद में जब भी जिला या उस इलाके का दौरा होता था तो उनके घर मिलने जाना, इसको याद कर आखें नम हो जाती है।

तीन दशकों से अधिक के अपने राजनीतिक जीवन में, आप बिहार की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति बने रहे और आपको संसद के दोनों सदनों के साथ-साथ बिहार विधान सभा और विधान परिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने का गौरव प्राप्त हुआ। आपने 2005 से 2013 और फिर 2017 से 2020 तक सबसे लंबी अवधि तक बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। राज्यसभा सांसद के रूप में आपने कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय समिति की अध्यक्षता की।

आप बिहार में विशुद्ध राजनीति के प्रतीक थे और वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आपने राज्य के विकास में बहुत योगदान दिया और आपको प्रभावी राजकोषीय प्रबंधन का श्रेय दिया जाता है, जिससे बिहार में स्थिरता का दौर शुरू हुआ, जिसे पहले बीमारू राज्य माना जाता था। और हम गर्व से कहते हैं कि राज्य के वित्त मंत्री के रूप में आपके कार्यकाल के दौरान आपके खिलाफ कभी कोई आरोप नहीं लगाया गया।

सार्वजनिक जीवन में आपके उत्कृष्ट योगदान के लिए हाल ही में सरकार ने आपको मरणोपरांत प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार आपके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। वे दिन दूर नहीं जब उभरते राजनेता राजनीति में अपना करियर बनाने के लिए आपके व्यक्तित्व पर शोध करेंगे।

आज आप हमारे साथ नहीं हैं लेकिन आप हमें प्रेरित करते रहेंगे और आशा करते हैं कि आपके विचार, आपका दृष्टिकोण, आपका राजनीतिक दर्शन, आपकी सादगी, जनता के प्रति आपका प्यार और अदम्य भावना के साथ आपका अथक कार्य उन लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे जो राजनीति के साथ जीना और मरना चाहते हैं।

**(लेखकद्वय शैलेंद्र कुमार ओझा एवं सुमन कुमार झा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्मृतिशेष सुशील कुमार मोदी के क्रमशः आप्त सचिव एवं निजी सचिव रह चुके हैं)**

अध्यात्म

## अपनी शक्ति के अनुसार दूसरों की मदद करते रहना चाहिए



सभी धर्मों में दान का विशेष महत्व बताया है। दान से ही समाज में समानता आ सकती है। अगर हम किसी मदद करना चाहते हैं तो इसके लिए कई रास्ते मिल सकते हैं। इस संबंध में एक कथा बहुत प्रसिद्ध है। कथा के अनुसार फलों के एक दुकानदार ने एक ग्राहक को फलों के दाम बहुत ज्यादा बताए। तभी वहां एक गरीब महिला आई। उसने केले और सेवफल के भाव पूछे। दुकानदार ने महिला को फलों के दाम बहुत कम बताए। इतने कम भाव सुनते ही पहले वाला ग्राहक गुस्सा हो गया। वह कुछ बोलता इससे पहले दुकानदार ने उसे चुप रहने का इशारा किया। उस समय ग्राहक शांत हो गया।

महिला ने फल लिए, पैसे दिए और वहां चली गई। इसके बाद पहला ग्राहक गुस्से में बोला कि भाई मैंने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है, तुम मुझसे इतना ज्यादा पैसा क्यों मांग रहे हो? उस महिला से तो तुमने बहुत कम दाम लिया है। दुकानदार बोला कि भाई, मैंने आपको कोई धोखा नहीं दिया है। वह महिला बहुत गरीब है, स्वाभिमानी है। वह कभी भी किसी से मदद नहीं लेती है। मैंने कई बार उसकी मदद करने की कोशिश की है, लेकिन वह लेने से मना कर देती है। तब मैंने सोचा कि इसकी मदद करने के लिए इसे कम भाव में फल देना चाहिए। इसके बाद से मैं इससे फलों के नाम मात्र के पैसे लेता हूं, ताकि उसका भी स्वाभिमान बना रहे और मेरी मदद भी उसे मिल जाए।

**सीख**

यह बात सही नहीं है कि हमारे पास बहुत ज्यादा धन नहीं है तो हम किसी की मदद नहीं कर सकते हैं। हमारी जितनी शक्ति है, उस हिसाब से दान कर सकते हैं। दान करने की इच्छा है तो उसका रास्ता भी मिल सकता है।

# अब हरदम तैयार है भारतीय सेना

शायद अब पाकिस्तान का जनरल आसिम मुनीर भी कुछ वैसे ही सपने देख रहा है। वह मुशर्रफ और जिया की राह पर है। पाकिस्तान के नेताओं और जनता को इस खतरे को समझना चाहिए कि उसे भारत से नहीं, अपनी सेना से खतरा है। वैसे भी एन.एस.ए. अजीत डोभाल ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हमारा तनाव बढ़ाने का अब इरादा नहीं है और सेना ने भी सीमा पर सफेद झंडा लगा इस तरीके का संकेत दे दिया है। लेकिन हमें पूरी तरह से तैयार रहना होगा। कारण पाकिस्तान की सेना अपनी जनता में जोश भरना चाहती है, वह भी उस हालत में जब पाक जनता का सेना से विश्वास उठ चुका है। वहां की जनता वर्दी की गुंडागर्दी से तंग आ चुकी है। इस बार भारत और भारत की जनता एकजुट नजर आ रही है। कहीं कोई अगर-मगर अभी नहीं है। विपक्ष के नेता भी सेना का मनोबल उठाते दिखते हैं और हर समय आलोचना करने के आदी असदुद्दीन ओवैसी भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ सेना के साथ खड़े हैं। देश एक है। भारत माता की जय हो, जय हिंद।

**अकु श्रीवास्तव**

हमारी शस्त्र सेनाओं ने मात्र 25 मिनट से भी कम समय में पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। 'आप्रेशन सिंदूर' के तहत 24 मिसाइलें दागी गईं और सभी अपने लक्ष्य पर गिरीं। इन 9 ठिकानों में 5 पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे और 4 पाकिस्तान में। पाकिस्तान में घुस कर पहल करने का यह पहला मामला था। इन अड्डों पर आतंकवादियों की भर्ती हो रही थी और उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इससे पहले मंगलवार शाम तक सब कुछ सामान्य-सा लग रहा था। पाकिस्तान की सेना अवश्य ही इस भुलावे में रही होगी कि भारतीय सेना कोई भी कदम उठाने से पहले तैयारी के लिए समय लेगी। अभी तो भारत में मॉक ड्रिल चल रहा है।

हो सकता है कि किसी ने इसे रूस की क्रांति की तारीख 9 मई से भी जोड़ लिया हो। यूं 1971 की जंग से पहले भी सेना ने कई महीने तैयारी की थी। तब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सेना को हरी झंडी के बाद सेना प्रमुख जनरल मानेक शॉ ने कहा था-युद्ध की तारीख भी सेना तय करेगी और जगह भी। हुआ भी यही। फरवरी 1999 में भी पाक सैनिकों ने हमारे रणनीतिक क्षेत्र पर गुपचुप कब्जा कर लिया था। 3 मई 1999 को स्थानीय चरवाहों से भारतीय सेना को जानकारी मिल गई थी। उसके बाद मेजर सौरभ कालिया के नेतृत्व में गए भारतीय गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया गया। 25 मई 1999 को वायुसेना और जमीनी सैनिकों को संयुक्त रूप से कार्रवाई का काम सौंपा गया। यानी तैयारी में 20 दिन से ज्यादा का समय लगा था। मगर अब वह समय नहीं है। भारतीय सेना हर दम तैयार रहती है। 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा हमले के 12 दिन बाद ही 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उसी तरह इस बार भी करीब 2 सप्ताह में पाकिस्तान के आतंकवादियों की ओर से पहलगाम में हुई हरकत का सबक सिखाया गया। उससे पहले सारे कूटनीतिक उपायों पर काम जारी था।

हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक बुलाई गई। सर्वदलीय बैठक की गई। दुनिया के सभी प्रमुख नेताओं से वार्ता का दौरा चलता रहा। तीनों सेनाओं के कमांडरों के साथ बैठक हुई। सेना को खुली छूट दी गई और नतीजा पूरी दुनिया देख रही है। आतंकियों के ठिकाने तबाह हो चुके हैं। पाकिस्तान शर्मिंदगी ढोने को मजबूर है। पाकिस्तान में जिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनका निर्माण पिछले 3 दशकों से हो रहा था। इनमें आतंकवादियों को भर्ती करने, प्रशिक्षण देने और फिर उन्हें भारत में लांच करने का काम किया जा रहा था। ये ठिकाने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर तक फैले थे। इनमें कई जैश के ठिकाने थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तान को बार-बार सबक सिखाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? 1971 में उसे सबसे बड़ी हार मिली थी।



पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए, उसके 90 हजार से ज्यादा सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पंजाब में आतंकवाद को खड़ा करने में मुख्य भूमिका निभाता रहा। उसके बाद उसने कश्मीर में भी वही खेल शुरू किया।

20 फरवरी 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर की यात्रा कर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने की कोशिश की मगर दूसरी ओर पाकिस्तान ने कारगिल की चोटियों पर गुपचुप कब्जा कर विश्वासघात किया। कारगिल युद्ध हुआ और पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा। 2008 के मुम्बई हमले के बाद लग रहा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। मगर 25 दिसम्बर 2015 में उससे फिर से रिश्ते सामान्य बनाने की कोशिश की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं विशेष विमान से लाहौर गए। लेकिन पाक सुधरा नहीं। उसने 9 दिन बाद पठानकोट एयरबेस पर आतंकवादी हमला कराया। विश्वासघात का यह एक और अध्याय था। ये हमले यहीं नहीं रुके, उसके बाद उरी और पुलवामा भी हुआ। पुलवामा के बाद सबक सिखाया गया मगर वह सुधरा नहीं और बात पहलगाम तक आ गई। पाकिस्तान की राजनीति वहां की सेना के चारों ओर घूमती है। उनके सेनानायक भ्रष्ट और तानाशाह रवैये के लिए जाने जाते हैं। 1956 में रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा राष्ट्रपति बने और उन्होंने पाकिस्तान की कमान सेना को सौंपी। अगले 2 साल में पाकिस्तान में 4 प्रधानमंत्री बदले गए। जनरल अयूब खान ने पाकिस्तान में सैन्य शासन लागू किया और सबसे पहले इस्कंदर मिर्जा को देश से निष्काषित किया। अयूब खान के बाद पाक जनरलों की तानाशाही की सूची में जिया उलहक और जनरल परवेज मुशर्रफ का नाम आता है। इन सबको राष्ट्र प्रमुख बनने का शौक चढ़ा रहता है। शायद अब पाकिस्तान का जनरल आसिम मुनीर भी कुछ वैसे ही सपने देख रहा है। वह मुशर्रफ और जिया की राह पर है। पाकिस्तान के नेताओं और जनता को इस खतरे को समझना चाहिए कि उसे भारत से नहीं, अपनी सेना से खतरा है। वैसे भी एन.एस.ए. अजीत डोभाल ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हमारा तनाव बढ़ाने का अब इरादा नहीं है और सेना ने भी सीमा पर सफेद झंडा लगा इस तरीके का संकेत दे दिया है। लेकिन हमें पूरी तरह से तैयार रहना होगा। कारण पाकिस्तान की सेना अपनी जनता में जोश भरना चाहती है, वह भी उस हालत में जब पाक जनता का सेना से विश्वास उठ चुका है। वहां की जनता वर्दी की गुंडागर्दी से तंग आ चुकी है। इस बार भारत और भारत की जनता एकजुट नजर आ रही है। कहीं कोई अगर-मगर अभी नहीं है। विपक्ष के नेता भी सेना का मनोबल उठाते दिखते हैं और हर समय आलोचना करने के आदी असदुद्दीन ओवैसी भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ सेना के साथ खड़े हैं। देश एक है। भारत माता की जय हो, जय हिंद।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

नजदीकी लोगों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। परिजनों से अपने मन की बातें साझा करें।

**वृषभ**

आज आपको सोच-समझकर बातें करनी चाहिये। अधिक बोलने के कारण हास्य का पात्र बन सकते हैं। कारोबार में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में आय में वृद्धि होगी। कई दिनों से अटके हुये मामलों को लेकर निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं। सरकारी योजनाओं से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क**

अधिकारी वर्ग के लोग आपके ऊपर क्रोधित हो सकते हैं। सोच-समझकर ही धन खर्च करें। धन उधार लेना आपको महँगा पड़ सकता है।

**सिंह**

दूर के रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। घर पर काफी आराम का वक्त बितायेंगे। स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिये काफी सक्रिय रहेंगे।

**कन्या**

आज आपके सही कार्यों का भी विरोध हो सकता है। लापरवाह रवैये के कारण आपको परेशानी हो सकती है। अपने व्यवहार में नरमी रखें।

**तुला**

रुके हुये कार्यों में गति आयेगी। युवाओं को नयी जॉब का ऑफर मिल सकता है। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में नये अनुभवों की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक**

आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ सकता है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें।

**धनु**

आय के नये साधन विकसित करने का प्रयास कर सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अन्तर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**मकर**

किसी छोटी यात्रा का प्रोग्राम बना सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की बातों से मन व्यथित हो सकता है।

**कुंभ**

अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा। शेयर मार्केट से धन लाभ हो सकता है।

**मीन**

आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नये लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे।

# मामूली गड़बड़ी पर म्यूटेशन न करें रद्द : मंत्री

## गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो दाखिलखारिज का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री संजय सरावगी द्वारा राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक की गई। मंत्री द्वारा राजस्व संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जैसे कि दाखिल खारिज, परिमार्जन प्लस, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा 2, इत्यादि।

दाखिल खारिज की समीक्षा के क्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता, मंझौल-सह-प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, बेगूसराय अमित राजन द्वारा बताया गया कि दाखिल खारिज का निष्पादन प्रतिशत 99 प्रतिशत है। जिसमें बेगूसराय जिला राज्य में चौथा स्थान पर है। साथ ही उन्होंने बताया कि परिमार्जन प्लस में बेगूसराय जिला का निष्पादन प्रतिशत 90 प्रतिशत है। जिसमें बेगूसराय जिला पांचवे स्थान पर है। उन्होंने आगे बताया कि ऑनलाइन आधार सीडिंग में बेगूसराय जिला 80 प्रतिशत पार कर चुका है। मंत्री द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित अन्य बिंदु जैसे कि सरकारी भूमि का सत्यापन, जमाबंदी में लंबित लगान, भूमि सुधार उप समाहर्ता न्यायालय, ई-मापी इत्यादि का प्रदर्शन में संतोष व्यक्त किया गया। मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि दाखिल खारिज का निष्पादन गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए एवं अस्वीकृति का कारण स्पष्ट हो। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि बेगूसराय सदर अंचल के नगर निगम हल्का में वैसे गैरमजरूआ आम-खास भूमि जिसपर लाभुक- परिवादी रैयती होने का दावा करते हैं तथा रैयती होने से संबंधित कागजात समर्पित करते है। उक्त का कैंप लगाकर आवेदन प्राप्त करते हुए नियमानुसार उक्त भूमि से संबंधित दाखिल खारिज का निष्पादन किया जाए। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा अंचल अधिकारी को 16मई से 30 मई तक अंचल कार्यालय में इस तरह के आवेदन प्राप्त करने हेतु कैंप का आयोजन करने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही प्रभारी मंत्री द्वारा सभी अंचल अधिकारी को चेतावनी दी गयी कि एक ही दिन में नोटिस निर्गत कर उसी दिन सुनवाई की तारीख नहीं रखी जाए। साथ ही अभियान बसेरा के क्रम में जिन लाभुकों को अयोग्य ठहराया गया है। उनकी जांच जिला स्तरीय पदाधिकारी से करवाते हुए संबंधित दोषी कर्मी-पदाधिकारी को चिन्हित करते हुए आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई का निदेश दिया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत, पुलिस कर रही जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** रविवार की शाम दो अनजान बाइक सवार युवकों ने एक युवती को सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर छोड कर फरार हो गये। दोनों लड़को को भागते देख अस्पताल गेट पर मौजूद सुरक्षा गार्ड और अन्य लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन तब तक दोनों के वहां से फरार हो गये। इसके बाद लड़की को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद कर्मी के अनुसार मरने से पहले लड़की ने अपना नाम विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी गंगा प्रसाद सिंह की पुत्री खुशबु कुमारी बताया था। डॉक्टरों के द्वारा उसे बचाने का काफी भरसक प्रयास किया गया। लेकिन कुछ मिनटों बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद लड़की के बताये पते पर संपर्क करने पर उसके बहनोई सदर अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने बताया की खुशबु समस्तीपुर में ही डेरा लेकर पढ़ती थी। वहां से यहां कैसे आयी और उसकी मौत कैसे हुई कुछ भी जानकारी नहीं है। इधर पुलिस ने उसके शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस संबंध में सदर एसडीओ संजय पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवती के मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। उसके परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समाज में नर्सो के योगदान विषय पर विचार गोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सोमवार को वारिसनगर प्रखंड के मन्नीपुर स्थित पनासिया नर्सिंग कॉलेज में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों का बुके तथा मोमेंटो से स्वागत के बाद बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाज में नर्सो का योगदान विषयक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बी.बी.फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के अध्यक्ष मो तैयब परवेज तथा संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने किया। बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र का कार्य निःस्वार्थ सेवा का कार्य है। वे जिस दया और करुणा के भाव से मरीज की सेवा करते हैं वह अवर्णनीय व अनुकरणीय है। इससे मिलने वाली दुआएं जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। नर्स का पूरा जीवन सेवा भाव से भरा होता है। सेवा, समर्पण और सहानुभूति का दूसरा नाम ही नर्स है। समाज में नर्सों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके कॉलेज की प्राचार्य ज्योति, सहित सैकडो गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समस्तीपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों का बड़ी संख्या में तबादला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के बड़ी संख्या में कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। 11 मई को इस बाबत सहायक मंडल कार्मिक पदाधिकारी तीन ने पत्र जारी करते हुए किया है। इसमें वाणिज्य अधीक्षक, टिकट निरीक्षक सहित विभिन्न पदों के अधिकारी शामिल है। समस्तीपुर रेल मंडल के लगभग सभी स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों का तबादला किया गया। इसके अलावा मुख्यालय में तैनात कर्मचारी भी तबादला हुए हैं। समस्तीपुर रेल मंडल में कार्यरत 11 डीसीआई का तबादला भी किया गया है। इसमें एसके बरियार को समस्तीपुर जंक्शन का नया डीसीआई बनाया गया है। जबकि दिलीप कुमार को दरभंगा का डीसीआई बनाया गया। जारी सूची में मुख्यालय में तैनात राजेश रंजन श्रीवास्तव को सीतामढ़ी, मदन ठाकुर को झंझारपुर से समस्तीपुर रेल मंडल मुख्यालय, अमरेंद्र कुमार लाल को सहरसा से बेतिया, हरिशंकर भक्ता को सीतामढ़ी से बापूधाम मोतिहारी तबादला किया गया है। नंदन झा को रेल मंडल मुख्यालय में ही प्लानिंग में भेजा गया है जबकि आशीष रंजन हांसदा को बेतिया से रक्सौल, रक्सौल के डीसीआई संजय कुमार को सहरसा, प्रतीक पाराशर को बनमनखी और रवि साहनी को मुख्यालय से झंझारपुर तबादला करते हुए नया डीसीआई बनाया गया है। जबकि समस्तीपुर में सर्वजीत कुमार श्रवण को तबादला करते हुए रेल मंडल मुख्यालय भेजा गया। मंडल मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक मंडले रेल प्रबंधक के निर्देशानुसार समेकित रूप में मुख्य चल टिकट निरीक्षक लेवल 815 कर्मचारी, मुख्य चल टिकट निरीक्षक लेवल 714 कर्मचारी, प्रधान टिकट परीक्षक लेवल 714 कर्मचारी, प्रधान टिकट परीक्षा लेवल 644 कर्मचारी मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक लेवल 72 कर्मचारी, आरक्षण पर्यवेक्षक लेवल 8, पांच कर्मचारी, वाणिज्य अधीक्षक लेवल 715 कर्मचारी, मुख्य वाणिज्य लिपिक लेवल 645 कर्मचारी, प्रवर वाणिज्य लिपिक लेवल 53 कर्मचारी, एवं वाणिज्य लिपिक लेवल 31 कर्मचारियों के तबादले हुए हैं।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआईजी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने बेगूसराय क्षेत्र के आंतरिक सुरक्षा विषय पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों जिला के पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये। जिसमे पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, समादेष्टा सीआईएसएफ बरौनी रिफाइनरी, उप समादेष्टा एनटीपीसी बरौनी थर्मल, सुरक्षा प्रभारी एच यू आर एल बरौनी फर्टिलाइजर बरौनी एवं पुलिस उपाधीक्षक रेल बरौनी एवं पुलिस निरीक्षक बरौनी अंचल थाना अध्यक्ष नगर, थाना अध्यक्ष चकिया, थाना अध्यक्ष रिफाइनरी, थानाध्यक्ष बरौनी एवं थाना अध्यक्ष जीरोमाइल के साथ बैठक किया गया। बेगूसराय क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान बरौनी रिफाइनरी, एचयूआरएल एवं एनटीपीसी इत्यादि तथा महत्वपूर्ण स्थान जैसे रेलवे स्टेशन, पुल इत्यादि की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वाहन चेकिंग, होटल, लज, गेस्ट हाउस इत्यादि की चेकिंग को सख्ती से करने का निर्देश दिया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने हेतु तथा दोनों जिलों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अज्ञात अपराधियों ने की गोलीबारी, बच्ची घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र के महाजी रामदीरी गांव में सोमवार को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना में एक 6 साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची की पहचान कैलाश कुमार की पुत्री जानकी कुमारी के रूप में हुई है जिसे इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गोलीबारी की यह घटना गांव में भूसा ढोने को लेकर हुए आपसी विवाद के बाद गाली-गलौज और मारपीट से शुरू हुई जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। इसी दौरान कुछ अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को निशाना बनाकर 15 से 20 राउंड फायरिंग की। इसी गोलीबारी की चपेट में जानकी कुमारी आ गई। जिसे जांघ में गोली लगने की पुष्टि की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना दिन के समय हुई जब अधिकांश लोग अपने-अपने कामों में लगे हुए थे। अचानक हुए फायरिंग से पूरे गांव में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने घायल बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर डीएसपी-2 के नेतृत्व में मटिहानी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरूकर दी। एसपी मनीष कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखे (कारतूस के खोल) बरामद किए हैं। जिन्हें फरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि फायरिंग में किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया। हमले का मुख्य निशाना कौन था। जानकी कुमारी की हालत गंभीर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक गोलीबारी के कारण उसे गहरी चोट आई है और यदि समय पर इलाज न हुआ होता तो स्थिति और बिगड़ सकती थी।

# अगलगी की घटना में दर्जनों घर राख

## खाना बनाने के दौरान लगी आग, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** तेघड़ा थाना क्षेत्र के नगर परिषद के वार्ड नंबर-27 मधुरापुर गांव में खाना बनाने के दौरान लगी आग से कई घर जलकर राख। रविवार की दोपहर खाना बनाने के दौरान लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते-देखते 50 घरों को जला कर राख कर दिया। बताया जा रहा है कि दोपहर में अचानक एक घर में खाना बनाने के दौरान आग लग गई। इसके बाद लोग जब तक कुछ समझ पाते एक-एक कर सात गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई लेकिन आरोप है की सूचना मिलने के 1 घंटे के बाद अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा जिस वजह से इतने घरों में आग लग गई अगर समय पर अग्नि सामान दस्ता पहुंचता तो घरों को बचाया जा सकता था। घटना कि सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इस अगलगी में 50 झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए। इस आपदा के कारण पीड़ित परिवार के 200 से अधिक लोगों के सामने सर छुपाने से लेकर भोजन तक के लाले पड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। एसडीओ ने अविलंब राहत उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पीड़ित परिवारों के लिए अविलंब कम्युनिटी कीचन स्टार्ट करवाने तथा सभी पीड़ित परिवार को तत्काल प्लास्टिक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सभी पीड़ित परिवार को 20-20 हजार रुपए की सहायता 24 घंटा के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश सीओ को दिया गया है। एसडीओ ने कहा कि लोगों को होने वाली समस्या के निदान के लिए प्रखंड पदाधिकारी मुस्तैद हैं। करीब 50 घर आग लगने के कारण प्रभावित हुए हैं। पीड़ित सभी परिवार को सरकारी स्तर पर मिलने वाला हरसंभव मदद उपलब्ध कराया जाएगा।

# शराब कारोबार के विवाद में गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** गढ़हरा थाना क्षेत्र के हाजीपुर पोखर स्थित पुस्तकालय की छत पर रविवार की रात्रि हुई हत्या में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मृतक युवक की पहचान विशेश्वर साह का 23 वर्षीय पुत्र राणा कुमार के रूप में हुई थी। जिसका तेज धरदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिया गया था। घटना से आक्रोशित लोगो ने सड़क जाम कर जमकर बवाल काटा था। थानध्यक्ष सुमंत चौधरी ने स्थानीय दो युवकों गिरफ्तार किया है। बताया कि उक्त दोनों युवकों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार युवक में हाजीपुर पोखर निवासी बन्नू महतो का पुत्र चिंटू महतो और सिंटू महतो का पुत्र बंटी कुमार शामिल है। गहन पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।उन्होंने बताया कि ये सभी पूर्व में शराब का अवैध धंधा भी करते थे। इस धंधा में आपसी विवाद होने पर घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है।

# मिलन सह संवाद समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर प्रखंड क्षेत्र के कमला गांव निवासी सह युवा समाजसेवी राजू सहनी ने रविवार को उजियारपुर स्थित भगवानपुर कमला उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मिलन समारोह सह संवाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम श्रेष्ठ सहनी ने तथा संचालन पंकज कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमारे समाज में किसी के साथ, किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो न तो कोई सांसद नजर आते हैं और न ही कोई विधायक हांथ बंटाने आगे आने का काम करते हैं। वे लोग तो महल औपचारिकतावश भी पीडितों की सुधि लेना मुनासिब नहीं समझते। वहीं अगर समाजसेवी राजू सहनी को किसी प्रकार के दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में मालूम हो जाता है तो वे बिना भेद भाव किए निःस्वार्थ भाव से पीडितों व उनके परिजनों की मदद करने में सबसे पहले आगे आते हैं। चाहे किसी गरीब की बेटी की शादी हो या किसी के यहां आग लग गई है या किसी के यहां कोई अनहोनी घटना घटित हो गई है, जानकारी मिलते ही युवा समाजसेवी राजू सहनी अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अपने स्तर से मदद करते हैं। इस तरह के कार्य से उजियारपुर विधानसभा के आम नागरिक राजू सहनी को आशीर्वाद देने का काम करते हैं। इस बार उन्हें युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के रूप में स्थानीय उम्मीदवार चाहिए। वक्ताओं ने श्री सहनी से अपील की कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर कोई पार्टी चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दे तो भी आप निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें। मौके पर जयराम साहनी, शिक्षक पंकज कुमार साहनी, मोहम्मद असरफ अली, मोहम्मद आलमगीर शेख, मोहम्मद जुबैर, मोहम्मद अकबर, शकीना खातून, इशरत परवीन, मोहम्मद रईस, गोलू पासवान, अरविन्द कुमार पासवान, योगेन्द्र राम, बैजनाथ सहनी, नवीन प्रसाद सिंह, रामश्रेष्ठ साहनी, अरुण पासवान, घुरण साहनी, सुरेश प्रसाद सहनी, नरेश पासवान आदि थे।

# मिजोरम को हराकर उड़ीसा फाइनल में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स नेशनल फुटबॉल में यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में ग्रुप बी पुरूष वर्ग में ओडिशा और मिजोरम के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। ओडिशा ने एकतरफा मुकाबले में मिजोरम को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यमुना भगत स्टेडियम में खेला गया मैच एक तरफा दिखा। शुरू से ही मिजोरम की टीम दबाव में दिखी। ओडिशा की टीम ने पहले हाफ में शानदार खेल खेलते हुए 3 गोल दागे। कप्तान रोनिक ने मैच के 28 वे मिनट पर पहला गोल किया। अभिनाश किशन ने मैच के 34वे मिनट पर एक गोल दागा। 44 वे मिनट पर शंखा शेखर ने अपनी टीम के लिए एक गोल किया। दूसरे हफ में भी ओडिशा की टीम खिलाड़ियों ने शानदार खेल जारी रखा। मैच के 60 वे और 83 वे मिनट पर ओडिशा के शानदार खिलाड़ी वेंकटेश्वर ओरम ने अपनी टीम के लिए 2 जबर्दस्त गोल किया। ओडिशा की पुरूष टीम ने इस तरह से मैच में 5 गोल किया। ओडिशा के विरुद्ध खेल रही मिजोरम की पुरूष टीम आज कुछ खास खेल नहीं दिखाई। मिजोरम की टीम पहले हफ में ही गोल कर पाई जहां मैच के 16 में मिनट पर हेनरीलाल हनेहजोबा ही अपने टीम के लिए एकमात्र गोल कर पाए। दूसरे हफ में मिजोरम की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। इस तरह से ओडिशा ने 4 गोल से यह मैच जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल विजेता के साथ फाइनल में ओडिशा की टीम चौम्पियन बनने के लिए भिड़ेगी। पुरूष वर्ग का पहला सेमीफाइनल काफी अनुशासित और शानदार रहा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का प्रतीक गजसिंहभा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। दर्शकों के बीच जाकर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन करता रहा। दर्शक उसके साथ सेल्फी लेते दिखे। आज भी छुट्टी होने के कारण विभिन्न विद्यालयों के बच्चे मैच का लुफ्त उठाते नजर आए और खेल देखने के लिए अच्छी संख्या में दर्शक भी आए थे।

## एक नजर

### नाला उड़ाही की लगाई गुहार

**समस्तीपुर/पूसा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हरपुर महमदा में मुख्य सड़क पूसा बाजार से भारत गैस एजेंसी तक बरसात से पहले नाला उड़ाही एवं नाला के ऊपर ढक्कन का निर्माण कराया जाए जिससे हजारों परिवार को नारकीय जीवन से मुक्ति मिले। उक्त बातें हरपुर पंचायत समिति सदस्य खुश्बू देवी ने स्थानीय विधायक सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री को लिखे एक पत्र में उक्त बातें कही है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत राज हरपुर महमदा में वार्ड संख्या 08, 09, 10, 11 चार वार्डों में स्थित उक्त 2300 फीट लम्बे नाले का करीब 15 साल पूर्व में निर्माण कराया गया था। जिसमें नाले के ऊपर ढक्कन ना होने से नाला पूर्ण रूप से बन्द हो गया। जिससे बरसात के समय में हजारों परिवार के घरों में गंदा नाला का पानी भर जाता हैं और ग्रामीणों के आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता हैं। साथ ही हैजा, दस्त, कॉलरा आदि जैसे महामारियों का खतरा बना रहता हैं। श्रीमति खुश्बू ने पत्र में उल्लेख किया है कि 2017 में मेरे द्वारा निजी राशि 135000 हजार से नाले का उड़ाही कराया गया था। जिससे तीन साल तक ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मगर जल्द ही नाला फिर से जाम हो गया, और अभी तक नाला पूर्ण रूप से जाम हैं।

### पूर्व विधायक की पत्नी का निधन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार सुबह बखरी विधानसभा के पूर्व विधायक सह लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष रामविनोद पासवान की धर्मपत्नी की अकास्मिक निधन हो गया। निधन के बाद जानकारी मिलते ही लोगों ने पार्थिव उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प माला देकर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं लोजपा (रामविलास)के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, अनिल वर्मा, रमेश कुमार शैलेश, भगवान लाल पासवान, दीपक पासवान, वर्तमान विधायक सूर्यकांत पासवान, जिला पार्षद घनश्याम राय, लोजपा (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, भाजपा नेता रामशंकर पासवान, राष्ट्रपति कुमार मुखिया पूर्व मुखिया गया नदी पासवान शंकर महतो, अमेरिकन पासवान, गणेश महतो, लोजपा (रामविलास) के नेता दिवाकर कुमार पासवान आदि लोगों ने उनके घर पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### कोर्टेवा कंपनी की फसल मेगा प्रदर्शनी

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बागवन गांव में पायोनियर बीज कंपनी द्वारा शंकर मक्के के फसल कटाई दिवस मनाई। जिसमें गांव के ही किसान अशर्फी प्रसाद वर्मा के खेत पर कंपनी के जिलास्तरीय अधिकारी रिशु मौर्या व क्षेत्रीय प्रभारी गंगा प्रसाद संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में पी 3532 शंकर मक्का की कटाई किसानों के सामने करके दिखाया गया जिसमें पैदावार निम्न बिंदु से उपज अधिक मिला है। साथ ही कंपनी के जिला स्तरीय अधिकारी रिशु मौर्या जी बताई पी3532 मक्का की विशेषता है एक समान बुट्टा,और अन्य से दो धारी ज्यादा और नमी कम होती है। इन्हीं विशेषता के कारण उपज की नई परिभाषा से पी3532 शंकर मक्का जाना। किसानों ने देखा और बोला पी3532 पायोनियर मक्का, शेर नहीं सबा सेर है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय प्रभारी गंगा प्रसाद व अरविंद ने किसानों को आगामी फसल शंकर मक्के व धान के बारे में विशेष जानकारी दीया। इस कार्यक्रम में मनीष, रणजीत, राजेश, केशव, सुधांशु, बच्चू, प्रकाश सुरेन्द्र, राजाराम, अरविंद, अभिषेक, नितेश के अलावा सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### खेग्रामस का कन्वेंशन आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस)का प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन पहसारा पश्चिम पंचायत के चमरडीहा में सोमवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता मो कमाल ने की। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा ने कहा कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं मसलन मनरेगा एवं स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन में केंद्र सरकार द्वारा अकुशल श्रमिक के निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जा रही है। जो कानूनी अपराध है.बिहार सरकार गरीबों को 5 डिसमिल बास की भूमि, पक्क आवास और 2 लाख रुपये अनुदान देने में आनाकानी कर रही है। मनरेगा में 600 रुपये दैनिक मजदूरी और 200 दिन काम देने, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, रसोइया को 10 हजार रुपये मासिक मानदेय देने को लेकर 10 केन्द्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 20 मई के आम हड़ताल के साथ खेत मजदूर संगठनों के आह्वान पर ग्रामीण हड़ताल सफल बनाने की अपील की। कन्वेंशन में आतंकवाद का मुंहतोड जवाब देने के लिए देश के जवानों को सैल्यूट किया। युद्ध में शहीद जवान और नागरिकों के शहादत को सलाम किया। कन्वेंशन में रामानंद महतो, राजीव राम, राजाराम पासवान, रामप्रवेश पासवान, मो आरिफ, हरेराम महतो, अन्नू कुमारी, पुनम देवी, तिलिया देवी, सुमित्रा देवी, जानकी देवी, प्रियंका देवी, निभा कुमारी, नूतन देवी, सोनी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### श्री विष्णु महायज्ञ की निकली शोभा यात्रा

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रजौर रामभद्रपुर पंचायत के रमौल गांव में श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाला गया। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में कुआं से 101 कलश व्रतियों ने जल भरकर गाजे बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया। उसके बाद यज्ञ मंडप में जाकर सभी कलश को स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। इस यात्रा में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्तों के जयकारा से पूरा गांव भक्तिमय बना हुआ था।महायज्ञ समिति अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त ग्रामवासी के सहयोग से उक्त विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश शोभा यात्रा के बाद 13 मई से यज्ञ प्रारंभ होगा और 21 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। यज्ञ मंडप परिसर में संध्या 5 बजे से वृंदावन धाम के कथावाचक साध्वी सुश्री अनामिका किशोरी जी द्वारा भागवत कथा का प्रवचन होगा। उसके बाद वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा भव्य रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सैकड़ो देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित की गई है। मौके पर वीरेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, मुख्य वर्ती सित कुमार , प्रदीप कुमार सिंह,सुभाष कुमार ,डॉ बिनोद कुमार सिंह, नितीश कुमार ,मिथुन कुमार, पवन कुमार ,संजय कुमार,अरुण कुमार सिंह, रोहित मंडल, पप्पू कुमार, कमला शरण सिंह आदि मौजूद थे।

### आवारा कुत्तों ने बच्चे को किया जख्मी

**समस्तीपुर/विभूतिपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विभूतिपुर प्रखंड स्थित भरपुरा पटपारा पंचायत के वार्ड 13 में आवारा कुत्तों के झुंड ने चार साल के के मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। घायल बच्चे की पहचान संजीव कुमार सिंह के पुत्र अनीश कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से जख्मी अनीश को लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम बच्चा मां के साथ घर से निकला था। मां के आगे बढ़ जाने पर कुत्तों ने घर के सामने ही अनीश पर हमला कर दिया। कुत्ते उसे घसीटकर मक्का के खेत में ले जाने लगे। जब तक खेत में काम कर रहे किसान दौड कर बच्चे को उनसे बचाते तब तक कुत्तों ने उसे बुरी तरह नोंचकर जख्मी कर दिया।

# बाबा सिद्धनाथ मंदिर में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** सोमवार को जिले के ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 15 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान बोल बम, हर हर महादेव की जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के गऊघाट, हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ि इलाके में बने जल स्रोत में



स्नान कर पहाड़ के कठिन रास्ते को तय करते हुए बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे, जहां श्रद्धालु कतारबद्ध खड़े होकर जलाभिषेक किया। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं का बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने का सिलसिला सुबह 4 बजे से ही शुरू हो गई थी जो लगभग पूरे दिन चलता रहा। इस बाबत मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्दू गुड्डू सिंह पुजारी धर्मेंद्र पांडे उर्फ छोटू बाबा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा एवं सोमवार एक दिन होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ में इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 15000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, वहीं सुरक्षा को लेकर स्थानीय थाने की पुलिस के द्वारा मंदिर के समीप पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। इस दौरान हथियाबोर इलाके में माँ काली लंगर समिति द्वारा भंडारा का आयोजन भी किया गया, जिसमे श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया।

## टेम्पो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** टेम्पो पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। टेम्पो पलटने से सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। थाना क्षेत्र के बेतिया अरेराज मुख्य पथ पर नरकटीया कब्रिस्तान के समीप सोमवार दोपहर एक टेंपू पलटने से टेंपू पर सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गोविंदगंज थाना क्षेत्र के चंडीस्थान गांव के एक परिवार के सभी लोग पश्चिमी चम्पारण जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मझरिया गांव में रामज्ञा पासवान के घर शादी समारोह में सम्मिलित होकर वापस लौट रहे थे की नरकटिया कब्रिस्तान के समीप भीषण गर्मी के कारण टेंपू चका एका-एक ब्लास्ट हो गया और टेंपू पलट गया जिसमें टेंपू पर सवार एक महिला, एक युवक, दो युवती, एक बच्चा सहित अन्य लोग घायल हो गए।

## दस थानों का वांछित अपराधी लूट के समान के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** प्रशिक्षु आईपीएस मो मोहिबुल अंसारी के नेतृत्व में गठित टीम को बड़ी सफलता मिली है। बीते रविवार को सूचना मिली कि केसरिया थाना में दर्ज कांड संख्या-175/25 को अंजाम देने वाले अपराधी थाना क्षेत्र के राजपुर स्थित रामगढ़वा प्राथमिक स्कूल के निकट किसी और घटना को अंजाम देने के फिराक में इकठ्ठा हुए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में प्रशिक्षु आईपीएस सह प्रभारी डीएसपी चकिया मो मोहिबुल अंसारी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर बेतिया गांव निवासी भाष्कर सहनी तथा चकिया थाना क्षेत्र के भुवन छपरा गांव निवासी अनुराग राउत को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से 1034 ग्राम मादक पदार्थ (चरस),एक देसी कट्टा, एक खोखा गोविंदगंज थाना से फ्लिपकार्ट से लूटी गई एक



बाइक,लूट कांड में प्रयुक्त बाइक के साथ बीते 6 मई को केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर पंप के निकट एक स्वर्ण कारोबारी से लूटी गई चांदी बरामद किया। उक्त जानकारी सोमवार को प्रशिक्षु आईपीएस ने अनुमंडल कार्यालय चकिया परिसर स्थित अपने कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर दी। साथ हीं उन्होंने बताया कि केसरिया, गोविंदगंज, मलाही, शिकारगंज, चाकिया, मेहसी, हरसिद्धि थाना में दर्ज कांडों में इनकी संलिप्तता पाई गई है। वहीं गिरफ्तार अपराधी का आपराधिक इतिहास खंगाला गया है। जिसके विरुद्ध संग्रामपुर, पिपरा कोठी, भोपतपुर थाना में लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज है। छापेमारी दल में प्रशिक्षु आईपीएस के अलावा केसरिया अंचल निरीक्षक मुनीर आलम, थाना अध्यक्ष उदय कुमार, चकिया थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, भोपतपुर थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार विक्की व डीआईयू सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## प्रसाद रत्नेश्वर की चार पुस्तकों का एक साथ होगा लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार की साहित्यिक धरा से निकले प्रख्यात लेखक प्रसाद रत्नेश्वर की चार पुस्तकों का एक साथ लोकार्पण 17 मई को नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में समारोहपूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार, कवि, रंगकर्मी, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस भव्य आयोजन का संयोजन बिहार महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है, जो दिल्ली में प्रवासी बिहारियों की एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था है। संस्था के अध्यक्ष मोहन कुमार गुप्ता एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल




संचालन हेतु एक कोर कमेटी का गठन किया गया है और राष्ट्रपति भवन में सेवारत ई. राकेश कुमार को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ई. राकेश कुमार ने जानकारी दी कि रत्नेश्वर जी की अब तक प्रकाशित पांच पुस्तकों में से चार का लोकार्पण इस समारोह में किया जाएगा। ये पुस्तकें हैं – बेचिरागी (हिंदी कविता संग्रह), लड़कियों के कपड़े (हिंदी ग़ज़ल संग्रह), निलही कोठी (पाँच मंचीय नाटक संग्रह), थारुः विश्व की एक नई सभ्यता (शोध-पत्र संग्रह)। संयोजक ने इसे साहित्यिक जगत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि एक लेखक के जीवन के 65वें वर्ष में एक साथ चार कृतियों का लोकार्पण होना बड़ी उपलब्धि है। इन सभी पुस्तकों का प्रकाशन नवारंभ प्रकाशन (मधुबनी-पटना-दिल्ली) ने किया है। समारोह को सफल बनाने के लिए देशभर के गणमान्य साहित्यकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया है।

## सत्य, समानता और सद्भाव के संदेशवाहक हैं भगवान बुद्ध : यमुना कुमार सीकरीया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर उद्योगपति एवं भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया तथा जदयू प्रदेश महासचिव दीपक पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भगवान बुद्ध को नमन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सत्य, अहिंसा और करुणा के संदेशों को स्मरण करते हुए बुद्ध के आदर्शों को आज की मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यमुना कुमार सीकरीया ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित रहा है, जो आज भी समस्त मानवता को शांति और करुणा के मार्ग पर चलने



की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध ने त्याग और तपस्या के बल पर संपूर्ण विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया। आज जब समाज विविध चुनौतियों से जूझ रहा है, तब बुद्ध के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं। उन्होंने सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवान बुद्ध से समाज में सुख, शांति और सद्भाव की कामना की। इस अवसर पर अनिल प्रसाद, प्रीति दुबे सहित सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के काको थाना क्षेत्र के बरबट्टा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने इसी गांव के एक बुजुर्ग किसान रामाश्रय प्रसाद यादव उर्फ विधायक को ठोकर मार दी। जिससे बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक किसान काफी लोकप्रिय थे लिहाजा ग्रामीणों ने अरवल-बिहारशरीफ पथ राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर शव को सड़क पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। हालांकि बाद में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम को हटाया जा सका। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विधायक जी अपने घर के पास सड़क पार कर रहे थे इसी बीच अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बाइक को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और काफी मशक्कत के बाद लोगो को समझा बुझा कर जाम को समाप्त कराया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## ट्रैक्टर से गिरने से किशोर की मौत, गांव में पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर, पूर्वी चंपारण।** आदापुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर-मटिअरवा मार्ग पर एक किशोर की ट्रैक्टर से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसा पुराने राइस मिल के पास हुआ, जहां बाजार से लौटते वक्त किशोर ट्रैक्टर से फिसलकर नीचे गिर पड़ा और वाहन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान ठकुराई टोला मूर्तियां गांव निवासी अब्दुल हसन के पुत्र अब्बू लैस मियां के रूप में हुई है। बताया गया कि वह गांव के ही एक ट्रैक्टर पर सवार होकर श्यामपुर बाजार गया था। लौटते समय संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और वाहन के नीचे आने से उसका शरीर बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद आसपास के लोग शोर मचाते हुए मौके पर दौड़े और परिजनों को सूचना दी। जैसे ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, वहां चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों की आंखों में भी आंसू थे। सूचना पर आदापुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की बात कही। हालांकि, घटना के कई घंटे बाद तक परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भगवान बुद्ध आज भी हैं प्रासंगिक : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने जिला अतिथि गृह में भगवान बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर श्री सिंघवने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर भगवान विष्णु के 9वें अवतार भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इस कारण से वैशाख पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। हिंदू और बौद्ध दोनों ही धर्मों में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान, दान, पूजा, अनुष्ठान और व्रत रखने का महत्व होता है।



भगवान बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते राधामोन सिंह

श्री सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षा और संदेश सभी प्राणियों के प्रति अहिंसा और करुणा के साथ शांति और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि वे मानवीय जीवन की चुनौतियों से निपटने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। बुद्ध के उपदेश सार्वभौमिक और सर्वकालिक हैं, और वे सभी के लिए हितकारी हैं।

## रामगढ़वा में बड़ी कार्रवाई: एसटीएफ और पुलिस ने दबोचे तीन कुख्यात अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर, 2 करोड़ की चरस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले की रामगढ़वा पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में ड्रग तस्करी के नेटवर्क पर बड़ी चोट की गई है। सोमवार को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के भैंसड़ा पावरग्रिड के पास स्थित एक बगीचे से तीन कुख्यात अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी अर्जुन पासवान, झारखंड के चतरा जिले के फोरी थाना अंतर्गत जोरी निवासी मंटू पासवान, और इसी थाना क्षेत्र के सलैया निवासी



अनूप यादव के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इन तस्करों के पास से करीब 4 किलो चरस बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इसके अतिरिक्त 2 लाख 40 हजार रुपये नकद और 7 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

रामगढ़वा थाना पुलिस और एसटीएफ की टीम इन तस्करों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इनके तार अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह से जुड़े हो सकते हैं। इस पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए जांच एजेंसियों ने छानबीन तेज कर दी है।

## सन्नी बने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कहते हैं होनहार बिरवान के होत चिकने पात। कुछ इसी तरह के संकेत होनहार सन्नी में भी बचपन से ही दिखने लगे थे। जहानाबाद के सन्नी कुमार की विलक्षण प्रतिभा की चमक बालपन से ही प्रकट होने लगे थे।मिठाई की दुकान चलाने वाले पिता का संतान सन्नी का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) में सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। बताया जाता है कि उसका लक्ष्य यांत्रिक इंजीनियर के रूप में देश की सेवा करना है। बिहार के जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत किनारी गांव के रहने वाले सन्नी कुमार ने अपनी मेहनत और लग्न से यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सन्नी का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) में सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। सन्नी कुमार का एक छोटे से गांव से निकलकर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक के रूप में चयन होना एक बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि बार्क भारत की प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र है, जहां परमाणु ऊर्ज़ा, नाभिकीय विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान किया जाता है।

**शिक्षकों के सहयोग से मिली सफलता–**

सन्नी कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज द्वारा मिले प्रोत्साहन को दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के व्यावहारिक ज्ञान और शिक्षकों के सहयोग ने मेरी सफलता में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता और मित्रों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका समर्थन किया। सन्नी ने बताया कि उनका लक्ष्य विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में एक यांत्रिक इंजीनियर के रूप में अपने देश की सेवा करना है।

**सन्नी के वैज्ञानिक बनने पर किनारी गांव में उल्लास वातावरण–**

सन्नी ने दसवीं तक की पढ़ाई अपने गांव में रहकर की है। बाद में बिहार राज्य के शेखपुरा इंजीनियरिंग कॉलेज से डिप्लोमा और फिर बी टेक किया। सन्नी के पिता पप्पू साव किनारी गांव में ही एक छोटी सी मिठाई की दुकान चलाते हैं और अपने तीन बच्चों की पढ़ाई के लिए हर मुमकिन व्यवस्था करते हैं। बड़ी बेटी हाल ही में शिक्षक बन गई है। वहीं छोटी बेटी ने इसी वर्ष इंटर की परीक्षा पास किया है। सन्नी 11 मई को मुंबई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में योगदान देने के लिए निकल गए हैं। लेकिन माता-पिता को सिर्फ ये मालूम है किउनके बेटे को नौकरी लग गई है।

## ऑपरेशन शक्ति ने भारतीयों में गर्व और राष्ट्रीय पहचान की जगाई भावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** संध्या चरखा पार्क परिसर के निकट नागरिक परिषद, मोतिहारी द्वारा डॉ0 अतुल कुमार के संयोजकत्व में सामर्थ्य शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद पूर्व केंद्रीय कृराजू बैठा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 11 मई को भारत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाता है। यह दिन 11 मई और 13 मई, 1998 को पोखरण में किए गए सफल परमाणु परीक्षण का सम्मान करता है। इन परीक्षणों को सामूहिक रूप से ऑपरेशन शक्ति के रूप में जाना जाता है, जिसने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया और देश को एक परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया। श्री सिंह ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने राजस्थान के थार रेगिस्तान में पोखरण परीक्षण रेंज में भूमिगत परमाणु परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की। यह भारत का दूसरा परमाणु परीक्षण था। 13 मई




1998 को दो और विखंडन बमों का विस्फोट किया गया और प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भारतीय सरकार ने भारत अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन करने और खुद को परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए ऑपरेशन शक्ति का प्रदर्शन किया और भारत को पूर्ण परमाणु राज्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शक्ति का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह था कि भारत ने पूरी तरह से स्वदेशी प्रयासों के माध्यम से परमाणु हथियारों का विकास और परीक्षण किया। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन शक्ति ने कई भारतीयों में गर्व और राष्ट्रीय पहचान की भावना जगाई। यह विश्व मंच पर भारत की संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और तकनीकी कौशल के दावे का प्रतीक था। इसने दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित किया।

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर श्री सिंह ने कहा कि आईएसआई से करीबी संबंध रखने वाले मुरीदों के, बहावलपुर के आतंकी शिविरों पर हमला करके भारत ने जो संदेश दिया है, वह यह है कि हमने अपनी निगाह नहीं खोई है और हम आपको मुख्यालय पर ही निशाना बनाएंगे। हम छोटे शिविरों पर हमला नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर तीनों लक्ष्य हासिल किए। सैन्य उद्देश्य यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था 'मिट्टी में मिला देंगे, बहावलपुर, मुरीद के और मुजफ्फराबाद कैंप को मिट्टी में मिला दिया।'

मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, डॉ0 आशुतोष शरण, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, डॉ0 अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राजीव शंकर वर्मा, डॉ0 मृगेंद्र कुमार, अमित सेन, मीना मिश्रा, संगीता चित्रांश, सुधांशु रंजन, गुलरेज शहजाद, साजिद रजा, गुलरेज शहजाद, विनोद कुशवाहा, पप्पू पाण्डेय, ऋषभ झा, सुधीर गुप्ता, बसंत कुमार सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों के लोग उपस्थित थे।

## रघुवर बने तैलिक साहू समाज के जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** तैलिक साहू सभा सम्मेलन का आयोजन तुरकौलिया चौक स्थित रघुवर प्रसाद के मार्केट परिसर में शुक्रवार को किया गया। संचालन वार्ड पार्षद ई0 ललन प्रसाद ने किया। जहां तैलिक साहू समाज के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद का अभिनंदन किया गया साथ ही नये जिलाध्यक्ष को पूर्व जिलाध्यक्ष ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राणविजय साहू ने उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए जो विश्वास जताया है। वह इसपर खरा उतरने का प्रयास करेगें। जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह पुरी ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। समाज का उत्थान करने से लेकर समाजिक व राजनीतिक हिस्सेदारी में भागीदारी दिलाने के लिए दिन-रात काम करेगें। अपने कार्यकाल में किसी को शिकायत का मौका नही देंगें। अपने कर्तव्य का पुरी निष्ठा व लगन के साथ निर्वाहन करेंगे वही पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल प्रसाद ने कहा कि उम्मीद है कि नये अध्यक्ष समाजिक संगठन को मजबूत करते हुए शिक्षा व दहेज उन्मूलन पर बेहतर काम करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी साहू भुपाल भारती ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में तेली समाज की संख्या के हिसाब से राजनीतिक पार्टियों को टिकट वितरण करना चाहिए। बैठक को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिरालाल प्रसाद, नवल-किशोर प्रसाद, अप्रवासी संवेदक मुन्ना कुमार, कल्याणपुर प्रखंड प्रतिनिधि रामलाल प्रसाद, रक्सौल अनुमंडल अध्यक्ष अजय कुमार, ई0 अरविंद कुमार, अवधेश कुमार, राजीव प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, श्रीभगवान प्रसाद, कुनाल भूषण, रवि भूषण प्रसाद, मदन प्रसाद समेत अनुमंडल व प्रखंडो के अध्यक्षों ने सम्मेलन को संबोधित किया।

## पुलिस पर हमले के मामले में पति-पत्नी समेत 11 उपद्रवी न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन, पूर्वी चंपारण।** बीते रविवार को घोड़ासहन थाना परिसर में हुई हिंसा और उपद्रव के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी सहित 11 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के दौरान पांच पुलिस पदाधिकारी समेत कुल 11 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। गिरफ्तार सभी आरोपित थाना क्षेत्र के छोटका मधुबनी गांव के निवासी हैं।

## महिला संवाद कार्यक्रम के 25वें दिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'महिला संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को 25वें दिन जिले के 16 चयनित स्थानों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिहार सरकार द्वारा प्रारंभ 'महिला संवाद' कार्यक्रम ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अत्यंत सशक्त और दूरगामी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है। मुख्यमंत्री संदेश पत्र का वाचन एवं राज्य की प्रभावित महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां का प्रसारण इस कार्यक्रम का मुख्य विशेषताएं हैं। इस दौरान जिले की महिलाओं द्वारा 9576 आकांक्षाएं अब तक



मोबाइल ऐप पर दर्ज किए गए हैं। महिलाओं द्वारा साझा किए गए अनुभव और आकांक्षाएं, जिनकी संख्या अब तक 9576 तक पहुंच चुकी है, यह दिखाती हैं कि यह संवाद केवल एक सूचना कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मबल और आत्मनिर्भरता की बुनियाद रख रहा है।

इस कार्यक्रम में 70, 000 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता निभाई है। सोमवार को आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को इन योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन/पोषाक/सायकिल योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना, जीविका के अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजनाएं, बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति आदि। बताया जाता है कि महिला संवाद कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहा है, बल्कि उन्हें अपने अनुभव और आकांक्षाएं साझा करने का मंच भी प्रदान कर रहा है। बिहार के सुदूर गांवों की महिलाएं अब केवल योजनाओं की उपभोक्ता नहीं, बल्कि उनके निर्माण और निगरानी की सक्रिय भागीदार बन रही हैं। यही इस संवाद की सबसे बड़ी सफलता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पति से विवाद के बाद एक विवाहिता की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला ओबरा थाना क्षेत्र के जमुनी गांव की है। मृतका की पहचान संतन कुमार की 35 वर्षीया पत्नी तेतरी देवी के रूप में हुई है। महिला की मौत कैसे हुई, ससुराल पक्ष इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। मृतका के पिता अरवल जिले के परासी इलाके के नरूपी गांव के रहने वाले शिवदयाल सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह जानकारी मिली कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही बेटी के ससुराल पहुंचे जहां उसे मृत पाया। ससुराल वाले बीमारी से मौत होने की बात बता रहे हैं। मृतका के पिता ने बताया कि 15 साल पहले मैंने अपनी बेटी की शादी संतन से की थी। संतन और तेतरी के तीन बच्चे भी हैं। संतन बेरोजगार है। वह किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतका के चचेरा भैंसूर मेघनाथ सिंह ने बताया कि मेरी बेटी ने बताया कि तेतरी को पेट में तेज दर्द हो रहा है और आंगन में छटपटा रही है। इसके बाद इलाज के लिए ले जाने लगा तो घर से थोड़ी ही दूर जाकर उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को जहर खाने से महिला की मौत होने की सूचना मिली थी, जबकि परिजन बीमारी से मौत होने की बात बता रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वैसे महिला की मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## हंगामा करा रहे पिता व दो पुत्रों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** शराब का सेवन कर मारपीट मामले में पिता एवं दो पुत्रों को मदनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि शिवगंज बाजार में शराब का सेवन कर तीन लोग आपस में मारपीट कर रहे हैं। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे शिवगंज निवासी रामदेनी रजक एवं उसके दो पुत्र बिंदु बैठा तथा साजन बैठा को हिरासत में लेकर थाना लाया। स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि की हुई। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया।

## भाकपा माले की बैठक संपन्न

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भाकपा माले जिला कार्यालय पर आरा विधानसभा तैयारी समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक 20 मई 2025 को ऐक्टू सहित 10 ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आयोजित होने वाले मजदूर हड़ताल को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में स्किम वर्करों आशा, रसोईया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मी का दर्जा देने की मांग पर भी चर्चा हुई। इस बैठक का संचालन भाकपा माले आरा विधानसभा प्रभारी विजय ओझा ने की। आरा विधानसभा तैयारी समिति में भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह मुख्य अतिथि थे। सचिव जवाहरलाल सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों में कटौती कर रही है। माले नेता ने कहा कि हमें मजदूरों के अधिकारों के हक में हमे मजदूरों की गोलबंदी करते हुए व्यापक मजदूरों को सड़क पर उतारते हुए मजदूर हड़ताल को सफल बनाने में जुट जाना है।

# देसी रायफल, नौ जिंदा कारतूस व खोखा के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


बरामद हथियार

**आरा।** भोजपुर पुलिस को एक बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है। घटना के 12 घंटे के भीतर आरोपित को थानाध्यक्ष पवन कुमार ने हरवे हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार की है। कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में फायरिंग कर जख्मी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपित स्थानीय गांव निवासी छत्रपाल सिंह उर्फ रंग बहादुर सिंह है। वह राम तपस्या सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी रायफल, 9 जिंदा कारतुस व एक खोखा बरामद किया है। घटना के संबध में बताया जा रहा है कि 11-12 मई की रात फायरिंग से जख्मी राजीव पासवान (18 वर्ष) जगतपुर निवासी वकील पासवान के पुत्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने चाचा कुंदन पासवान के घर तिलक समारोह में व्यस्त था। करीब 11 बजे रात में तिलक में आयी बस को रोड से साइड कराना था। उसी समय स्थानीय गांव के छत्रपाल सिंह उर्फ रंग बहादुर सिंह आये। जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब मैने गाली का विरोध किया तो गुस्से में अपने घर गये। घर से रायफल लहराते हुए आये और फायरिंग कर दिये। गोली दाहिने हाथ की अंगुली में लग गई। पुलिस ने जख्मी राजीव पासवान के बयान पर कृष्णागढ़ थाना में कांड संख्या 61/25 के तहत विभिन्न

**■ विभिन्न धाराओं के तहत आरोपित के विरूद्ध दर्ज की गयी प्राथमिकी**

धाराओं जिसमे 27 आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं को आरोपित करते हुए एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपित को हरवे हथियार व कारतुस जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना देते हुए संबंधित आरोपित को रायफल, गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लावारिस शव का पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**■ बीते तीन दिनों से पहचान की बाट जोह रहा था वृद्ध का शव**

**औरंगाबाद।** खाकी वर्दी की एक अलग छाप सोमवार को देखने को मिली। औरंगाबाद जिले के बंदेया पुलिस ने मानवता की एक मिसाल पेश की है। पुलिस ने अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का अंतिम संस्कार अपने स्तर पर कराया। करीब 60 वर्षीय वृद्ध का शव 10 मई की दोपहर रूखड़ी गांव के शिव मंदिर से शव पुलिस ने बरामद की थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटों के लिए बुजुर्ग का शव पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। पहचान कराने की काफी कोशिश की गई, फिर भी शिनाख्त नहीं हो सकी और न ही किसी लापता वृद्धा की तलाश करते हुए कोई परिजन थाना पहुंचा। अंतिम समय में उसे न तो परिजनों का सहारा मिला और न ही कंधा मिला। चार दिन से इस अज्ञात वृद्ध का शव थाना में पहचान होने और परिजनों के इंतजार में पड़ा रहा। आखिरकार जब शव खराब होने की स्थिति में पहुंचने लगा तो वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने मानवता के नाते अज्ञात वृद्ध के लिए एक बेटे की तरह फर्ज निभाया। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने लावारिस शवों की शिनाख्त के साथ ही उनके अंतिम संस्कार की बड़ी चुनौती रहती है जिसे विभाग द्वारा समाधान करने की जरूरत है।

# विशेष पूजा अर्चना के साथ अष्टभुजी महोत्सव का हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बारुन प्रखंड के पिपरा में अष्टभुजी माता मंदिर के प्रांगण में अष्टभुजी महोत्सव की शुरुआत योग्य आचार्यों के वेद मंत्रोच्चार के साथ की गई। अष्टभुजी महोत्सव समिति के आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश मिश्रा एवं नीरज मिश्रा द्वारा विशेष पूजा अर्चना कराई गई। षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना में यजमान के रूप में सुधीर पाल, अक्षय लाल गुप्ता एवं कुंदन भगत ने सराहनीय भूमिका निभाई। उसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, जदयू के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील कुमार, डॉ चंदन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, प्रो.विजय कुमार सिंह, चुलबुल सिंह, सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिप प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, हम के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील चौबे, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अजय कुमार, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत, आलोक गुप्ता, संरक्षक अजीत मिश्रा एवं अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी अतिथियों को आयोजन समिति द्वारा पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदेश जदयू के वरीय नेता सुनील सिंह ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि शक्ति की पूजा बहुत ही प्राचीन है। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर महात्मा बुद्ध की कहानी भी सुनाई। मुख्य अतिथि नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने कहा कि अष्टभुजी धाम को हम पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाने का भरपूर प्रयास करेंगे। हमसे जितना संभव हो सकेगा हम इस स्थल को अपनी ओर से विकास कराने का प्रयास करूंगा प्रो. विजय कुमार सिंह ने इस स्थल की प्राचीनता की चर्चा की। मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने अष्टभुजी माता के उपासना को शक्ति उपासना का सर्वोपरि माध्यम बताया। तत्पश्चात विद्यालयी बच्चों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आनंद कुमार के नेतृत्व में विद्यालयी बच्चों ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। अष्टभुजी माता पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्यकी शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन की जिम्मेवारी पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रताप भारती ने निभाई। विभिन्न महोत्सव के आयोजकों को अंग वस्त्र मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नीतीश पांडेय, पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया रमेश कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनील यादव, शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा, सौनोरा पैक्स के अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, मधुसूदन त्रिवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

# चेक बाउंस मामलों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चेक बाउंस के एक मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन कर दिया गया है। इस संबध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजकुमार एवं सचिव न्यायधीश तान्या पटेल ने बताया कि लोक अदालत में चेक बाउंस के मामले के निष्पादन में पक्षकारों को और अधिक रूचि लेने की जरूरत है, ताकि उनके वित्तीय लेन-देन की समस्या का अधिक से अधिक निष्पादन हो सके। इस बार लोक अदालत में एसीजेएम सप्तम कोर्ट के चेक बाउंस वाद के अभियोग संख्या 983/13 दोनों पक्षों की सहमति से निष्पादन कराया गया है। इस वाद के सूचक शिवाजी पथ शक्ति नगर औरंगाबाद निवासी सुधीर कुमार सिंह ने चेक बाउंस मामले में नौरंजन पांजा अकुई इंदास बांकुड़ बंगाल पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि अपने मिल से गल्ले के खरीद- बिक्री में 6 लाख 60 हजार बकाया था जिसमें नौरंजन पांजा ने दो चेक दिया, जो बाउंस हो गया। इसके अलावा एक अन्य मामले में विकास कुमार कोर्ट के वाद संख्या 456/22 में अभियोगी मदनपुर थाना क्षेत्र के आजन गांव निवासी अनिल कुमार ने 8 लाख 50 हजार रूपये लेकर अभियुक्त के चेक से पैसा भुगतान नहीं होने पर चेक बाउंस का मुकदमा 31.05.22 को दधपी निवासी युगेश प्रसाद वर्मा पर किया था। दोनों पक्षों को सुलह-समझौता होने पर लोक अदालत में निष्पादन कराया गया है। मामले के निष्पादन के बाद दोनों पक्षों ने खुशी जताई है।

# सामाजिक न्याय परिचर्चा में राजद ने चुनाव अभियान पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय जनता दल का विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बारून में किया गया। पार्टी की प्रशिक्षित टीम के द्वारा सामाजिक न्याय परिचर्चा आयोजित कर प्रखंड पंचायत एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को दल के मिशन एवं विजन तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की 17 महीने की सरकार द्वारा किए गए कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद सामाजिक न्याय परिचर्चा में राजद के वैचारिक आधार, चुनाव अभियान के मुख्य बिंदु, चुनाव प्रबंधन, संगठन विस्तार व सोशल व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की नीति व विचारधारा को ज्यादा से ज्यादा फैलाने पर वक्ताओं ने अपने विचारों व सुझावों को विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता में डॉ अनवर आलम, पूर्व विधायक समता देवी, पूर्व विधायक मधु मंजरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पी. के चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष आपदा




प्रकोष्ठ धनंजय यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा राजद के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। सभी अतिथियों का राजद के कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र एवं डॉ भीमराव अंबेडकर का तैल चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह डब्लू सिंह, राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष डॉ चंदन कुमार, प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, राहुल यादव, जिलाध्यक्ष युवा राजद सुमन सिंह, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विपिन सिंह, नबीनगर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि, पूनम यादव, चंचला देवी, मालती देवी, युगल यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष, निर्भय यादव, शत्रुघ्न यादव, तौकीर अहमद औसाफ अंसारी, नगर अध्यक्ष आशिक फारुकी, नगीना मेहता, सुनील सिंह, राजेंद्र यादव, पंचायत अध्यक्ष सुधीर कुमार, रामदीप यादव, कन्हाई पटेल के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा किए गए घोषणा माई-बहन मान योजना हेतु प्रत्येक महिलाओं को 2500 रूपये देने, 200 यूनिट बिजली फ्री देने एवं वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, निःशक्तता पेंशन को बढ़ाकर 1500 देने की घोषणाओं का पंचायत एवं ग्राम स्तर तक प्रचारित करने हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव तथा संचालन बारुन प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राम ने किया।

# कामना रहित पूजा होनी चाहिए, कामना युक्त नहीं : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उदवंतनगर प्रखंड के चोराई गांव में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य भंडारे के साथ सोमवार को पूर्णाहुति कर दी गई। इस मौके पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें भजन सम्राट भरत शर्मा ने स्वामी जी का भजन गाकर सबका दिल जीत लिया। जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि कामना रहित पूजा होनी चाहिए, कामना युक्त नहीं। क्योंकि ईश्वर तो आपकी सभी कामनाओं को जानते हीं है। फिर कहने से क्या फायदा। कहा कि चित्त की उलटी चाल में मैं फंस गया था, मृगजल ने मुझे भी धोखा दिया था पर भगवान ने बड़ी कृपा की जो मेरी आंखें खोल दीं। तुमने मेरी गुहार सुनी, इससे मैं निर्भय हो गया हूं। प्रभु अपने भक्त को दुःखी नहीं करते, अपने दास की चिन्ता अपने ही ऊपर उठा लेते



हैं। सुखपूर्वक हरि का कीर्तन करो, हर्ष के साथ हरि के गुण गाओ। भगवान अपने भक्तों को कभी छोड़ते ही नहीं। हरि का नाम ही बीज है और हरि का नाम ही फल है। यही सारा पुण्य और सारा धर्म है। सब कलाओं का यही सार मर्म है। निर्लज्ज नाम संड्कीर्तन में सब रसों का आनन्द एक साथ आता है। सब तीर्थों की मुकुट मणि यह हरिकथा है।

## मृतका की नहीं हो सकी पहचान

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन में शनिवार को महिला का शव मिला था। बॉडी सेकंड फ्लोर पर 20 इंच के वाटर सप्लाई पाइप के अंदर थी। हत्या के बाद महिला को पाइप में डालने की आशंका जताई गई है। हालांकि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। महिला की बॉडी मोर्चरी में रखी गई है। पुलिस, टीम बनाकर एयरपोर्ट की एंट्री और एग्जिट गेट पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक कंस्ट्रक्शन के काम में तीन एजेंसियां लगी हुई हैं, उनके मजदूरों की भी सूची खंगाली जा रही है।

# शिविर के माध्यम से किसानों को मिलेगा निःशुल्क विद्युत कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के आठ पंचायतों में विद्युत विभाग द्वारा विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को कृषि कार्य के लिए निःशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम ने दी है। उन्होंने बताया कि दक्षिणी उमगा पंचायत के लालटेनगंज में 13 मई को शिविर लगा कर कनेक्शन प्रदान किया जायेगा। इसी तरह उतरी उमगा पंचायत के गुलाब बिगहा में 15 मई, नीमा आंजन पंचायत के छोटकी छेछानी में 17 मई, मनिका पंचायत के मनिका गढ़ पर 19 मई, घोडाडिहरी पंचायत के देवजरा में 21 मई, बनियां पंचायत के अटल बिगहा में 23 मई, घटराईन पंचायत के पहरचापी में 26 मई एवं महुआवां पंचायत के बरडीह में 28 मई को शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में किसानों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज लेकर आएंगे जिसमें हाल का दो पासपोर्ट साईज का फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति, जमीन का नया रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा शिविर में ही कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों बताया कि निर्धारित तिथि पर संबंधित पंचायतों के किसान शिविर में उपस्थित होकर कृषि कार्य के लिए निःशुल्क कनेक्शन ले सकते हैं।

# निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था से लोगों को मिल रही राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर जागो सेवा केंद्र द्वारा निःशुल्क प्याऊ लगाने की पहल की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य विद्यालय महाराजगंज के शिक्षक ज्योति भूषण तथा सुभाष चंद्र बोस स्कूल के संचालक अरविंद बोस ने गौतम बुद्ध के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिक्षक ज्योति भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि गौतम बुद्ध के विचारों को पढ़ने और जानने की जरूरत है। उनके अष्टांगिक मार्ग हमें यथार्थ में जीने की शिक्षा




देता है। बौद्ध धर्म हमें अज्ञानता, लालसा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति दिला कर निर्वाण की ओर ले जाता है। ट्रस्ट के संचालक अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए विभिन्न चौक- चौराहों एवं सरकारी विद्यालयों में प्याऊ की व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से न्यूनतम शुल्क में बच्चों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है। जहां बच्चे बेहतर माहौल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ट्रस्ट जनकल्याणकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। इस मौके पर अमरेश वर्मा, हरेंद्र मेहता, रंजीत कुमार, प्रभात कुमार, मिथिलेश कुमार, सुरेश मेहता, गणेश मेहता, सुचिता, नंद मेहता, निशांत पांडेय, योगेश मेहता, अजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# अनियमितताओं के खिलाफ सबों का सजग होना जरूरी : सीपीआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के बसस्टैंड के समीप का. रामशरण यादव पुस्तकालय परिसर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का 34 वां अंचल सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सीपीआई नेता रामदेव राजवंशी ने पार्टी का झंडोत्तोलन किया। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल ने शहीदों व मजदूरों के संघर्ष गीत का वाचन किया। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने शहीदी को लाल सलाम का गगनभेदी नारा लगाते हुए हसपुरा शहर के बसस्टैंड मोड़, पटेल चौक, मेन बाजार, सीएचसी



अस्पताल परिसर तक जुलूस निकाली। जुलूस हसपुरा बड़ी फिल्ड में सभा में परिवर्तित हो गया। सभा की अध्यक्षता शाखा मंत्री अरूण कुमार रंजन व संचालन अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने किया। मौके पर एआईएसएफ के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव विजेंद्र केसरी ने कहा कि लगभग सभी योजनाओं में राजनीति व जातीय भेद-भाव चल रहा है। इसके लिए सबों को सजग होना जरूरी है। जिला मंत्री रामचंद्र सिंह एवं उमेश सिंह ने कहा केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण मंहगाई चरम पर है। गैस भी मंहगी हो गई है। आज किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। जिला कमिटी के नागेश्वर यादव, राम एकबाल सिंह, अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, सतेन्द्र कुमार एवं नंद गोपाल ने कहा कि पीएम आवास सूची, जॉब कार्ड, राशन कार्ड बनाने, दाखिल खारिज जैसे कार्यों में भ्रष्टाचार है। बगैर चढ़ावे का कोई काम नहीं होता है। सभा का समापन करते हुए शाखा मंत्री ने कहा की हमारी पांच मांगे है। सबों को सहज और सुलभ रूप से रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया करवाना। ये मांगे नहीं मानी गई तो हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## दुर्घटना में जीजा एवं साले की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा (पटना)।** सोमवार को बिहटा थाना क्षेत्र के कन्हौली गोलंबर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार जीजा व साले को रौंद डाला। दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट भेजने की तैयारी में जुट गई है। वहीं मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के पैनाठी निवासी अरविंद कुमार (40) व मोनू कुमार(13) वर्ष के रूप में किया गया है। दोनों रिश्ते में जीजा व साले हैं।

# निर्वाचक सूची को लेकर आयोग ने की समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में निर्वाचक सूची से संबंधित सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक सोमवार को आयोजित की गई। इस बैठक में विधानसभावार निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन तथा अंतिम प्रकाशन के उपरांत सतत अद्यतन अवधि में निर्वाचक सूची अंतर्गत किए जा रहे पंजीकरण, विलोपन एवं संशोधन कार्यों की समीक्षा की गई। आयोग द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचक सूची अंतर्गत प्राप्त पंजीकरण, विलोपन एवं संशोधन से संबंधित आवेदनों का बीएलओ द्वारा जांच के पश्चात नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं एवं अहर्ता प्राप्त सभी नागरिकों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। निर्वाचक सूची में लिंगानुपात में अपेक्षित सुधार हेतु अहर्ता प्राप्त सभी महिला नागरिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले एवं स्थाई रूप से स्थानांतरित निर्वाचकों का बीएलओ द्वारा जांच के उपरांत नियमानुसार विलोपन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

CMYK

# पुनपुन में पंकज अपहरण कांड का डीएसपी ने किया खुलासा

## दो देसी पिस्तौलें, सात जिंदा कारतूस सहित तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा के पास बीते 11 अप्रैल की शाम तकरीबन 7:00 बजे एक काले रंग के स्कॉर्पियो में एक व्यक्ति को तीन अपराधियों ने अगवा कर लिया था। इस पूरे मामले में सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 कन्हैया कुमार ने खुलासा करते हुए बताया है कि एक काले रंग के स्कॉर्पियो में तीन सवार व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को जबरन बैठा कर ले जाया गया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना एवं नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी, पटना के निर्देशन में अपहृत व्यक्ति के बरामदगी हेतु एक टीम का गठन किया गया, जिसमें पु0अ0नि0 रूपेश कुमार सिंह, पु0अ0नि0 शान्तनु कुमार, परि0 पु0अ0नि0 पप्पु कुमार, स0अ0नि0 अमोद कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल रहे। गठित टीम के द्वारा को टेक्निकल टीम की सहायता से खोजबीन करते हुये 12 मई को श्रीकृष्णापुरी जमुना अपार्टमेन्ट के पास उक्त स्कॉर्पियो को रोका गया तो उसमें अपहृत व्यक्ति एवं तीन अन्य लोग पाये गये। नाम-पता पूछने पर पिडित व्यक्ति ने अपना नाम पंकज मिश्रा उम्र करीब 46 वर्ष, पे0-स्व0 मदन मिश्रा, सा0-गंगासागर, थाना-लहेरिया सराय, जिला-दरभंगा बताया तथा अन्य तीनो ने अपना नाम क्रमशः (2) आर्यन कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पे0-अशोक कुमार, सा0-लोदीपुर, थाना-एकंगरसराय, जिला-नालंदा (3) सौरभसुमन, उम्र करीब 23 वर्ष, पे0-अवधेश कुमार, सा0 औंगारी, थाना-औंगारी, जिला-नालंदा (4) अजित कुमार, उम्र करीब 32 वर्ष, पे0-स्व0 अशोक सिंह, सा0-सुरंगपुर, थाना-कल्पा, जिला-जहानाबाद बताये। तलाशी के दौरान इनके पास से दो देशी पिस्टल, दो मैगजीन एवं 07 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है, जिसके आधार पर श्रीकृष्णापुरी थाना में पुनपुन थाना के पु0अ0नि0 रूपेश कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर श्रीकृष्णापुरी थाना में आयुद्ध अधिनियम दर्ज की गयी है। पिडित पंकज मिश्रा उम्र करीब 46 वर्ष, पे0-स्व0 मदन मिश्रा, सा0-गंगासागर, थाना-लहेरिया सराय, जिला-दरभंगा के लिखित आवेदन के आधार पर पुनपुन थाना में दर्ज की गई है।

# बेऊर में भीषण चोरी का खुलासा, दो नाबालिग चोरों को पुलिस ने दबोचा

## चोरी के समान और रुपए भी पुलिस ने किये बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के बेउर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीकृष्ण विहार कॉलोनी में एक मकान में बीते 8 मई की रात भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस वारदात में दो नाबालिग चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, नगद पैसे, चांदी के बर्तन व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए थे। पीड़ित गृहस्वामी रंजीत कुमार तिवारी को जब सुबह चोरी की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल बेउर थाना पुलिस को सूचित किया। पीड़ित परिवार वाले ने पुलिस को बताया था कि लगभग 5 से 6 लाख रुपये के जेवरात नगद रुपए एवं अन्य सामान चोरी हो गए। बेउर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार शाह ने बताया कि इस संबंध में थाना में कांड संख्या-236/25 दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों किशोरों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अन्य बचे हुए चोरी के सामानों की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयासरत है। फिलहाल दोनों किशोरों को विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## एक नजर

### 25 वाहनों की हुई नीलामी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना एवं उत्पाद थाना मसौढ़ी द्वारा जप्त वाहनों को अधिहरण न्यायलय द्वारा राज्यसात किये गये वाहनों की नीलामी समाहर्ता के निदेशानुसार सोमवार को की गई जिसमें कुल 41 वाहनों में से कुल 25 वाहनों को उच्चतम बोली लगाने वाले डाकवक्ता के नाम से वाहन नीलाम की गई। नीलामी कार्यकम्र में संजय कुमार चौधरी, अधीक्षक मद्यनिषेध, धर्मवीर कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, मसौढ़ी , टुनटुन पासवान, निरीक्षक मद्यनिषेध, एवं सौरभ चन्द्र, अवर निरीक्षक मद्यनिषेध, उपस्थिति में विधिवत संपन्न कराया गया।

### हवन कर विश्व शांति की प्रार्थना

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुद्ध पूर्णिमा पर नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में विश्व शांति के लिए सामूहिक हवन का आयोजन किया गया. मां दक्षिणेश्वरी काली से जन स्वास्थ्य की कामना की गयी। मंदिर के पुजारी बृज मोहन मिश्रा के आचार्यत्व में विशेष हवन किया गया। पुजारी बृज मोहन मिश्रा व शशांक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने कहा कि हवन पूजन कष्टों में अशांत मन को बल और सुख देते हैं। अनुष्ठान में राज कुमार उर्फ छोटू, मनोज कुमार , अरुण कुमार उर्फ टुनटुन समेत आदि मौजूद थे।

### भगवान बुद्ध की मनी जयंती

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंबेडकर भवन बीबीगंज परिसर में निःशुल्क शिक्षा केंद्र में सोमवार को सबका विकास की ओर से भगवान बुद्ध की 2587 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डाला। मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि आज के वैश्वीकरण के युग में भगवान बुद्ध क संदेश प्रासंगिक है। भगवान बुद्ध के संदेशों का अनुसरण लोगों को करना चाहिए। इससे पूर्व भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया गया। बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर आरटीआई सक्रिय सदस्य राकेश पटेल, इनर व्हील क्लब आशिययान के अध्यक्षा रश्मि रानी, देव प्रसाद मधुकर, शशि कुमार, संतोष कुमार मेहता, आशा कुमारी, प्रिया शैलेंद्र, उमेश प्रसाद, विपिन कुमार, जानवी साक्षी, सुरेश राम, सुबोध कुमार समेत गणमान्य लोग मौजूद थे। आंबेडकर भवन में मिनी कोचिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मेघालय को हराया

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 नेशनल फुटबल में यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में ग्रुप बी पुरुष वर्ग में झारखंड और मेघालय के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। झारखंड ने एक रोमांचक मुकाबले में मेघालय को 1 गोल से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यमुना भगत स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। शुरू से ही दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला रहा। एक-एक गोल के लिए दोनों ही टीम आपस में काफी संघर्ष करती दिखी। झारखंड ने मैच के शुरूआत में ही बढ़त बना ली थी। झारखंड की टीम ने पहले हाफ में 1 गोल दागे। मनीष ने मैच के तीसरे मिनट पर पहला गोल किया। उसके बाद झारखंड की टीम गोल करने में सफल नहीं हो पा रही थी। दूसरे हॉफ में चांद सिंह ने मैच के 68वें मिनट पर एक और गोल दागा। मैच के 45 वे मिनट पर झारखंड के कप्तान रमेश को मैच रेफरी ने येलो कार्ड दिखाया। झारखंड के विरुद्ध खेल रही मेघालय की पुरुष टीम आज कुछ खास खेल नहीं खेल दिखा पाई। मेघालय की टीम पहले हफ में गोल का खाता नहीं खोल पाई। मेघायल की टीम डिफेंस मूड में खेलती नजर आई। दूसरे हफ में मेघालय की टीम 1 गोल कर पाई। 58 वे मिनट पर मेघालय की ओर से बेगनसन ननगफ्लांग ने पहला और एक मात्र गोल किया। इस तरह से झारखंड ने 1 गोल से यह मैच जीत लिया। मैच के 44 वे और 90 वे मिनट पर मेघालय के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। पुरूष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल काफी अनुशासित और शानदार रहा।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। यह छापेमारी सियाराम सिंह के पुत्र नीतीश कुमार के घर पर की गई, जहां शराब को छिपाकर रखी गयी थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पालीगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि नीतीश कुमार अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का कारोबार करता है और उसके घर में शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन के बाद पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जलपुरा गांव स्थित नीतीश के घर पर छापेमारी की। पुलिस की भनक लगते ही घर के पुरुष सदस्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घर में मौजूद महिला से सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद उसने शराब की जानकारी दे दी। महिला के बताने पर एक अन्य घर से शराब बरामद की गई । पुलिस ने शराब सहित महिला को भी पालीगंज थाना लाया गया। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने पूछने पर बताया कि भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। हालांकि, अभी तक शराब की गिनती नहीं हो पाई है, इसलिए सटीक मात्रा बताना संभव नहीं है। गिनती के बाद शराब की कुल मात्रा की जानकारी दी जाएगी।

# श्री राम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : आचार्य गुप्तेश्वर पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** गांधी मैदान मसौढ़ी मे सात दिवसीय श्रीरामकथा सोमवार की संध्या आरंभ हो गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे एसडीम अमित कुमार पटेल, डॉ सुधीर, विश्वरंजन, राहुल चंद्रा, राजश्री परी ने दीप जला कर की। रामकथा का शुभारंभ करते हुए व्यास पीठ पर विराजमान रामकथा कथावाचक श्री गुप्तेश्वर पांडे ने कहा कि भगवान राम जैसा चरित्र इस संसार में पैदा नहीं हुआ। वह परम उदार, दयालु और मार्ग दर्शक हैं। भगवान राम का नाम उनसे बड़ा है। उनके नाम में इतनी शक्ति है कि अगर सच्ची भक्ति और निष्ठा से पत्थर पर लिखने से पानी तैरने लगता है। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहे जाते हैं। सदियों से अभिभावक उनके जैसा बेटा चाहता है। उन्होंने श्रीराम कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा सुनने मात्र से ही प्रभु की कृपा मिलती है। वहीं कथावाचन मे उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती है, उसी जगह रामकथा संभव हो पाती है। राम की कृपा वहीं होती है, जहां उनके भक्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु ने ही मानव शरीर बनाया है। लेकिन पुरुषार्थ मानव का धर्म है। बिना परिश्रम के कुछ भी मिलना असंभव है। रामकथा से हर जीव की व्यथा दूर हो जाती है। संसार के सभी जीवों का मंगल रामकथा के श्रवणपान से ही हो जाएगा। मौके पर, डॉ सुनील गावस्कर, महेंद्र सिंह अशोक, विद्या देवी, डॉ सुधीर कुमार, कृष्ण सिंह, वार्ड पार्षद शंभू सिंह, खुशबू रानी, मुन्ना पासवान, समेत लोग शामिल रहे। कथा सुनने के लिए पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त भी मौजूद रहीं।

# मसौढ़ी में श्रीराम कथा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** सात दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन गांधी मैदान मसौढ़ी में सोमवार से किया जा रहा है ऐसे में आयोजन से पहले सोमवार को शहर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 1100 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर पूरे शहर में पैदल मार्च करते हुए मसौढ़ी के प्रतिष्ठित मणिचक सूर्य मंदिर धाम पर पहुंचकर तालाब से जल संकल्प लेते हुए अपने कलश में जल भरते हुए फिर पुनः वापस गांधी मैदान आयोजन स्थल पर पहुंचे जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत होनी है। शाम को श्रीरामानुजचार्य गोविंदाचार्य गुप्तेश्वर पांडे के द्वारा 7 दिनो तक श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। आयोजको ने बताया कि पिछले कई दिनों से चल रहे भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद हर टीवी मीडिया चैनल अखबारों में जैसा लग रहा था मानो बहुत कुछ हो जाएगा युद्ध कभी भी समस्या का हल नही हो सकता, ऐसे में गांधी मैदान मसौढ़ी में सात दिवसीय राम कथा के आयोजन में पूरा मसौढ़ी राममय दिखेगा, हर तरफ भगवान श्री राम के आदर्शवादी कर्तव्य विचार सतमार्ग मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा। मौके पर डॉ सुनील गावस्कर, राहुल चंद्रा, विश्वरंजन, आशा किरण सिंह, आशीष देव, दीपक शर्मा महेंद्र सिंह अशोक, अनिल कुमार मिट्ठू, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, बेबी कुमारी विद्या देवी समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर शांति और करुणा का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान गौतम बुद्ध को स्मरण किया गया। ऐसे में मसौढ़ी के घोरहुआं बुद्ध मंदिर और पोआवां बुद्ध मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा से संबंधित आयोजन हुए, जहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए सत्य, अहिंसा, करुणा और शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भंते आचार्य सत्येंद्र बुद्ध ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा को भगवान गौतम बुद्ध की जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाओं की तिथि के रूप में मनाया जाता है। यह वैशाख मास की पूर्णिमा को आता है और बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। वहीं कराय पंचायत के मुखिया पिंकू सिंह ने कहा की बुद्ध पूर्णिमा सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक चेतना का पर्व है। आज के तनावपूर्ण समय में भगवान बुद्ध के विचार करुणा, मैत्री, और अहिंसा ही मानवता के लिए मार्गदर्शक बन सकते हैं। इस अवसर पर सबों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, पर्यावरण की रक्षा करने और जरूरतमंदों की सहायता करने में पीछे नहीं हटेंगे। भगवान बुद्ध का मार्ग हमें सत्य, शांति और करुणा की ओर ले जाता है। उनका जीवन, विश्व के लिए प्रेरणा है। मौके पर कराय पंचायत के मुखिया पिंकू सिंह आचार्य सत्येंद्र बुद्ध, संजीव कुमार, चिंटू बुद्ध प्रिय, रोहित कुमार, पूर्व पंचायत समिति विपिन सिंह, सत्येंद्र सिंह, सिद्धार्थ कुमार आदी शामिल रहे।

# सामाजिक न्याय की दिशा में राजद का संवाद

## सम्पत चक मे राजद की सामाजिक न्याय परिचर्चा में उमड़ा जनसैलाब

### तेजस्वी राज में हर घर रोशन, हर हाथ को काम का वादा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** रविवार की सुबह 11:00 बजे फतुहा विधानसभा अंतर्गत संपतचक प्रखंड के पंचायत लंका कछुआरा स्थित सत्यम शिवम हाई स्कूल में राजद द्वारा सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम गौरीचक पावर ग्रिड से उत्तर में आयोजित हुआ था। इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक फतुहा डॉ0 रामानंद यादव शामिल हुए। परिचर्चा कार्यक्रम के आयोजन कर्ता अमित कुमार, सभापति, संपतचक नगर परिषद् और नगर परिषद् संपतचक अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय उर्फ बंटू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ फूल मालाओं से डॉ0 रामानंद यादव का भव्य स्वागत किया। डॉ0 रामानंद यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय का अर्थ है समाज के सभी व्यक्तियों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से समान अवसर व संसाधन उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि जाति या धर्म चाहे जो भी हो, सभी को समान व्यवहार और अवसर मिलना चाहिए, जैसे शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक भागीदारी। उन्होंने कहा कि जब बिहार में तेजस्वी सरकार बनेगी तब 'माई बहिन मान योजना' के तहत माताओं-बहनों को 2500 प्रति माह दिए जाएंगे। वृद्धजनों को मिलने वाली पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 की जाएगी। हर घर को हर महीने 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। निःशक्तजन, दिव्यांगजन एवं विधवा माताओं-बहनों को मिलने वाली 400 की पेंशन को बढ़ाकर 1500 किया जाएगा। युवाओं को लाखों नौकरियां दी जाएंगी और प्रदेश में उद्योग-धंधे लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पलायन को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही पिछड़े जिलों एवं प्रमंडलों के लिए विकास आयोग बना कर समानुपातिक तीव्र विकास किया जाएगा। बेरोजगारों और छात्रों को सुनहरे अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस सामाजिक न्याय परिचर्चा में कई प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। इनमें पूर्व विधायिका प्रेमा चौधरी, राजद जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, छात्र राजद प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव, प्रदेश महासचिव अफरोज आलम, फतुहा प्रभारी वकील यादव और रंजीत यादव शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजक कर्ता अमित कुमार, सभापति संपतचक नगर परिषद्, अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय उर्फ बंटू, संपतचक प्रखंड अध्यक्ष बखोरी यादव, फतुहा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, नगर अध्यक्ष फतुहा डॉ दयानन्द यादव, पटना सदर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, तथा बिनोद कुमार सहित हजारों कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री श्री आनंदमूर्ति का 104वां जन्मोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आनंद मार्ग जागृति, नई मुहल्ला में सोमवार को प्रभात रंजन सरकार 'श्री श्री आनंदमूर्ति जी' का 104वां जन्मदिवस आनंद पूर्णिमा उत्सव के रूप में पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। यह शुभ दिन आनंद पूर्णिमा का था, जिस पर 1921 में जमालपुर (बिहार) में उनका जन्म हुआ था। वरिष्ठ आनंदमार्गी अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने मानव मात्र के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिए तांडव, कोशिकी नृत्य और साधना का मार्ग प्रशस्त करते हुए आनंद मार्ग मिशन की स्थापना की। आज यह मिशन दुनिया के कोने-कोने में समाज के चतुर्दिक विकास हेतु कार्यरत है। सुबह जागृति परिसर में भजन, कीर्तन और सामूहिक साधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके उपरांत एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो जागृति से स्टेशन रोड, चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान, शदिक चौक होते हुए स्टेशन चौक से पुनः जागृति लौटकर सम्पन्न हुई। जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमार्गियों ने इसमें भाग लिया और 'मानव-मानव एक है, मानव का धर्म एक है' जैसे उदात्त नारों के साथ प्रेम, शांति और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कोशिकी नृत्य और तांडव प्रतियोगिता ने विशेष आकर्षण बटोरा। बच्चों के लिए पेंटिंग, क्विज आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान श्री श्री आनंदमूर्ति जी द्वारा प्रदत्त आनंदवाणी का विभिन्न भाषाओं–मगही, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेज़ी, बंगाली, नागपुरी, मैथिली आदि में वाचन किया गया। एक भावप्रवण वाणी में कहा गया 'उनकी कृपा का एक कण समझ पाने पर जीव-मानस की सारी ग्लानि क्षण भर में दूर हो जाती है। तब भी मनुष्य उनकी कृपा को समझने की चेष्टा नहीं करता। उनकी इस कृपा को समझने का नाम ही तो साधना है। यदि तुम साधना नहीं करते, तो दोष तुम्हारा ही है। अपने सुख-दुख के लिए उस करुणा-सिन्धु परमब्रह्म को दोष मत दो।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मां-बहनों का सिंदूर

पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, तब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। फिर से आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऑपेरशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वारफ़ेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वारफ़ेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, वहां की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एकसाथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी तो पीओके पर ही होगी। श्री मोदी ने कहा कि आज बुद्ध पूर्णिमा है, भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया है। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मरजदवा में आग से 6 घर राख

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर थाना के मर्जादवा गांव में सोमवार की सुबह सॉट-सर्किट से 6 घर जल कर रख हो गया। अगलगी में गणेश राम,राजेश राम,सुनील राम,अनिल राम, वासुदेव राम व मु. कलावती देवी का भी घर जलकर राख हो गया है। इधर मौके पर अंचल अमीन पवन कुमार मुकेश कुमार ने पहुंचकर पिडित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

### फरार शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नगर के वार्ड संख्या एक निवासी मनीष कुमार उर्फ भूटन साह के रूप में की गई है। वह करीब दो माह से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व नगर के वार्ड संख्या एक से पांच कार्टून अंगेजी शराब की जब्ती की गई थी। हालांकि पुलिस के करवाई में शराब कारोबारी भाग निकला था। कारोबारी की पहचान के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे अग्रिम करवाई करते हुए न्यायिक।हिरासत में भेज दिया गया है।

### संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा की अपनी समस्या

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चैनपुर बाजार में सोमवार को महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, साथ ही उनकी समस्याओं और आकांक्षाओं को समझना है।कार्यक्रम में महिलाओं को नल जल, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा, पेंशन, कन्या उत्थान योजना जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आत्मनिर्भर होती महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी आकांक्षाएं बताईं।कार्यक्रम में छएऊ स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में इढट संदीप कुमार सिंह सहित अन्य कैडर शामिल रहे।

### ट्रेन में छूटा बैग आरपीएफ ने यात्री को किया सुपुर्द



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने शहीद एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री का छूटा बैग बरामद कर उस यात्री को सौंप दिया.आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार को कंट्रोल से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 14674 के कोच संख्या बी 2 मे बर्थ संख्या 57,58 पर एक बैग छूट गया हैं. उक्त गाड़ी के सींवान आगमन पर सीवान स्टेशन पर हेड कांस्टेबल मनोज कुमार साह द्वारा उक्त बैग को उतारकर रखा गया था.उन्होंने बताया कि दरौली थाने के गिरीश देवेदी पोस्ट पर उपस्थित हुए तथा बताये कि उक्त बैग मेरा हैं. उक्त गाडी से मैरवा पर उतरने के दौरान मेरा एक बैग छूट गया.जांच पड़ताल के बाद आरपीएफ द्वारा यात्री को उसका बैग सुपुर्द कर दिया गया.बैग एवं उसके अंदर रखे समान की कीमत लगभग 8 हजार रुपए थी.

### 12 व्यक्तियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को विभिन्न रैक अधिनियम के तहत 12 यात्रियों को गिरफ्तार किया.,प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि महिला सुरक्षा के तहत गाड़ी संख्या 55102 के महिला आरक्षित कोच संख्या में अवैध रूप से बैठ कर यात्रा करते हुए कुल 03 व्यक्तियों मुबारक हुसैन, धर्मेंद्र कुमार यति एवं कैलाश कुमार को गिरफ्तार किया.प्लेटफॉर्म संख्या 1 के पश्चिम छोर पर अनधिकृत रूप से टहलते हुए 9 व्यक्तियों आशुतोष कुमार, पंकज कुमार, विशाल यादव, अंकित कुमार, हरे राम कुमार, अनिल कुमार, अजय शाह, अमित कुमार शर्मा एवं राजवीर को गिरफ्तार किया.

### डिज्नीलैंड मेला का भाजपा नेत्री ने किया उद्धाटन



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पावर सबस्टेशन के बगल में डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार का उद्धाटन बीजेपी नेत्री सुप्रिया जायसवाल व वार्ड दो के वार्ड सदस्य हरेंद्र श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया. डिज्नीलैंड मेले में माता वैष्णो देवी, अमरनाथ गुफा एवं अन्य पहाड़ी क्षेत्र की झांकी बनायी गयी है. इसके अलावा टावर झूला, टोरा-टोरा, फ्रिज्बी झूला, ब्रेक डांस झूला, नौका, मारुति सर्कस, ड्रैगन झूला, बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे झूले और मीना बाजार में हर तरह की आधुनिक सामान की दुकानें लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं. बीजेपी नेत्र सुप्रिया जायसवाल ने कहा कि मेले के आयोजन से एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिलता होता है. शांति बनाये रखें और मेले का आनंद उठाएं. हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मेला आयोजन से लोगों का मनोरंजन का होता है. बताया कि मेले में हर तरह की दुकानें, माता वैष्णो देवी का पंडाल, झूले और मीना बाजार उपलब्ध हैं.

## देश की रक्षा में शहीद हुए बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज को पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र सिंह ने दी श्रद्धांजलि



**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनाती के दौरान देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सारण जिले के गड़खा प्रखंड के जलाल बसंत पंचायत के नारायणपुर स्थित पैतृक गांव पहुंचने पर सोमवार को अंतिम विदाई दी गई। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरीय नेता डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल एक सैनिक की शहादत नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व व पीड़ा का क्षण है। उनका बलिदान भारतीय सैन्य परंपरा के गौरवशाली इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मोहम्मद इम्तियाज ने जिस साहस, कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब हमारे सैनिक सीमाओं पर तैनात रहकर स्वतंत्रता व शांति की रक्षा कर रहे हैं। शहीद इम्तियाज की वीरगति यह याद दिलाती है कि हमारी आजादी उनके बलिदानों की नींव पर टिकी हुई है। डॉ. सिंह ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया व सरकार एवं समाज से उनके परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय नागरिक अपने इस वीर रक्षक के बलिदान के प्रति सदा कृतज्ञ रहेंगे। इसकी जानकारी एनडीए नेता अशोक कुमार सिंह ने दी है।

## राजस्व कर्मचारियों ने सुपौल में हुई करवाई पर जताया विरोध

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के सभी राजस्व कर्मचारियो ने सुपौल डीएम द्वारा हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारियो के सस्पेंड कर देने को लेकर नाराजगी जताया है। और अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर छठे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखा। सोमवार को नरकटियागंज अंचल के राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार, अभिषेख शर्मा, अंकित कुमार, राहुल रंजन, रवि शंकर सिंह, सुनील कुमार, विक्की कुमार,विवेक कुमार यादव, विमल पटेल, विकास कुमार आदि राजस्व कर्मचारियो ने बताया कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के आवाहन पर सात मई से सभी राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इसी बीच सुपौल डीएम के द्वारा जिले के सभी राजस्व कर्मचारियो को सस्पेंड कर दिया है। जिसको लेकर संघ ने विरोध जताया है। और सस्पेंसन वापस लेते हुए सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की माग की गई है। जब तक सरकार हमारी मांगो को पूरा नही करती है तबतक अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी रहेगा। वही राजस्व कर्मचारियो के हड़ताल पर जाने से अंचल समेत कृषि विभाग में भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

## सरयु नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक, परिजनों में मची चीख-पुकार



**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की सुबह मांझी के रामघाट पर सरयु नदी में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चैनपुर गांव निवासी भोला यादव के 18 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र कुमार यादव के रूप में हुई है, जो पेंटर का कार्य करता था। मिली जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र अपने दर्जन भर दोस्तों के साथ नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। शोर मचाने की आवाज सुनकर स्थानीय बोट चालक प्रदीप यादव व अन्य युवकों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। मांझी सीएचसी होते हुए छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मांझी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाईयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था और हाल ही में घर पर रहकर होमगार्ड भर्ती की तैयारी कर रहा था। उधर ग्रामीणों का कहना है कि रामघाट पर रेलवे पुल की सुरक्षा के लिए हो रही बोल्डर पीचिंग के कारण घाट तक पहुंचना कठिन हो गया है। जिससे डूबने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बोट चालक प्रदीप यादव ने बताया कि पिछले छह महीनों में वह 56 लोगों की जान बचा चुका है। उन्होंने घाट की खतरनाक स्थिति को देखते हुए प्रशासन से यहां स्नान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## अतिरिक्त वर्ग संचालन का डीएम ने किया उदघाटन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकटा प्रखंड के मसवास पंचायत के दो प्राथमिक विद्यालय में समिधा संस्था एवं ज्ञानशाला द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम दिनेश कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम श्री राय ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के नैतिक विकास के लिए आयोजित की गई है। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को अतिरिक्त क्लास की सुविधा मिलेगी जिससे कक्षा एक से पांच तक के बच्चे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर आगंतुकों का मन मोह लिया। समिधा के प्रेसिडेंट डॉ सतेंद्र नारायण पांडेय ने बताया कि दो विधालय में बच्चों के पठन पाठन के लिए अतिरिक्त क्लास चलाकर बच्चों को और सशक्त और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे गरीब बच्चे भी ट्यूशन के झंझट से मुक्त हो सके। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार लोक शिकायत पदाधिकारी सुजीत कुमार, जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीससदस्य मधुसूदन पटेल, सीओ प्रिया आयार्नी, बीडीओ विकास कुमार सिंह, पीओ डॉ भागीरथ प्रसाद, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मुखिया हरेंद्र दास, ज्ञानशाला के सीईओ चिरंतन, ज्ञानशाला के बिहार राज्य प्रभारी श्वेता श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं सीमा पर सर्तकता बरतने का निर्देश

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमा क्षेत्र में संदिग्धों की गति विधियों पर नजर रखने एवं भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने को लेकर एसपी ने गोबरहिया व रामनगर थाना क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। एसपी व एसएसबी 65 वीं वाहिनी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने संयुक्त रूप से भारत नेपाल सीमा स्थित गांव में बने सुरक्षा चौकिया का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अलर्ट रहने को लेकर एसएसबी अधिकारियों एवं जवानों को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी व एसएसबी कमांडेंट ने संयुक्त रूप से गोबरहिया थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया जहां उन्होंने विभिन्न संचिकाओ के रखरखाव एवं विधि व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर थानाध्यक्ष से जानकारी ली। इसके बाद एसपी ने रामनगर थाने का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए संचिकाओं की समीक्षा की। थाने में लंबित वारंटो एवं कुर्की जब्ती के मामलों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके बाद एसपी ने शहर की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं नगर थाना क्षेत्र के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और शहर की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की मॉनिटरिंग करते हुए पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांजलि जायसवाल के साथ रामनगर पुलिसइंस्पेक्टर रामनगर थानाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक सड़क पर बना दी दीवार

### डीएम से मुहल्लेवासियों ने लगायी गुहार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज नगर परिषद के वार्ड संख्या-16 के मिश्रा मार्ग रोड पर बने अधूरे सड़क पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। सड़क पर ईंट की पक्की दीवार खड़ी कर दी गई है। इससे मोहल्ले के लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी असर्फी प्रसाद ने इसकी शिकायत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय से की है।असर्फी प्रसाद ने बताया कि यह सड़क शिवगंज चौक से महात्मा गांधी मार्ग को जोड़ती है। नगर परिषद नरकटियागंज ने इस सड़क का निर्माण कराया था। यह सड़क खाता संख्या 06, खेसरा संख्या 553/12 और 443 में स्थित है। सड़क का निर्माण अधूरा है। इसी अधूरी सड़क पर रमन मिश्र और उनके पुत्र राहुल कुमार मिश्र ने कब्जा कर लिया है। दोनों कोराड मुहल्ला, वार्ड नंबर 16 के निवासी हैं।शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों ने अपनी दबंगई के बल पर सड़क पर दीवार खड़ी कर दी है। इससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मोहल्ले के लोग इस रास्ते से रोजाना आते-जाते हैं। अब रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। असर्फी प्रसाद ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ताकि लोग फिर से इस रास्ते का उपयोग कर सकें। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है।

## संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं सीमा पर सर्तकता बरतने का निर्देश

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमा क्षेत्र में संदिग्धों की गति विधियों पर नजर रखने एवं भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने को लेकर एसपी ने गोबरहिया व रामनगर थाना क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। एसपी व एसएसबी 65 वीं वाहिनी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने संयुक्त रूप से भारत नेपाल सीमा स्थित गांव में बने सुरक्षा चौकिया का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अलर्ट रहने को लेकर एसएसबी अधिकारियों एवं जवानों को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी व एसएसबी कमांडेंट ने संयुक्त रूप से गोबरहिया थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया जहां उन्होंने विभिन्न संचिकाओ के रखरखाव एवं विधि व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर थानाध्यक्ष से जानकारी ली। इसके बाद एसपी ने रामनगर थाने का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए संचिकाओं की समीक्षा की। थाने में लंबित वारंटो एवं कुर्की जब्ती के मामलों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके बाद एसपी ने शहर की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं नगर थाना क्षेत्र के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और शहर की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की मॉनिटरिंग करते हुए पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांजलि जायसवाल के साथ रामनगर पुलिसइंस्पेक्टर रामनगर थानाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## दृष्टि बदलिए, सृष्टि बदलेगी : रामलाल




**महाराजगंज /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन महाराजगंज सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया था . समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने कहा कि सभी प्रधानाचार्यों को 'नींद और निंदा' से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल बैठकों में निर्धारित करने से कुछ नहीं होगा, उसे विद्यालय स्तर पर पूरी गंभीरता से लागू भी करना होगा. श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा जैसी हमारी दृष्टि होगी, वैसी ही हमारी सृष्टि होगी. उन्होंने प्रधानाचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और शिक्षकों को प्रेरित करें कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान दें. बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना, विद्यालयों में अनुशासन कायम रखना तथा छात्रों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना है. इस अवसर पर छपरा, सीवान व गोपालगंज जिलों के सभी विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य बन्धु भगिनी उपस्थित थे. प्रदेश सचिव श्री सिंह ने कहा कि हमारे पंच प्राण भैया-बहनें, आचार्य, प्रधानाचार्य, समिति और समाज झ्र शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं. उन्होंने कहा कि विद्या भारती ऐसी शिक्षा प्रणाली पर कार्य कर रही है जो छात्रों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्य, देशभक्ति, समाज कल्याण और सेवा भाव के लिए तैयार करती है. ऐसे छात्र-छात्राएं जीवन के मूल उद्देश्यों को समझते हुए जन्म-मरण से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं. बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सारण विभाग कार्यवाह प्रभात रंजन, विद्या भारती सीवान विभाग के संयोजक प्रो रवीन्द्र पाठक, विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, सुरेश प्रसाद सिंह, कौशलेंद्र प्रताप, शिवेंद्र विनोद कुशवाहा भी उपस्थित रहें.

## भोजपुरी के धरोहर तैयब हुसैन पीड़ित का निधन, दी गई श्रद्धांजलि



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुरी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार, समीक्षक, कवि व कहानीकार तैयब हुसैन पीड़ित के निधन पर सोमवार को बच्चू पाण्डेय कला विथी के तत्वावधान में शोक सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता ज्योतिष पाण्डेय ने की। जिसमें सारण के साहित्यकारों, कवियों, चिंतकों, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर शंभू कमलाकर मिश्र, दक्ष निरंजन शंभू, रिपुंजय निशांत, चंद्रभूषण वर्मा, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद, शिशिर कुमार, शकील अनवर, कृष्ण मेनन व ज्योतिष पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि पीड़ित की पहली भोजपुरी कहानी संग्रह बीछउतीया का प्रकाशन लगभग 50 वर्ष पूर्व हुआ था, जिसे साहित्यिक जगत में सराहना मिली। उन्होंने भिखारी ठाकुर पर शोध कर अकादमिक जगत का ध्यान इस महान लोकनाटककार और कवि की ओर आकृष्ट किया। आज भिखारी ठाकुर का नाम भोजपुरी साहित्य में जाना-पहचाना है, तो इसके पीछे तैयब हुसैन पीड़ित का अहम योगदान रहा है।

## धूमधाम से मना आनंद पूर्णिमा महोत्सव



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आनंद मार्ग आश्रम बानुछापर में आनंद मूर्ति जी का 104 वें जन्मोत्सव को भक्तों ने धूमधाम से मनाया। जन्मोत्सव करीब 6 बजे, से शंख ध्वनि के साथ परमपिता बाबा की जय, आनंद मार्ग अमर है मानव मानव एक है, मानव का धर्म एक है, चूल्हा- चौका एक है, मानव समाज एक आदि नारों से आसमान को गुंजमान बनाए हुए नजर आए, वही आनंद मार्ग प्रचारक संघ बेतिया शाखा के डीएसएल आचार्य अवरतिकी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि यदा यदा ही धर्मस्य.... अर्थात युग में जब धर्म की हानि होती है तब मैं आता हूं। प्रथम तारक ब्रह्म सदाशिव द्वितीय, तारक ब्रह्मा श्री कृष्ण, तृतीया तारक ब्रह्म भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी आए हैं, जीवन जन्म1921 में बैसाखी पूर्णिमा के दिन बिहार के जमालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ था, पारिवारिक दायित्व निभाते हुए सामाजिक संस्थाओं के कारण विश्लेषण उनके निदान योग साधना का शिक्षा देते हुए 1955 में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की स्थापना की, आनंद मार्ग का उद्देश्यआत्म मोक्ष साधन जगत हिताय है, इसी उद्देश्य से आज के जन्म उत्सव कार्यक्रम में कीर्तन, भजन, साधना आदि किया गया। वही बेतिया के बस स्टैंड के पास शीतल पेयजल के रूप में शरबत आ जा रहे हैं यात्री सहित अन्य लोगों को पिलाया गया साथ ही पास के गरीब बस्ती में भोजन का भी वितरण किया गया। आज के आनंद महोत्सव में बेतिया के बाहर के सभी आनंद मार्गी गण भी जन्मोत्सव वितरण कार्यक्रम में भाग लिए।

## प्राचीन पावा में बुद्ध पूर्णिमा की धूम, श्रद्धा और उल्लास से गूंजा गांव

### निर्वाण से पूर्व भगवान गौतम बुद्ध काफी समय व्यतीत किए थे पावा में ● एएसआई के उत्खनन में पावा से मिल चुके हैं कई बौद्धकालीन प्राचीन अवशेष



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय से करीब पांच किलो मीटर पूर्व स्थित पचरुखी प्रखंड का प्राचीन बौद्धकालीन मल्ल जनपद की राजधानी पावा (पपौर) में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई.श्रद्धालु ह्यबुद्धं शरणं गच्छामिह्ण के जयघोष के साथ शामिल हुए. पावा गांव के 32 वर्षो से विकास में जूटे कुशेश्वर नाथ तिवारी एवम बौद्धाचार्य राजदेव बौद्ध के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना करने के बाद पुष्प अर्पित किया.ग्रामीणों ने भव्य आयोजन कर भगवान गौतम बुद्ध की स्मृति को नमन किया.शोभायात्रा, दीप प्रज्वलन और बौद्ध स्तुति के साथ यह पर्व ऐतिहासिक और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ.कुशेश्वर नाथ तिवारी ने बताया यह पर्व हमारे गांव की परंपरा का हिस्सा है.हमें गर्व है कि भगवान बुद्ध का साक्षात संबंध हमारे पावा से रहा है.हम चाहते हैं कि यह ऐतिहासिक स्थल विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए.इसके लिए हर साल हम बुद्ध पूर्णिमा को विशेष रूप से मनाते हैं.इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, बल्कि यह आयोजन प्राचीन धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है.इस अवसर पर सोनेलाल बौद्ध, बंटी कुशवाह, सुष्मिता कुशवाहा, राहुल,राकेश,रघुनाथ, रूपा कुमारी, सुलेहरा देवी कुमार एवं हजारों ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थे. निर्वाण प्राप्ति के पूर्वाद्ध में भगवान बुद्ध ने काफी समय व्यतीत किए थे पावा में ऐतिहासिक तथ्यों,किदवंतियों व समय-समय पर मिले ऐतिहासिक साक्ष्यों से पता चलता है कि भगवान गौतम बुद्ध ने अपने निर्वाण प्राप्ति के पूर्वाद्ध में यहां पर काफी समय व्यतीत किया था.सर्व प्रथम डॉ. होय नामक अंग्रेज विद्धान ने पावा की खोज की थी.उन्होंने यहां पर तांबे के कुछ इंडों बैक्ट्रियन सिक्कों को भी खोजा था.भगवान गौतम बुद्ध अपनी अंतिम यात्रा के क्रम में भोग नगर से चलकर पावा पहुंचे थे और चुंद नामक सोनार के आम्रवन में ठहरे थे.ग्रामीण कुशेश्वर नाथ तिवारी के अथक प्रयासों के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा पावा गांव की खुदाई की गई. खुदाई के दौरान कई प्राचीन बौद्ध कालीन अवशेषों के मिलने के बाद बौद्ध धर्मावलंबियों ने पावा गांव का भ्रमण किया. व्हेन सांग एवं फाहियान के द्वारा खोज की गई 12 स्तूपो का कुशेश्वर नाथ तिवारी द्वारा पता लगाया गया तथा 2008 में इन्होंने "फुट प्रिंट ऑफ द बुद्धा सेंड ऑफ द टाइम्स" नामक पुस्तक में संकलित भी किया.

## गोली मारकर गंभीर रूप से घायल किया

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के सोनार पट्टी मोहल्ले में₹50000 उधार वापस नहीं करने पर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल सोनार टोली निवासी सहदेव प्रसाद के पुत्र शुभम सोनी उर्फ बटला है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक साल पहले शुभम सोनी ने अपने मित्र व पड़ोसी पियूष सोनी को दुकान के हिसाब किताब और उधार में₹50000 दिया था। उधार पैसे लेने के लिए बार-बार दोनों के बीच तू तू मैं मैं हो रही थी। रविवार की देर रात शुभम पियूष से पैसे लेने के लिए दबाव बनाने लगा। इस दौरान दोनों के बीच मारपीट भी हुई।

## भोज खाने को लेकर हुई बारातियों व घरातियों में मारपीट, एक दर्जन से अधिक घायल



**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार की रात यूपी के बलिया जनपद के वाजितपुर मोचही गांव से मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में आई बारात में भोज को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि बाराती व घराती आपस में भिड़ गए। जमकर हुई मारपीट में एक दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। जिनका इलाज आसपास के निजी अस्पतालों में कराया गया। घटना के कुछ देर बाद गांव के प्रबुद्ध लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। जिसके बाद शादी की रस्म पूरी की गई। हालांकि विवाद यहीं नहीं रुका। सोमवार की सुबह बारात विदा होने के बाद जब बाराती मांझी रोड स्थित सलेमपुर के समीप पहुंचे, तो आरोप है कि घरातियों ने उन्हें घेर लिया और दूल्हे समेत उसके परिजनों के साथ मारपीट की। इस दौरान बीच सड़क पर हो रही झड़प की सूचना पुलिस को दी गई। मांझी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया और दूल्हा-दुल्हन को सुरक्षा में मांझी के सरयु नदी पर स्थित जयप्रभा सेतु तक पहुंचाया। बताया गया है कि मुबारकपुर निवासी राजकुमार बीन की पुत्री की शादी बलिया के वाजितपुर मोचही निवासी दसई बीन से हो रही थी। इसी बीच बरात में भोज खाने को लेकर विवाद हो गया।

# अनियंत्रित कार ने यात्री शेड में मारी टक्कर, चालक की मौत



■ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को हायर सेंटर किया गया रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के गया- दाउदनगर एनएच 120 पर सोमवार की दोपहर कैथी नहर के समीप एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे स्थित यात्री शेड में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में चालक की मौत हो गई वहीं वाहन में बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया है। मृतक चालक की पहचान नासरीगंज थाना क्षेत्र के तरांव गांव निवासी 50 वर्षीय विनोद राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के धोवडीहा निवासी हरेंद्र तिवारी की पत्नी बेबी देवी अपने ससुराल धोवडीहा से नीजी वाहन पर सवार होकर अपने मायके बंदेया थाना क्षेत्र के मलहद गांव अपने भाई कुमुद शर्मा के घर शादी समारोह में सोमवार की सुबह पहुंची थी। सभी परिजनों से मुलाकात के बाद वापस अपने घर जा रही थी। जैसे ही कैथी नहर के समीप पहुंची की अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ जाने से वाहन ने यात्री शेड में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ड्राइवर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं वाहन में सवार महिला बेबी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में खुला फिलिप्स लाइट प्लस का भव्य शो रूम

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने किया उद्घाटन, कहा- लोगों को होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के सामने फिलिप्स लाइट प्लस शो रूम का उद्घाटन सोमवार को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने प्रतिष्ठान के संचालक अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को बधाई दी। साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, तब तक किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। हमारी सरकार भी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। श्री सिंह ने कहा कि औरंगाबाद में इस तरह का शो रूम खुल जाने से लोगों को इलेक्ट्रिकल सामान खरीदने में आसानी होगी। यह शो रूम आधुनिक इलेक्ट्रिकल सामानों से सजी हुई है। लोगों को आधुनिक सामानों की खरीदारी के लिए बाहर जाना पड़ता था, अब उन्हें औरंगाबाद में ही उपलब्ध करा दिया जाएगा। इससे ग्राहकों को खर्च के अलावा परेशानी भी





उठानी पड़ती थी। दुकान खुलने से लोगों में उत्साह देखा गया। संचालक अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि यह शो रूम ग्राहकों की घरेलू, पार्क, कार्यालय, बड़े एवं छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इलेक्ट्रिकल लाइटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खुला है। यहां फिलिप्स एवं इको लिंक लाइट के उत्पादों की विस्तृत रेंज और पंखों का यह बेहतर प्रतिष्ठान साबित होगा। इस शो रूम में कम-से-कम कीमत में ग्राहकों को सामान मिलता है। यह फिलिप्स लाइट प्लस औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले का एकमात्र शो रूम है। इस

■ औरंगाबाद में खुला शो रूम औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर का एकमात्र शो रूम

अवसर पर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप, भाजपा के महामंत्री सतीश कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद राणा प्रताप सिंह, कर्नल सुधीर सिंह, नगर पार्षद अशोक सिंह, केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसो. के सतीश कुमार सिंह, फिलिप्स लाइट के कई वरिष्ठ अधिकारी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा ने की नयी मंडल कमिटी की घोषणा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा मंडल कार्यालय अम्बा में सोमवार को बैठक कर कुटुंबा मंडल पूर्वी के नए कमिटी की घोषणा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान की उपस्थिति में घोषणा करते हुए कहा कि कमिटी में समाज के सभी वर्गों व महिलाओं को उचित स्थान दिया गया है। अनुज सिंह, पूनम देवी, पंकज सिंह, डॉ. अरुण कुमार वर्मा, गुंजा सिंह, निक्कू सिंह को उपाध्यक्ष, अभय पासवान, अमरेंद्र कुमार सिंह को महामंत्री, सुजीत सिंह, रामबदन पासवान, मंजू देवी, कंचन देवी, मालती देवी, अजित गुप्ता को मंत्री, चंदन तिवारी को कोषाध्यक्ष, श्रीमन पांडेय और अखिलेश पांडेय को मीडिया प्रभारी तथा चंदन गिरी और कुश कुमार सिंह को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवीण कुमार ने नवमनोनीत सदस्यों से अपील किया है कि वे निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगें और पार्टी की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करेंगे

# भीषण गर्मी के मद्देनजर बदला स्कूलों का समय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिलाधिकारी ने सोमवार 13 मई से स्कूल का समय बदल दिया है। जिले के सभी स्कूलों में सुबह 11:30 के बाद कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया दिया गया है। यह प्रतिबंध आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी लागू किया गया है। सुबह 11:30 बजे के बाद कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध 17 मई तक जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों को इसका शक्ति से पालन करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए कहा कि जिले में रह रहे अधिक तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह प्रभाव 17 मई तक लागू रहेगा।

# हर वादे को पूरा करेगी तेजस्वी सरकार : सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम चला रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कुटुंबा विधानसभा अंतर्गत अंबा की एक निजी प्रतिष्ठान में सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा तथा संचालन जगन यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष (आपदा प्रबंधन) डॉ. पी के चौधरी, पूर्व विधायक डॉ. अनवर आलम, पूर्व विधायक समता देवी,



प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा) धनंजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश पासवान ने बिहार में डबल इंजन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार विकास के हर मानक पर फेल है। इस बार जनता तख्तापलट कर उनके कामों का हिसाब करेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर तेजस्वी यादव के हर वादे को पूरा किया जाएगा। माई बहिन मान योजना के तहत माताओ बहनों को 2500 रू. प्रति माह दिए जाएंगे, वहीं वृद्धजन पेंशन योजना राशि को बढ़ाकर 1500 रुपए किया जाएगा। प्रदेश में उद्योग धंधे लगाए जाएंगे और पलायन रोककर युवाओं को नौकरियां दी जाएगी। डॉ. पासवान ने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि घर- घर जाकर राष्ट्रीय जनता दल के वादों को बताएं। इस मौके पर राजद जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर जगन यादव, मुखिया मंजीत यादव, मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू यादव, मधु मंजरी, राजकुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# ओबरा पीएनबी में नए वरीय प्रबंधक ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** पंजाब नेशनल बैंक ओबरा मे नए वरीय प्रबंधक संतोष कुमार ने मंगलवार को प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों की बेहतर सेवा देना ही हमारी मुख्य प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानियां न हो, इसके लिए सजग रहेंगे और बुजुर्ग, दिव्यांग तथा पेंशनरों के कार्यों के प्रति बैंक प्रबंधन द्वारा सजगता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी



ग्राहकों से आग्रह किया कि ग्राहक बैंक आए और जमा निकासी करे। उन्होंने ग्राहकों को पैसा निकासी के बाद काउंटर पर रुपए की गिनती करने को निर्देशित किया।

# ग्रामीणों ने जताया विरोध

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** लो वोल्टेज और बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। रतनपुर पंचायत स्थित कारा मोड़ व कंचन बिगहा गांव के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि गर्मी में विभाग द्वारा बिजली की कटौती की जा रही है। लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है। कभी बिजली की सप्लाई हो रही है तो लो वोल्टेज से उपभोक्ताओं को फायदा नहीं हो रहा है। बिजली की आंख मिचौली से बच्चों की पढ़ाई और खेती प्रभावित हो रही है।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन के लिए सभी सीटों पर बसपा लड़ेगी चुनाव : रामजी गौतम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा सोमवार को बारुन मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध भवन में नबीनगर विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक का भव्य आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर आयोजित की गई, जिसमें बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय, प्रांतीय और स्थानीय स्तर के कई नेता शामिल हुए। बैठक के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक रामजी गौतम रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में अनिल कुमार और उमाशंकर




गौतम (केंद्रीय प्रदेश प्रभारी) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीरेंद्र राम ने की जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी रामएकबाल राम ने निभाई। बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि बिहार अब परिवर्तन की ओर बढ़ चला है। बहुजन समाज पार्टी अब मात्र विकल्प नहीं, बल्कि सत्ता का स्थायी विकल्प बनने जा रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। बहन मायावती की दृष्टि बिहार पर है और रामजी गौतम लगातार संघर्षरत हैं। वहीं रामजी गौतम ने बेहद स्पष्ट लहजे में कहा कि बहुजन समाज पार्टी इस बार राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हम न गठबंधन में विश्वास रखते हैं, न हमें बैसाखी की जरुरत है। हमारी ताकत हमारी जमीन और हमारा समाज है। जो दल बसपा पर समीकरण बिगाड़ने का आरोप लगा रहे हैं, वे खुद अकेले लड़ कर देख लें। उन्हें अपनी ताकत का एहसास हो जाएगा। बसपा नेता ने कहा कि आज की बैठक महज समीक्षा नहीं, बल्कि परिवर्तन की बुनियाद है। हम पूरे प्रदेश में इस तरह की बैठकें लगातार करेंगे और उसी आधार पर प्रत्याशियों की घोषणा भी की जाएगी। वक्ताओं ने बहुजन समाज के संगठनात्मक विस्तार और समाज के सबसे वंचित तबकों को मुख्यधारा में लाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में रामएकबाल राम, मनोज राम, प्रेमचंद राम, संजय मंडल, पवन के साथ स्थानीय कार्यकर्ता, पदाधिकारियों और समर्थकों की भारी उपस्थिति रही।

# मातृ दिवस पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** मातृ दिवस के मौके पर बारुन प्रखंड के उच्चतर उच्च विद्यालय तमोली मे छात्रों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के छात्र छात्राओं को अपनी मां के प्रति हमेशा सम्मान की भावना बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने



मातृ शक्ति की ममता, त्याग और प्रेरणा को जीवंत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि मां की ममता जीवन को संजीवनी देती है। हमे हिम्मत और सुरक्षा का अहसास कराती है। किसी भी विशेष परिस्थिति मे भी मां कभी नहीं थकती बल्कि मुस्कुराती है। कार्यक्रम मे बच्चों ने अंग्रेजी भाषण एवं हिन्दी मे कविता के साथ अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। छात्रों ने भी मां के प्रति प्रेम और आभार को गहराया। छात्रों ने अपनी कविता एवं शायरी से सभी को आनंदित किया। इस मौके पर शिक्षक विश्वनाथ रजक एवं अरुण कुमार ने भी मां की ममता और प्रेम पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शराब बेचता युवक धराया, जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** घर के आगे शराब बेच रहे एक युवक को फेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के चातर खास निवासी मुन्ना कुमार के रूप में की गई हैं। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मादक पदार्थों यथा अन्य अपराधों की रोकथाम को लेकर निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली की चातर खास में एक युवक अपने घर के आगे शराब की बिक्री कर रहा है जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने 20 लीटर देसी शराब के साथ मुन्ना कुमार को गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत युवक को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न केवल सख्त कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी।


